ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23 पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

रांची का तापमान
अधिकतम 30°
न्युनतम 23°

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र

सुविचार
उस ज्ञान का कोई लाभ नहीं, जो समाज के हित में ना हो !

रांची, सोमवार 30.10.2023 वर्ष 10, अंक 295 RNI No. - JHAHIN/2014/59110



हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार 30.10.2023 वर्ष 10, अंक 295
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
आप में कितनी भी प्रतिभा क्यों न हो, प्रयास और अभ्यास के बिना सब व्यर्थ है !

## क्विक न्यूज

### आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में दो ट्रेनों की टक्कर, 3 की मौत, कई घायल

**विशाखापत्तनम :** आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में दो ट्रेनों की टक्कर हो गई है। हादसे में 10 लोग घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक,विशाखापत्तनम से आ रही एक यात्री ट्रेन रायगढ़ा जा रही थी। कुछ रिपोर्ट में तीन लोगों की मौत होने का भी दावा किया जा रहा है। यह भी दावा किया गया कि एक एक्सप्रेस ट्रेन खड़ी रेलगाड़ी से टकरा गई। आंध्र प्रदेश के सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया और अधिकारियों को घायल लोगों को सहायता प्रदान करने का आदेश दिया। सीएमओ के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने तत्काल राहत उपाय करने और विजयनगरम के निकटतम जिलों विशाखापत्तनम और अनाकापल्ली से अधिक से अधिक एम्बुलेंस भेजने और अच्छी चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए आसपास के अस्पतालों में उचित व्यवस्था करने का आदेश दिया।

### ट्रक और कार की टक्कर में सात लोगों की मौत

**जयपुर :** हनुमानगढ़ में तेज स्पीड में ओवरटेक करना एक परिवार को भारी पड़ गया। कार के सामने से आ रहे ट्रक में टकराने से तीन बच्चों सहित सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दो गंभीर घायल बच्चों को बीकानेर रेफर किया गया है। हादसा इतना भयावह था कि कार पूरी तरह से पिचक गई और कार के पार्ट्स दूर तक बिखर गए। हादसा हनुमानगढ़ सरदारशहर-मेगा हाइवे पर गांव लखूवाली शेरगढ़ के बीच हुआ। एसपी डॉ. राजीव पचार ने बताया कि रिट्ज कार में बच्चों सहित नौ लोग सवार थे। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, नौरंगदेसर निवासी गुरबचन सिंह मजबी का परिवार गांव से अपनी कार में सवार होकर घर से चार किलोमीटर दूर गांव आदर्शनगर में एक बर्थडे पार्टी में शामिल होकर लौट रहे थे। इसी बीच रात करीब 10 बजे हनुमानगढ़ से सरदारशहर मेगा हाइवे पर गांव लखूवाली शेरगढ़ के बीच ओवर स्पीड में ओवरटेक करने के कारण कार सामने से आ रहे सीमेंट से भरे ट्रक से टकरा गई।

### सड़क हादसे में एलआईसी के दो एजेंटों की मौत, चार जख्मी

**रायबरेली :** नसीराबाद थाना क्षेत्र में रविवार को लोडर की टक्कर में एक बोलेरो खाई में पलट गई। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई और चार घायल हैं। बोलेरो सवार एलआईसी के एजेंट थे और एक मीटिंग में हिस्सा लेने फैजाबाद जा रहे थे। नसीराबाद थाना क्षेत्र के सलोन जायस मार्ग पर टेड़वा पुल पर रविवार को सामने से आ रही लोडर ने बोलेरो में टक्कर मार दी। चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर पाया, जिससे वह गहरी खाई में पलट गया। स्थानीय लोगों ने घायलों को नसीराबाद सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने हटका ऊंचाहार निवासी संजीव शुक्ल (45) और विकास शुक्ल (43) को मृत घोषित कर दिया। शिव कुमार तिवारी, सुधीर कुमार, संदीप तिवारी और शनि शुक्ला के सिर पर गंभीर चोट होने से प्राथमिक चिकित्सा के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है। लोडर चालक मौके से भाग निकला। नसीराबाद थानाध्यक्ष रामलखन ने बताया कि बोलेरो में सवार सभी लोग एलआईसी के एजेंट और एक मीटिंग में भाग लेने के लिए फैजाबाद जा रहे थे। इस हादसे में दो लोगों की मौत हुई है और घायल हुए चार लोगों का इलाज चल रहा है।

### मराठा आरक्षण के समर्थन में शिवसेना सांसद हेमंत पाटिल ने लोकसभा अध्यक्ष को भेजा इस्तीफा

**मुंबई :** महाराष्ट्र के हिंगोली से शिवसेना सांसद हेमंत पाटिल ने मराठा आरक्षण के समर्थन में लोकसभा अध्यक्ष के पास अपना इस्तीफा भेजा है. उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष को रविवार को अपना इस्तीफा भेजा.हेमंत पाटिल बीते दिनों उस समय चर्चा में आए थे जब उन्होंने नांदेड़ के एक सरकारी अस्पताल में मरीजों की मौत के बाद अस्पताल के डीन से शौचालय साफ करवाया था. पाटिल के खिलाफ पुलिस में मामला भी दर्ज कराया गया था।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 30° |
| न्यूनतम | 23° |

**पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों को त्योहारों की दी बधाई**

# वोकल फॉर लोकल हो हमारी प्राथमिकता : मोदी

*** 15 नवंबर को पूरा देश जनजातीय गौरव दिवस मनाएगा**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो प्रोग्राम मन की बात के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में त्योहारों को लेकर उमंग है। मैं देशवासियों को आने वाले त्योहारों की बधाई देना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी हमारे त्योहारों में हमारी प्राथमिकता वोकल फॉर लोकल हो और हम मिलकर उस सपने को पूरा करें। हमारा सपना आत्मनिर्भर भारत है।पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया का बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बन रहा है। कई बड़े ब्रांड यहीं पर अपने प्रोडक्ट को तैयार कर रहे हैं। अगर हम उन प्रोडक्ट को अपनाते हैं, तो मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलता है। ये भी लोकल फॉर वोकल ही होना है। उन्होंने कहा कि प्रोडक्ट को खरीदते समय यूपीआई का इस्तेमाल करें। इसे जीवन में एक आदत बना लें। पीएम मोदी ने कहा कि 15 नवंबर को पूरा देश जनजातीय गौरव दिवस मनाएगा.

यह विशेष दिन भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती से जुड़ा है. भगवान बिरसा मुंडा हम सब के हृदय में बसे हैं. सच्चा साहस क्या है और अपनी संकल्प शक्ति पर अडिग रहना किसे कहते हैं, ये हम उनके जीवन से सीख सकते हैं.




### देश के कोने-कोने की मिट्टी से अमृत वाटिका का निर्माण

मन की बात में पीएम मोदी ने कहा, मैंने पिछले दिनों देश के हर गांव से, हर घर से मिट्टी संग्रह करने का आग्रह किया गया था।
हर घर से मिट्टी संग्रह करने के बाद उसे कलश में रखा गया और फिर अमृत कलश यात्राएं निकाली गई।
देश के कोने-कोने से एकत्रित की गई ये माटी, ये हजारों अमृत कलश यात्राएं अब दिल्ली पहुंच रही हैं।
यहां दिल्ली में उस मिट्टी को एक विशाल भारत कलश में डाला और इस पवित्र मिट्टी से दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण होगा।

### 31 अक्टूबर का बताया प्लान

पीएम ने कहा, 31 अक्टूबर को एक बहुत बड़े राष्ट्रव्यापी संगठन की नींव रखी जा रही है और वो भी सरदार साहब की जन्म जयंती के दिन। इस संगठन का नाम है- मेरा युवा भारत, यानी माई भारत. माई भारत संगठन, भारत के युवाओं को राष्ट्रनिर्माण के विभिन्न आयोजनों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का मौका देगा।

### लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को पीएम मोदी ने किया याद

प्रधानमंत्री ने कहा कि 31 अक्टूबर का दिन हम सभी के लिए बहुत खास होता है। इस दिन हमारे लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म जयंती मनाते हैं। उन्होंने कहा कि हम भारतवासी उन्हें कई वजहों से याद करते हैं और श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं। सबसे बड़ी वजह देश की 580 से ज्यादा रियासतों को जोड़ने में उनकी अतुलनीय भूमिका है।



# भारत ने इंग्लैंड को हराया दर्ज की लगातार छठी जीत

**मेजबान भारत ने अभी तक खेले अपने सभी छह मैचों में जीत दर्ज कर विपक्षी टीमों को वॉर्निंग दे दी है. टीम इंडिया के अलावा इस टूर्नामेंट में बाकी 9 टीमें कम से कम अपना एक मैच गंवा चुकी हैं. इस जीत के साथ टीम इंडिया ने पॉइंट टेबल में नंबर वन की कुर्सी हथिया ली है.**



एजेंसी

**नई दिल्ली.** भारत का आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 में अजेय अभियान जारी है. लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए लो स्कोरिंग मुकाबले में टीम इंडिया ने इंग्लैंड को 100 रन से हराकर मौजूदा वर्ल्ड कप में जीत का 'सिक्सर' लगाया. रोहित शर्मा एंड कंपनी लगातार 6 जीत के साथ विश्व कप के सेमीफाइनल में तकरीबन प्रवेश कर गई है. टीम इंडिया अंतिम 4 का टिकट कटाने वाली पहली टीम बन गई है. मेजबान भारत ने अभी तक खेले अपने सभी छह मैचों में जीत दर्ज कर विपक्षी टीमों को वॉर्निंग दे दी है. टीम इंडिया के अलावा इस टूर्नामेंट में बाकी 9 टीमें कम से कम अपना एक मैच गंवा चुकी हैं. इस जीत के साथ टीम इंडिया ने पॉइंट टेबल में नंबर वन की कुर्सी हथिया ली है. भारत ने साउथ अफ्रीका को नंबर वन से धकेलकर टॉप पर वापसी की।भारत की ओर से रखे गए 230 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जोस बटलर की कप्तानी वाली टीम 34.5 ओवर में 129 रन बनाकर पवेलियन लौट गई. इंग्लैंड की ओर से लियाम लिविंगस्टोन ने 27 रन बनाए वहीं डाविड मलान 16 रन बनाकर पवेलियन लौटे. जो रूट और बेन स्टोक्स खाता भी खोल सके वहीं बेयरस्टो ने 14 रन का योगदान दिया. कप्तान बटलर 10 रन बनाकर आउट हुए.भारत की ओर से तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सबसे ज्यादा 4 विकेट चटकाए जबकि जसप्रीत बुमराह ने 3 वहीं कुलदीप यादव के खाते में 2 विकेट गए. जडेजा ने एक विकेट लिया. वर्ल्ड कप में टीम इंडिया का इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में सबसे छोटा स्कोर है. इससे पहले भारत ने 1999 के वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट पर 232 रन बनाए थे, जो उसका वर्ल्ड कप इतिहास का सबसे छोटा स्कोर था।

### रोहित शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पूरे किए 18 हजार रन

रोहित शर्मा ने अपनी शानदार पारी के दौरान एक खास उपलब्धि हासिल कर ली। रोहित के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18 हजार रन पूरे हो गए। रोहित ने 52 टेस्ट मैचों में 3677 रन, 257 वनडे में 10510 रन और 148 टी20 में 3853 रन बनाए हैं। इस तरह हिटमैन के 457 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कुल 18040 रन हो गए हैं। वह 18 हजार रन पूरे करने वाले भारत के पांचवें बल्लेबाज बन गए। इस विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में रोहित शर्मा शीर्ष पांच में शामिल हो गए हैं।
उनके छह मैचों में 398 रन हो गए हैं। रोहित ने 66.33 की औसत और 119.16 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। वह इस विश्व कप में अपना दूसरा शतक लगाने से चूक गए। अगर वह सैकड़ा लगा देते तो उनके विश्व कप इतिहास में आठ शतक हो जाते। वह अभी सबसे ज्यादा सात शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं।

# किसान खुशहाल तो भारत खुशहाल : राहुल



*** राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ के खेत में मजदूरों संग काटी धान की फसल**

एजेंसी

**रायपुर :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ में किसानों के लिए लागू की गई पांच योजनाओं को लेकर रविवार को कहा कि इस मॉडल को पूरे भारत में दोहराया जाएगा. राहुल शनिवार से चुनावी राज्य छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर हैं. वह रविवार को राजनांदगांव और कवर्धा निर्वाचन क्षेत्रों में दो चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे.कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बताया कि राहुल ने रविवार सुबह रायपुर के करीब कठिया गांव का दौरा किया और धान की फसल की कटाई में किसानों तथा मजदूरों की मदद की. इस दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत भी की. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और अन्य नेता भी राहुल के साथ मौजूद थे.पार्टी ने धान के खेत में काम कर रहे किसानों के साथ राहुल की तस्वीरें भी जारी की हैं. राहुल ने यही तस्वीरें अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट कीं और लिखा, किसान खुशहाल तो भारत खुशहाल! छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए कांग्रेस सरकार के पांच सबसे बेहतरीन काम, जिन्होंने उन्हें भारत में सबसे खुशहाल बनाया, 1-धान पर एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) 2,640 रुपए प्रति क्विंटल, 2-26 लाख किसानों को 23,000 करोड़ रुपए की इनपुट सब्सिडी, 3-19 लाख किसानों का 10,000 करोड़ रुपए का कर्ज माफ, 4-बिजली का बिल आधा, 5-पांच लाख कृषि मजदूरों को 7,000 रुपए प्रति वर्ष. एक ऐसा मॉडल, जिसे हम पूरे भारत में दोहराएंगे.

**केरल बम धमाके के बाद देश भर में अलर्ट जारी**

# वर्ल्ड कप मैच से पहले मुंबई में बढ़ाई गई सुरक्षा

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केरल के कोच्चि स्थित एक कन्वेंशन सेंटर में रविवार को धमाका हुआ। इस धमाके में केवल एक व्यक्ति के मारे जाने की खबर है। पुलिस के मुताबिक लगभग 25 लोग घायल हुए हैं।धमाके के बाद ब्लास्ट की जांच करने के लिए एनआईए की टीम को घटनास्थल पर पहुंची और जांच की। अभी तक जांच में पुलिस को घटनास्थल से आईईडी धमाके के सबूत मिले हैं। इस बीच मुंबई, दिल्ली और यूपी में अलर्ट जारी कर दिया गया है। बता दें कि मुंबई स्थित वानखेड़े स्टेडियम में 2 नवंबर को मैच होने वाला है। इस बीच केरल धमाके को देखते हुए वर्ल्ड कप मैच के लिए सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता किए जा रहे हैं और स्टेडियम के आसपास निगरानी बढ़ाई जा रही है। साथ ही फेस्टिवल सीजन को ध्यान में रखते हुए वाइटल इंस्टालेशन की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की जा रही है। बता दें कि केरल में एक के बाद एक 3 धमाके देखने को मिले हैं। प्राइमरी जांच में यह बात सामने आई है कि टिफिन बम के जरिए धमाका किया गया है। धमाके से ठीक पहले कन्वेंशन सेंटर के बाहर एक कार निकलती दिखी थी, जिसकी तलाश में अब पुलिस जुट चुकी है।केरल में हुए धमाके के बाद देशभर में अलर्ट जारी कर दिया गया है। दिल्ली, मुंबई, उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में भी पुलिस को अलर्ट रखा गया है। भीड़-भाड़ वाले इलाके और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ा दिया गया है। बता दें कि केरल बम धमाके के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से बात की और राज्य की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने एनआईए और एनएसजी को मौके पर पहुंचकर घटना की जांच करने का निर्देश दिया है।इधर धमाके के मामले में एक शख्स ने जिम्मेदारी लेते हुए सरेंडर किया है। शख्स की पहचान डोमेटिक मार्टिन के रूप में हुई है। मार्टिन ने केरल के त्रिशूर जिले के कोडगरा थाने में सरेंडर किया है और ब्लास्ट की जिम्मेदारी ली है।



**इस बीच केरल धमाके को देखते हुए वर्ल्ड कप मैच के लिए सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता किए जा रहे हैं और स्टेडियम के आसपास निगरानी बढ़ाई जा रही है। साथ ही फेस्टिवल सीजन को ध्यान में रखते हुए वाइटल इंस्टालेशन की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की जा रही है।**

# स्कूली छात्र-छात्राओं ने मुआवजे की मांग को लेकर किया घंटो सड़क जाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**दुमका :** दुमका-पाकुड़ मुख्य पथा पर पाकुड़ जिला से सटे जिले के सीमावर्ती थाना गोपीकांदर क्षेत्र में शुक्रवार को जियापानी डाउन के समीप पिकअप वैन और बाइक की टक्कर में तीन युवकों की मौत के बाद मुआवजा समेत अन्य मांगों को लेकर एक बार फिर छात्रों और परिजनों ने रविवार को दुमका-पाकुड़ मुख्य मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया। छात्रों और परिजनों ने सुबह करीब नौ बजे से जाम किया। जो करीब शाम सात बजे तक जाम रही। छात्रों ने आठ घंटे की लंबी जाम में प्रशासन के अलावे आम लोगों को भी काफी समस्या हुई। छात्रों के इस जाम में करीब दोनों तरफ 10 किलोमीटर तक जाम लगी रही। जानकारी के मुताबिक दुर्घटना में मृत छात्र अमड़ापाड़ा प्लस टू हाई स्कूल छात्र थे। छात्रों की मांग में मृत के आश्रितों को 25 लाख मुआवजा, उनके नाम से प्रत्येक वर्ष मैराथन दौड़, प्रत्येक मृत के आश्रितों को सरकारी नौकरी, प्रत्येक को आवास सहित अन्य मांग रखी गई। जाम की सूचना मिलने पर एसडीपीओ, सदर नूर मुस्तफा, पाकुड़ डीएसपी बीएन प्रसाद, काठीकुंड इंस्पेक्टर सुशील कुमार सहित अमड़ापाड़ा थाना पुलिस एवं गोपीकांदर थाना पुलिस के एएसआई राजन सिंह, भरत भूषन सिंह सहित काफी संख्या में पुलिस बल पहुंचे। जाम को देखते हुए भारी संख्या में महिला पुलिस बल को भी तैनात कराया गया। अंततः गोपीकांदर बीडीओ सह सीओ अनन्त कुमार झा पहुंच छात्रों के लिखित आवेदन पर आश्वस्त करने के बाद भी जाम नहीं हटाया गया था।



# संघ के वरिष्ठ प्रचारक रंगाहरि का निधन

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक रंगाहरि का रविवार सुबह कोच्चि के एक अस्पताल निधन हो गया। वे 93 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से बीमार थे। रंगाहरि 1991 से 2005 तक संघ के अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख रहे। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने रंगाहरि के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। संघ के दोनों शीर्ष पदाधिकारियों ने अपने शोक संदेश में कहा है कि रंगाहरि जी के निधन से संघ ने एक गहन विचारक, श्रेष्ठ कार्यकर्ता और व्यावहारिक आदर्श के साथ एक स्नेही और उत्साहवर्धक वरिष्ठजन खो दिया है। रंगाहरिजी ने अपना जीवन पूर्ण एवं सार्थक ढंग से जीया। अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख रहने के दौरान उनके परिचय में आए कई कार्यकर्ता आज पूरे भारत में उनके निधन पर शोक मना रहे होंगे।



उत्तराखण्ड शासन | G20 भारत 2023 INDIA | 75 आज़ादी का अमृत महोत्सव



पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

# डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड

## राज्य में निवेशकों के लिए बेहतर आयाम तैयार कर रही प्रदेश सरकार



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

# देवभूमि में विकास को साकार करती डबल इंजन सरकार

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को आधार बनाते हुए, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में, उत्तराखण्ड विकास के नए मानक गढ़ रहा है। राज्य सरकार औद्योगिक विकास को गति देने के लिए एमएमएमई पर विशेष ध्यान देते हुए आगे बढ़ रही है**

देश को आत्मनिभर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए लोकल विनिर्माण के मंत्र को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निवेश के लिए आधार बनाया है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को प्रोत्साहन देने की दिशा में उत्तराखण्ड सरकार के 'एमएसएमई नीति 2015' पर जोर दिया है। यह नीति समावेशी रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसका उद्देश्य स्थानीय संसाधनों का उपयोग करना है। विशेष रूप से पहाड़ी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करना और स्वरोजगार को बढ़ावा देना है। नीति प्रोत्साहनों के साथ एमएमएमई अन्य सहायताओं के लिए व्यापक पैकेज प्रदान करती है। यह नीति 30 जून, 2023 तक प्रभावी रहेगी। 31 जनवरी, 2015 से पहले स्थापित उद्यम, जो यूनिट विस्तार/आधुनिकीकरण/विविधीकरण (स्थायी पूँज़ी निवेश पर 25प्रतिशत से अधिक के अतिरिक्त के माध्यम से) के दौर से गुजर रही हैं, वह पूंजी निवेश सब्सिडी के लिए भी पात्र होंगे। उन्हें योजना के अधीन ब्याज अनुदान और स्टाम्प शुल्क में छूट मिलेगी। राजकोषीय प्रोत्साहन की सीमा तय करने के लिए राज्य के विभिन्न क्षेत्रों का वर्गीकरण किया गया है। प्रोत्साहन/सब्सिडी की मात्रा के उद्देश्य से राज्य को पांच श्रेणियों में विभाजित किया गया है।

### एसजीएसटी की प्रतिपूर्ति

श्रेणी ए के लिए तैयार उत्पाद की बी2सी बिक्री पर इनपुट टैक्स क्रेडिट के समायोजन के बाद एसजीएसटी की प्रतिपूर्ति पहले 5 वर्षों के लिए 100 प्रतिशत और उसके बाद 90 प्रतिशत है और श्रेणी बी और बी+ के लिए पहले 5 वर्षों के लिए 100 प्रतिशत और उसके बाद 75 प्रतिशत

श्रेणी ए के लिए भूमि के विक्रय विलेख/पट्टा विलेख के पंजीकरण पर स्टाम्प शुल्क की रियायत 100 प्रतिशत हैः श्रेणी बी और बी$ के लिए 100 प्रतिशत हैः श्रेणी सी 100 प्रतिशत हैः और श्रेणी डी के लिए 50 प्रतिशत है





| श्रेणी | शामिल क्षेत्र |
|---|---|
| श्रेणी ए | पिथौरागढ़, उत्तरकाशी, चमोली, चंपावत, रुद्रप्रयाग और बागेश्वर के पूरे जिले |
| श्रेणी बी | अल्मोड़ा का पूरा जिला<br>जनपद पौड़ी गढ़वाल, टिहरी गढ़वाल के समस्त पर्वतीय विकासखण्ड (श्रेणी बी$ के तहत क्षेत्रों को छोडकर)<br>जनपद नैनीताल एवं देहरादून के समस्त पर्वतीय विकास खण्ड। (श्रेणी बी$ के तहत क्षेत्रों को छोड़कर) |
| *श्रेणी बी+ | जिला पौड़ी गढ़वाल के दुगड्डा विकासखण्ड के कोटद्वार, सिगद्दी और आसपास के मैदानी क्षेत्र<br>जिला टिहरी गढ़वाल के फकोट विकासखण्ड के ढलवाला, मुनि की रेती, तपोवन एवं आसपास के मैदानी क्षेत्र<br>नैनीताल जिले को कोटाबाग विकासखण्ड<br>जनपद देहरादून के कालसी विकासखण्ड के मैदानी क्षेत्र |
| श्रेणी सी | रायपुर, सहसपुर, विकासनगर और डोईवाला विकासखण्ड में समुद्र तल से 650 मीटर से ऊपर स्थित क्षेत्र<br>देहरादून जिले के ब्लॉक<br>जनपद नैनीताल के रामनगर एवं हल्द्वानी विकासखण्ड |
| श्रेणी डी | हरिद्वार और उद्यमसिंह नगर के पूरे जिले<br>जनपद देहरादून एवं नैनीताल का शेष क्षेत्र (जो श्रेणी बी, बी+ एवं सी में शामिल नहीं है) |

## राजकोषीय प्रोत्साहन और अनुदान

निवेश प्रोत्साहन सहायता (पूंजीगत अनुदान); संयंत्र एवं मशीनरी तथा कारखाने के निर्माण/कार्य पर स्थायी पूंजी निवेश पर सहायता (पूंजीगत अनुदान) स्वीकार्य होगी। श्रेणी-ए के लिए 40 प्रतिशत (अधिकतम 40 लाख रुपये तक); श्रेणी बी और बीः+ के एिल 35 प्रतिशत (अधिकतम 35 लाख रुपये तक); श्रेणी सी के लिए 30 प्रतिशत (अधिकतम 30 लाख रुपये तक); और श्रेणी डी के लिए 15 प्रतिशत (अधिकतम 15 लाख रुपये तक)।

*पूंजी निवेश सब्सिडी केवल एक स्त्रोत से उपलब्ध होगी, जिसमें केन्द्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित पूंजी निवेश सब्सिडी योजनाओं से मदद मिलगी।

RO2023102619748

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# कुड़माली पत्रिका बिहीन गाड़ही का लोकार्पण संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** कुड़माली पत्रिका बिहीन गाड़ही का लोकार्पण 29 अक्टूबर 2023 रविवार को पश्चिम बंगाल के पुरूलिया जिला अंतर्गत झालदा थाना के जारगो स्थित सृष्टिधर- रामपदो- केशव -आनंद कुड़माली लाइब्रेरी (एस,आर,के,ए, कुड़माली लाइब्रेरी )में किया गया। कुड़माली मैगजीन लिटरेचर नेशनल सेमिनार इनॉग्रेशन और डिस्ट्रीब्यूशन में काफी मात्रा में बिहीन गाड़ही पुस्तक का वितरण किया गया। बिहीन गाड़ही नामक कुड़माली पत्रिका की चार पुस्तकों का एक साथ विमोचन किया गया।बिहीन गाड़ही की पहली पुस्तक में कुल 32 लेखकों ने अपनी लेख लिखी है , दूसरी पुस्तक में 26 लेखकों के लेख हैं। तीसरी पुस्तक में 24 लेखकों के लेख हैं तथा चौथी पुस्तक में 28 लेखकों के लेख है।इस पुस्तक के कर्ताधर्ता सिद्धू कान्हू बिरसा विश्वविद्यालय पुरुलिया के गणित विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर सनत कुमार महतो काडुआर है जो की कुड़माली भाषा विभाग के भी प्रभारी भी हैं उन्होंने कहा की कुड़माली का पठन-पाठन केजी से लेकर पीजी और पीजी से लेकर पीएचडी तक के पाठ्यक्रम को तैयार किया जा रहा है, जिससे प्राइमरी स्कूल, मिडिल स्कूल और हाई स्कूल के साथ-साथ कॉलेज और यूनिवर्सिटी में भी पढ़ाई की समुचित व्यवस्था करने की कोशिश की जा रही है, इसमें लोगों को भी सहयोग करने की उन्होंने अपील की।हेडमास्टर राधानाथ महतो जालबानुआर ने कहा कुड़माली हमारी मातृभाषा है इससे हम अपने सगे संबंधी और आस पड़ोस के सभी लोगों से बात करने में सरल और सुविधा होती है इसी में हमारे सभी गीत झूमर और नेगाचारी संपन्न होते हैं।मास्टर प्राणों नाथ महतो काडुआर ने कहा कुड़माली की पढ़ाई लिखाई हर स्टूडेंट करें ऐसी हमारी मंशा है और इसी को कार्य रूप देने के लिए बिहीन गाड़ही नामक पत्रिका का चयन किया गया है ,जो की लिखित रूप में हर 6 महीने में आ रहा है।मुलचांद महतो काछुआर ने कहा कि बिहीन गाड़ही को कुड़माली प्लेटफार्म के रूप में तैयार किया जा रहा है।पशुपति महतो ने कहा कुड़माली भाषा को हम लोग नए सिरे से सीचने और संवारने का काम कर रहे हैं। प्रभात महतो ने कहा कि कुड़माली के सठिक चीज को पथि (किताब) में लाने की जरूरत है, पढ़े-लिखे युवकों को उन्होंने कुड़माली में अपने लेख और कविता लिखने का आग्रह किया तथा सभी को एक मंच पर आने का निवेदन किया। हेडमास्टर मास अरूप कुमार गोप मंडल ने कहा कि बिहीन गाड़ही पत्रिका एक गौरवमयी पत्रिका है जिसमें मंडा (भगता), रहिन, रजअसला, बारी, करम, जितिया जिहुड़ बांधना टुसु आदि त्यौहार को सींचने का काम कर रहा है जो की प्रससंनीय है । बिहीन गाड़ही को तैयार करने में इन लोगों का बड़ा योगदान है। लोकार्पण समारोह में कुड़माली भाषा के अनेक गण मान्य लोगों के पहुंचे थे। लोकार्पण समारोह को भव्य तरीका से किया गया। इन पत्रिकाओं को बनाने में डॉक्टर सनत कुमार महतो काडुआर, राधानाथ महतो, प्राणों नाथ महतो काडुआर,भुपाल चन्द्र महतो, कुड़माली कवि बिज राज महतो,कुड़माली कवि और लेखक श्रीपद महतो बंसरिआर,श्रीकांत महतो, रामेश्वर महतो, अशोक महतो ,गुणधर महतो ,राजीव महतो, चुनाराम महतो ,रंजन महतो, जगजीवन महतो ,मुलचांद महतो काछुआर, पूर्व प्रधान प्रकाश महतो, वर्तमान प्रधान प्रलय चटर्जी, पुल्केश्वर महतो,झुमर शिल्पी रविन महतो, डॉक्टर अखिल महतो आदि लोगों की बहुत बड़ी भूमिका है।

## आश्विन पूर्णिमा में लगने वाला ऐतिहासिक सोनमेर मेला सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** आश्विन पूर्णिमा के अवसर पर प्राचीन ऐतिहासिक मां देवी मंदिर सोनमेर में लगने वाला ऐतिहासिक मेला रविवार को सम्पन्न हुआ. मेला में सरगम म्युजिकल ग्रुप रांची के द्वारा रंगारंग नागपुरी, आधुनिक व ठेठ आर्केस्ट्रा आकर्षण का केन्द्र रहा. मेला के पूर्व सोनमेर गांव के पहान लादु पहान द्वारा परम्परागत विधि विधान से मां देवी का पुजा अर्चना करायी जिसके बाद भक्तों द्वारा सैकड़ों बकरा का बलि दिया गया. ऐतिहासिक मेला सोनमेर में बतौर मुख्य अतिथि खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा अपने



कार्यकर्ताओ के साथ मंदिर पहुंचकर देवी मां के आगे माथा टेककर देवी मां से क्षेत्र के अमन चैन व खुशहाली के लिए पूजा अर्चना किया. जिसके बाद मेला संचालन समिति के लोगों विधायक को कार्यकर्ताओं के साथ रंगारंग आर्केस्ट्रा मंच पर ले गये जहां सभी अतिथि का चुनरी व माला पहनाकर मेला संचालन समिति द्वारा स्वागत किया गया. विधायक ने मेला को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे व क्षेत्र के उपर हमेशा से देवी माता आशिष कृपा बना हुआ है जिससे हमलोग हमेशा माता दरबार में आते हैं और आते रहेंगे. ज्ञात हो कि विजय दशमी के पांच दिन बाद आश्विन-पूर्णिमा के अवसर पर सैकड़ों साल मां देवी मंदिर परिसर में भव्य मेला का आयोजन किया जाता है वही शनिवार रात्रि को जागरण कार्यक्रम के दौरान पड़हा समिति द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक खोड़हा नृत्य का आयोजन किया गया. मेला में तरह तरह के झूले, रंग बिरंगी मिठाई, खिलौने, सिंगार, फल-सब्जी व गन्ने कि दुकानों में लोगों कि बारी संख्या पर भीड़ उमड़ी रही. जिसका लोगों खुब लुत्त उठाया. रंगारंग नागपुरी व आधुनिक आर्केस्ट्रा लोग नचाते झुमते नजर आयें. मेला में मुख्य रूप से जिप उपाध्यक्ष खूंटी मंजू देवी, जिप सदस्य जोरोंग आईन्द, गुलशन गांधी, समाजसेवी नगेन्द्र सिंह, शिव कुमार लाल, करनो बड़ाइक, मंटू मिश्रा, मुखिया संदीप हेरेंज, मुखिया अनुप कुजूर के अलावे अन्य लोग मौजूद थे. मेला को सफल बनाने में मेला संचालन समिति के अध्यक्ष एतवा हेरेंज, उपाध्यक्ष राम हेरेंज, सचिव मनीष मुंडा उर्फ मनी मुंडा, अनूप मुंडा किशोर बड़ाइक के अलावे मेला संचालन के सभी सदस्यों का मुख्य योगदान रहा।

## विशेष हैश टैग अभियान के तहत लिया सेल्फी, सोशल मीडिया पर किया गया अपलोड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सोशल मीडिया पर एक घंटे का विशेष हैश टैग अभियान के तहत प्रखंड के सभी मतदान केंद्र पर मतदाताओं ने बीएलओ के साथ सेल्फी ली. उसके बाद सेल्फी प्राउडऑफमायबीएलओ के साथ सोशल मीडिया पर अपलोड कर बीएलओ का उत्साह वर्धन किया. हैश टैग अभियान 11 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच चलाया गया. बीडीओ लेखराज नाग ने बताया कि ÷मुझे अपने बीएलओ पर गर्व है÷ की थीम पर उक्त एक घंटे का अनूठा कार्यक्रम किया गया है.

उन्होंने बताया कि इससे नए मतदाताओं को भी जागरूक करने वाली एक रचनात्मक पहल है. कहा कि पूरी निर्वाचन प्रणाली में हमारे बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. उनके कार्य को समुचित सम्मान देने व उनका उत्साहवर्धन करने के लिए यह कार्यक्रम




आयोजित की गई है. ऐसे में मतदाता बीएलओ के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उपरोक्त हैशटैग के साथ पोस्ट करने से बाकी मतदाता भी जागरूक होंगे. उन्होंने कहा कि उक्त अभियान न केवल मतदाता जागरूकता के लिए सहयोगी साबित होगा बल्कि पूरे निष्ठा से कार्य कर रहे सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के मनोबल को बढ़ाने वाला भी होगा.

## सभी मतदान केन्द्रो में विशेष कैंप का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** रविवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के आदेशनुसार विशेष कैम्प का आयोजन सभी मतदान केन्द्रो में किया गया। विशेष कार्य पदाधिकारी गीता चौबे एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री संजय पांडे के द्वारा माण्डर प्रखंड के आयोजित विशेष कैम्प का निरीक्षण किया गया। निरक्षण के क्रम में उन्होंने पंचायत भवन ब्राम्बे मतदान केंद्र संख्या -192, 193,राश्उश्मश ब्राम्बे मतदान केंद्र संख्या 194, 195, 196, राश मश्विश जाहेर का मतदान केंद्र संख्या-181, 182 एवं राश्उश मध्य विश चुन्द 183, 184 के बीएलओ से विशेष पुनरीक्षण 2024 की एक्टिविटी और एच टु एच किये गए कार्य की समीक्षा की साथ की मतदान केन्द्रो के एश एमश एफ़श की जानकारी ली इस बीच मुड़मा स्तिथ पढ़हा भवन में 50-80 की संख्या में उपस्तिथ बालक बालिकाओ को पाण्डे सर के द्वारा वोटर हेल्प



लाइन एप इंस्टाल कराई गई एवं इसकी पूरी जानकारी दी गई इस बीच सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी माण्डर और कम्प्यूटर सहायक अब्दुल मन्नान,साकिर इस्लाही,बंधन तिग्गा,धर्म गुरु एवं अन्य उपस्तिथ थे।

## कार्तिक उरांव जयंती सह जतरा, 25 खोड़हा टीम हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** स्व0 कार्तिक उरांव आदिवासी समाज के लोगों के दुख दर्द को समझते थे। लेकिन आज भी उनका सपना अधूरा है। उनके सपनों को साकार करनी है। उक्त बातें जमशेदपुर के डीडीसी परमेश्वर भगत ने जनजाति सुरक्षा मंच के तत्वावधान में रविवार को महादानी मैदान में आयोजित कार्तिक उरांव की 99वीं जयंती सह जतरा समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में ढोल,मांदर और नगाड़ों की थाप पर



खोड़ा दलों के साथ नाचते गाते शामिल हुए। जहां बतौर मुख्य अतिथि सहित अन्य ने संयुक्त रूप से सामूहिक प्रार्थना और कार्तिक उरांव के तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया। उन्होंने आगे कहा हमें अपनी धर्म संस्कृति और परंपरा को बचाने के लिए एकजुटता जरूरी है। परंपरागत नाच गान हमारी सांस्कृतिक पहचान है। वहीं जनजाति सुरक्षा मंच के जिला अध्यक्ष जगरनाथ भगत ने कहा कि कार्तिक उरांव आदिवासियों के विकास के लिए जो सपना देखे थे, उन्हें हमें पूरा करना है। उनकी जीवनी से प्रेरणा लेते हुए हमें आदिवासियों के उत्थान के लिए काम करना है। इसके पूर्व महादानी मैदान में 25 खोड़हा टीम ने ढोल,ढाक,मांदर व नगाड़ा के थाप पर परंपरागत नाच गान प्रस्तुत किया। समारोह को झारखंड हाईकोर्ट की अधिवक्ता पिंकी खोया, जिप सदस्य पार्वती भगत, 12 पड़हा राजा विशाल उरांव, प्रो बंदे लकड़ा व अनिल उरांव ने संबोधित किया। समारोह की अध्यक्षता जगरनाथ भगत संचालन महादेव उरांव व धन्यवाद ज्ञापन मनोज भगत ने किया। समारोह को सफल बनाने में विशु उरांव,मनोज उरांव,मंगरा उरांव,सुकेन्द्र उरांव,संदीप उरांव,मांझी मुंडा,अशोक उरांव,बुधवा उरांव,विनय उरांव,चुमान सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बिरसा महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ. मंजूषा पूर्ति महर्षि वाल्मीकि सम्मान 2023 से सम्मानित हुई

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ मंजूषा पूर्ति विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, बिरसा महाविद्यालय, खूंटी में कार्यरत है। जिन्होंने शिक्षण- शिक्षा, समाज सेवा के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान दिया हैं। डॉ पूर्ति लगातार शिक्षा के क्षेत्र में नई प्रतिमान को गढ़ रहे हैं। वे अपनी सौम्य व्यवहार से छात्र-छात्राओं में नैतिक शिक्षा देने का कार्य करती हैं। खास बात यह है कि डॉ मंजूषा पूर्ति खूंटी के एक छोटे से गांव कूड़ापूर्ति से आती है। इनकी शिक्षा दीक्षा रांची विश्वविद्यालय रांची से संपन्न हुई है। इन्होंने दर्शनशास्त्र में स्नातकोत्तर की परीक्षा पास कर नेट, जेआरएफ एवं पीएचडी की उपाधि रांची विश्वविद्यालय रांची से प्राप्त की है। डॉ पूर्ति कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में अपनी व्याख्यान दे चुके हैं। इनका शोध आलेख राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी है। इन्होंने अपना शोध कार्य झारखंड के आदिवासियों का नैतिक दर्शन के ऊपर संपन्न किया है। इनकी बहुमुखी प्रतिभा को सराहते हुए गुरु फाउंडेशन, रोहतक के द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती 2023 के अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं अद्वितीय सेवा प्रदान करने हेतु महर्षि वाल्मीकि सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अमित सिंह सचिव अनिल कुमार ने कहा की आज 29 अक्टूबर 2023 के इस पावन दिन के उपलक्ष में एक अप्रतिम प्रबुद्ध और प्रतिभाशाली कर्मयोगी के रूप में आपको सम्मानित करते हुए हमें असीम हर्ष और गौरव की अनुभूति हो रही है। आपको यह अलंकरण समर्पित करते हुए गुरु फाउंडेशन गौरवान्वित महसूस कर रही है। इसका श्रेय प्राध्यापिका ने अपने गुरुजनों एवं कॉलेज के प्राचार्य जेरमेन कुल्लू किड़ो एवं महाविद्यालय के समस्त परिवार को समर्पित किया।

## चिरैयाटांड मे तीन दिवसीय काली पूजा सह मेला को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के चिरैयाटांड गांव में काली पूजा सह तीन दिवसीय मेला के आयोजन को लेकर ग्रामीणो की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता बालकिशुन महतो और संचालन लखन महतो ने किया।बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चिरैयाटाड़ में काली पूजा सह तीन दिवसीय मेला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।इसके सफल संचालन को लेकर आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक बसंत नारायण महतो,विमल महतो, लखन महतो,बालकिशुन महतो,नागेश्वर महतो, विश्वनाथ महतो,जानकी महतो,कीर्तन महतो,अर्जुन महतो,विजय महतो,टिकेश्वर महतो,वीरेंद्र महतो,अध्यक्ष प्रीतम महतो,उपाध्यक्ष अमर महतो,देवनाथ महतो, सचिव गुलाब चंद महतो,सह सचिव राजेश गंझु,महेश महतो,कोषाध्यक्ष सुरेश करमाली व नागेश्वर महतो को बनाया गया।इसके अलावा शिवनाथ महतो,सुरेश महतो, संतोष महतो,अजय महतो, रमन महतो,प्रदीप महतो, तरुण महतो,राज महतो सहित अन्य लोगो को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

## हर्षोल्लास से मना श्री जानकी रमण मंदिर खलारी में शरद पूर्णिमा उत्सव, बंटी खीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** श्री जानकी रमण मंदिर खलारी में शरद पूर्णिमा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. शनिवार रात चंद्र ग्रहण लगने के कारण यह उत्सव रविवार रात में मनाया गया. इस मौके पर पुजारी सोनू दुबे ने भगवान की विशेष पूजा आरती की. कोरोना के बाद से श्री जानकी रमण मंदिर में शरद पूर्णिमा उत्सव नहीं मनाया जा रहा था. इस बार की पूजा कमेटी ने शरद पूर्णिमा उत्सव को फिर से शुरू किया है. आसपास के सैकड़ों श्रद्धालु रात में मंदिर पहुंचकर पूजा आरती में शामिल हुए. प्रसाद के रूप में दूध का खीर बनाया गया था. अंत में सभी श्रद्धालुओं के बीच खीर प्रसाद का वितरण किया गया. इस आयोजन में पूजा कमेटी के अध्यक्ष



रंजनसिंह बिट्टू, सचिव अवधेश यादव के अलावा अजीत कुमार, कन्हैया झा, संजय कामत, सोनू सिंह, बजरंगी साव, संजय विश्वकर्मा, कृष्णा नायक, पवनराज सिंह, बबलू सिंह, अशोक रावत, सुनील प्रसाद बड़े, संतोष सिंह, अंबुज कर्मकार, प्रभाकर शर्मा, श्रीकांत शर्मा, धीरज बहादुर, सूरज वर्मा, शिवप्रसाद साहू, समर सेन, रामशेषण मिश्रा, सत्येन्द्र सिंह, अरविन्द सिंह, अमरभूषण सिंह, शशिकुमार सिंह, गिरिधर तिवारी, वर्षा उपाध्याय, शालिनी यादव, सरस्वती देवी, सिन्नी समाड, मुन्ना देवी, रमेश महतो, प्रदीप लोहरा, धीरेन्द्र प्रसाद, अरूण चौरसिया, दिनश पांडेय आदि का सहयोग रहा.

## वन समिति के प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए पिपरवार के वन समिति सदस्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई गांवो के वन समितियो को प्रशिक्षित किये जाने को लेकर रांची के एचआरडीसी सभागार में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला में पिपरवार क्षेत्र के कई गांवों के ग्राम वन समितियो के अध्यक्ष और सचिव प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए शामिल हुए।प्रशिक्षक सोहनलाल कुम्हार द्वारा वन समितियो को वन पालन समिति गठन,सामुदायिक वन पट्टा के लिए नक्शा तैयार करने,बोर्ड गढ़ी करना,लघु योजना तैयार करने के संबंध में जानकारी दी गई।कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य झारखंड सरकार द्वारा मिशन मोड़ मे वन पट्टा देने हेतु वन अधिकार



समिति बनाई गई। परंतु कई गांवों के ग्रामीण जागरूक नही रहने के कारण वन पट्टा भरने से वंचित रह जाते है।इसे लेकर वन क्षेत्र में रह रहे ग्रामीण को जानकारी के अभाव में सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं।इस प्रकार के प्रशिक्षण की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा जैमक संस्था के माध्यम से समय समय पर आयोजित किया जाता है।इस कार्यशाला में पिपरवार से बन्हें वन समिति की और से रूपलाल महतो,कारो वन समिति से बालेश्वर उरांव, तरवां वन समिति से अनिल कुमार महतो,मंडेर वन समिति से अनीता दीदी, लुकैया वन समिति से बबीता देवी,कलामुद्दीन अंसारी, जयंती दीदी,एलिस चैरवा, वीर सिंह मुंडा,महादेव हांसदा,दीपक किस्कू सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन की बैठक में असंगठित मजदूरों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बसंत विहार में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन की बैठक क्षेत्रिय अध्यक्ष मुद्रिका प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक मे पिपरवार क्षेत्र के बचरा साइडिंग मे कार्य करने वाले अंसगठित मजदूरों को हाई पावर कमेटी के अनुशंसा के आधार पर वेतन नहीं मिलने पर नाराजगी जताई गई। क्षेत्रीय अध्यक्ष मुद्रिका प्रसाद ने बताया कि हाई पावर कमेटी द्वारा लागू किए गए वेतन का भुगतान मजदूरों के बीच नहीं किया जा रहा है। ट्रांसपोर्ट



कंपनी टीसीपीएल के समय मजदूरों को वेतन का लाभ मिलता था,लेकिन नये ट्रांसपोर्ट कंपनी हेम्स के द्वारा असंगठित मजदूरों के वेतन में कटौती की जारी है। लेकिन इस पर किसी का ध्यान नहीं है।बैठक मे 30 अक्टूबर को यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल सीएचपी सीपीपी प्रबंधन से मिलकर समस्या से अवगत कराने का निर्णय लिया गया,साथ ही समस्या का समाधान नहीं होने पर जोरदार आंदोलन की चेतावनी दी गई।बैठक में कामेश्वर राम,बाबूलाल राम, विमल महतो,मोहम्मद अब्दुल्ला,कयूम अंसारी, रामजीत राम,गणेश राम,गंगा राम,लकेश्वर लाल,अनिल कुमार,ललकु भुइयां,जनार्दन गिरी,चमन महतो,मुंशी महतो,मुनेश्वर महतो,रविंद्र महतो,भोला महतो,किसून महतो,दिलीप चौधरी सहित काफी संख्या में असंगठित मजदूर मौजूद थे।

## बचरा देवी दुर्गा मंडप में दीपदान पूजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा देवी दुर्गा मंडप मे दीपदान पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम मे सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के सभी सदस्यों के अलावे काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए।इस मौके पर पुजारी के द्वारा विधिवत रूप से दीपदान पूजन कार्यक्रम कराया गया। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रत्पेक साल दुर्गापूजा के बाद और मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन के बाद देवी दुर्गा मंडप मे दीपदान पूजन का आयोजन किया जाता है।इस मौके पर विद्यापति सिंह, राजेन्द्र गुप्ता,प्रमोद प्रसाद, गुंजन सिंह,रामबच्चन यादव, गांधीराम साहु,अनिल सोनी, सुभाष साव,पिंकी सिंह,मंगल सिंह,रमेश सिंह,गुरुदयाल सिंह,संतोष यादव,कमला महतो,रामाशष राम,सुरेन्द्र राम,बंसत गुप्ता,उमेश यादव, सोनू तिवारी सहित कई लोग मौजुद थे।

## तीसरा मोर्चा (स्वतंत्र) सिल्ली विधानसभा की सांगठनिक चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** राहे प्रखंड अंतर्गत पोगड़ा गांव में तीसरा मोर्चा (स्वतंत्र )के संरक्षक श्री अमित कुमार महतो जी के आवास सह कार्यालय में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सिल्ली विधानसभा के सोनाहातू,राहे, अनगड़ा एवं सिल्ली प्रखंड के शुभचिंतक एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ रायशुमारी करते हुए आसन्न विधानसभा चुनाव में प्रखंड स्तरीय पंचायत एवं बुथ कमेटी के गठन हेतु गहन चिंतन मंथन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता श्री बानेश्वर महतो ने किया, तथा सभा का संचालन जगबंधु महतो ने की। इस बैठक में युवा नेता अमित कुमार महतो ने कि पार्टी को मजबूत करने हेतु सांगठनिक पर चर्चा किया ,साथ ही क्षेत्र में अभी से ही चुनाव की तैयारी करने की कार्यकर्ताओं को



नसीहत दी गई। कार्यकर्ता को हौसला अफजाई करते हुए श्री महतो ने सभी क्रांतिकारी युवा साथियों को बुथ कमेटी को सशक्त बनाने का भी निर्देश दिया गया । इस बैठक में मुख्य रूप से जगबंधु महतो, हबलू मुंडा ,अश्वनी कुमार ,राजू महतो, पूर्ण चंद्र महतो, कार्तिक मुंडा ,संजय कुम्हार अजीत पुराण हराधन पुराण दुबराज पाहन दलगोविंद महतो, मृत्युंजय महतो, परितोष महतो मुचीराम मुंडा,घने श्याम महतो ,सहदेव महतो, आदि सैकड़ो कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए।

## होण्डा के जागरुकता अभियान में छात्रों ने सीखे सड़क सुरक्षा के गुर




**जमशेदपुर/धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत में सुरक्षित राइडिंग की आदतों के बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर ज़ोर देते हुए होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने धनबाद शहर में अपने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान को विस्तारित किया। सड़क सुरक्षा होण्डा के लिए विश्वस्तरीय प्राथमिकता है। दो कॉलेजों- केके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन और बीएल. आईटीआई सिंदरी, धनबादमें आयोजित इस दोदिवसीय कैम्प के माध्यम से एचएमएसआई 500 से अधिक कॉलेज छात्रों एवं स्टाफ के सदस्यों तक पहुंची और उन्हें सुरक्षित राइडिंग के बारे में जागरुक बनाया। कंपनी के रोड सेफ्टी इंस्ट्रक्टर्स ने प्रतिभागियों की उम्र को ध्यान में रखते हुए उचित सड़क सुरक्षा लर्निंग प्रोग्राम के माध्यम से सुनिश्चित किया कि सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा के बारे में प्रभावी रूप से जागरुक बनाया जाए। 2016 के बाद से झारखण्ड राज्य में एचएमएसआई, सड़क सुरक्षा की आदतों एवं सड़क के ज़िम्मेदाराना इस्तेमाल को बढ़ावा देते हुए 1.85 लाख से अधिक व्यस्कों और बच्चों को सड़क सुरक्षा पर शिक्षित कर चुकी है। अप्रैल 2021 में की गई घोषणा के मुताबिक ''होण्डा 2050 तक दुनिया भर में होण्डा की मोटरसाइकिलों एवं ऑटोमोबाइल्स की जानलेवा दुर्घटनाओं को शून्य तक लाने के लिए प्रयास करेगी।

## ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र पहुंचे सिंहभूम लोकसभा प्रभारी रामहरी गोप



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिंहभूम लोकसभा प्रभारी रामहरि गोप पहुंचे राँची लोकसभा के ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में एपीआई सरायकेला-खरसावां जिला कमेटी द्वारा पार्टी के नीतियों को प्रत्येक व्यक्ति तक प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर तक मिशन 2024 को लेकर आज नीमडीह प्रखंड कमेटी गठित किया गया। जिसमें प्रखंड अध्यक्ष बारी सिंह, उपाध्यक्ष बादल सिंह, सचिव शुक्राचार्य सिंह, मौके पर प्रदेश सचिव लाल मांझी, जिला अध्यक्ष रुपाय मांझी, सचिव कुसुम कमल सिंह, प्रदेश सचिव विश्व विजय मर्डी आदि मौजूद थे।

## महिलाओं ने राधा-कृष्ण और गोपियों के संग गरबा में रचाया रास



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने राधा-कृष्ण और गोपियों के साथ गरबा कार्यक्रम में रास रचाया। मारवाड़ी युवा मंच आकृति व्हील कालीमाटी शाखा एवं भायली महिला मण्डल सोनारी के संयुक्त तत्वावधान में धूमधाम से आयोजित हुए रास गरबा कार्यक्रम में चार घंटे तक महिलाएं थिरकती रही। कविता अग्रवाल और अंकिता लोधा के संयुक्त नेतृत्व में स्थानीय कलाकार महाबीर अग्रवाल मुन्ना एण्ड टीम ने राधा कृष्ण की झांकी के साथ शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का सफल संचालन भजन गायक महाबीर अग्रवाल मुन्ना ने किया। इस अवसर पर बतौर अतिथि समाजसेवी ओमप्रकाश रिंगसिया, अशोक मोदी, अरुण बाकरेवाल, विजय आनंद मुनका, अरुण गुप्ता, ललित डांगा आदि उपस्थित थे।

## कुम्भकार समाज का रक्तदान शिविर 5 को




**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुम्भकार समाज गम्हरिया की एक बैठक मनोरंजन बेज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समाज की ओर से आगामी रविवार, 5 नवंबर को आठवां रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर अध्यक्ष मनोरंजन बेज ने बताया कि समाज द्वारा इस वर्ष 250 यूनिट रक्त संग्रहित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने समाज के अधिक से अधिक लोगों से इस शिविर में भाग लेकर योगदान करने की अपील किया। रक्तदाताओं के लिए एक लॉटरी का आयोजन भी किया जाएगा जिसमे चयनित तीन विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक में सचिव बंकिम चौधरी, भैरव प्रमाणिक, बलराम दास, अजय दास, कृष्णा दास समेत सभी सदस्य उपस्थित थे।

## धनबाद सांसद ने अपने कार्यकर्ताओं संग सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात

**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सांसद धनबाद पशुपति सिंह ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ सेक्टर 01 स्थित आवासीय कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात संबोधन को माइक्रोवेव पर सुनने का काम किया । सांसद ने कहा की प्रधामंत्री जी के द्वारा चलाए गए अभियान का ही प्रतिफल है ,जिससे खड़ी उत्पादों की बिक्री आज की तारीख में सभी तरह के रिकॉर्ड को तोड़ने का काम किया ,दूसरी तरह देश में खेल के प्रति माहौल को इतना सुगम बनाने काम मोदी जी की सरकार ने किया है ,जिससे 10 वर्षों के दरम्यान ही परिणाम स्वरूप एशियन पैरा खेलों में भारत के पदक तालिका ब्यान कर रही है । आज तक ऐसी उपलब्धि प्राप्त नहीं पाई ,जिसे देश के युवाओं ने कर दिखाया है । सांसद ने प्रधानमंत्री के लोकल फॉर वोकल के अभियान को स्थानीय स्तर पर अमलीजामा पहनाने का आह्वान किया,जिससे की स्थानीय कारीगरों और व्यवसाई वर्ग लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रकाश सिंह,दिलीप श्रीवास्तव,कमलेश राय, पप्पू श्रीवास्तव,राजीव कंठ,विद्या सागर सिंह, अखिलेश महतो ,अनिल सिंह,विनय आनंद, वी बी एल श्रीवास्तव, ए के वर्मा,रविंद्र सिंह,नीरज कुमार,लालन चौधरी, मिर्गेंद प्रताप सिंह,बैधनाथ प्रसाद,मनोज कुमार सिंह,इंद्र कुमार झा,मनोज मुखिया ,उमेश पासवान,धनंजय चौबे, आदि थे।

### फिलिस्तीनियों के नरसंहार के विरोध में मूबीने मिल्लत के उर्स में मुसलमानों का फूटा गुस्सा

# युद्ध विराम के लगे नारे व इजरायली सामानों के बहिष्कार का आह्वान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मानगो स्थित नूरी मरकज में हजरते मुबीने मिल्लत के उर्स के शुभ अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी तादाद में जमा हुए और गजा में फिलिस्तीनियों पर हो रहे जूल्म,रक्तपात, जनसंहार और इजरायली आतंकवाद के विरुद्ध जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। हजरत मूबीने मिल्लत का 14 वा सालाना उर्स पूरे हर्षोल्लास के साथ जानशीने मूबीने मिल्लत हजरत मौलाना बुरहान उल हुदा मिस्बाही नूरी की अध्यक्षता में मनाया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में कोलकाता से आए हुए डॉक्टर मौलाना सज्जाद आलम मिस्बाही ने भीड़ को संबोधित किया। उन्होंने फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष पर प्रकाश डाला और फिलिस्तीनियों पर दशकों से हो रहे जुल्म और बबर्बरता को बड़ी ही खूबी से ऐतिहासिक रूप में उजागर किया। वहीं गया से आए हुए प्रसिद्ध इस्लामी विद्वान मौलाना उमर नूरानी ने समाज के कुर्तियों के विरुद्ध बड़े ही अछूते अंदाज में अपनी बात रखी जिसकी लोगों ने काफी सराहा। इससे पहले उर्स का प्रारंभ पवित्र कुरान के पाठ से हुआ, फिर नात पढ़ी गई उसके बाद वक्ताओं ने सभा को संबोधित किया। आखिर में नूरी मरकज और उर्स कमेटी ने फिलिस्तीन के बेकसूर लोगों के साथ एकजुटता दिखाते हुए इजरायल की बर्बरता की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए त्वरित युद्ध विराम की मांग की। वहीं सरकार द्वारा भेजी गई मदद की तारीफ की। ?अंत में देश और पूरी मानवता की भलाई के लिए विशेष कर फिलिस्तीन में युद्ध विराम और शांति व्यवस्था के लिए दुआ की गई। कानपुर शहर के काजी मुफ्ती यूनुस रजा ने फलस्तीनी वासियों की हिफाजत और जंग बंदी के लिए दुआ फरमाई। उर्स में शहर के मुस्लिम धर्म गुरुओं और बुद्धिजीवियों ने भारी तादाद में भाग लिया जिसमें मौलाना शमशाद उल कादरी सादी, मुफ्ती शाहिद रजा मिस्बाही, मुफ्ती इमामुद्दीन, काजी मुश्ताक, अलहाज मुख्तार सफी, प्रोफेसर ताहिर खान, इंजीनियर बिलाल नासिर इत्यादि शामिल हैं।

## पोलियो उन्मूलन अभियान को लेकर रोटरी ने निकाली रैली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोकारो :** रोटरी इंटरनेशनल द्वारा पूरे विश्व में पोलियो उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है । इसी के तहत आज रविवार को रोटरी क्लब चास, रोटरी क्लब बोकारो एवं रोटरी क्लब मिडटाउन कपल के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से एक पोलियो रैली का आयोजन किया गया। यह रैली शहर के मुख्य मार्ग से जागरूकता का प्रचार एवं प्रचार करते हुए रोटरी प्ले स्कूल, सेक्टर 4 में एक सभा के रूप में परिणत हो गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रोटरी जिला 3250 के पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश केजरीवाल ने कहा कि पोलियो उन्मूलन जागरूकता की अभी भी आवश्यकता है इसलिए कि अभी भी पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पोलियो वायरस सक्रिय है। महेश ने कहा यह पूरे विश्व में फैल सकता है इसलिए इसे जड़ से मिटाने के लिए की जागरूक होना बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम की मुख्य संयोजक एवं सहायक मंडल अध्यक्ष संध्या राज ने कहा कि पोलियो उन्मूलन में रोटरी की अहम भूमिका रही है। संध्या ने कहा की विश्व के सभी देशों से समाप्त होने तक यह अभियान जारी रहेगा। चास रोटरी क्लब की अध्यक्ष पूजा बैद एवं रोटरी मीड टाउन कपल की अध्यक्ष अमिशा अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि आज की रैली के माध्यम से रोटरी द्वारा यह संदेश दिया जा रहा है कि यदि हम जागरूक नहीं रहे तो फिर से भारत में पोलियो पैर पसार सकता है । रोटरी क्लब चास के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने लोगों से पोलियो मुक्त भारत में सहभागी बने की अपील की ।रैली के दौरान रोटरी के सदस्यों ने पल्स पोलियो जन जागरूकता फैलाने वाली स्लोगन की लिखित तख्तियों एवं बैनर लेकर चल रहे थे । कार्यक्रम को सफल बनाने में डा आर एन प्रधान, डा राजदीप ,साजन कपूर, मंजीत सिंह, प्रदीप रे का महत्वपूर्ण योगदान रहा । रैली में नरेंद्र सिंह, मनोज सिंह, विनोद चोपड़ा, मुकेश अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, डॉ संजीव, हरबंस सिंह, कुमार अमरदीप ,अनूप अग्रवाल , अशोक तनेजा, आदि थे।

# समाज का प्रतिनिधित्व करने आगे आयें महिलाएं : काशिफ रजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** घाटशिला मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित आज़ाद समाज पार्टी की जिला इकाई की बैठक सह कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की आज़ाद समाज पार्टी झारखंड में शोषित वंचित समाज की आवाज़ बन रही है, आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज को एक जुट कर झारखंड में ईमानदार, कुशल, स्वाभिमानी, शिक्षित युवाओं और महिलाओं को अपने समाज का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार कर रही है। कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम ज़िला अध्यक्ष दुर्योधन महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष तारिणी सेन मांझी, प्रदेश महासचिव नवीन मुर्मु ,भीम आर्मी के आकाश मुखी, बिपलब तांती और सोनू कालिंदी ने भी पार्टी के विचारधारा के लोगों को बताया, मंच का संचालन भीम आर्मी के महासचिव उतपल बिस्वास ने किया।

## युवाओं से की मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** एसभीइइपी के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय के द्वारा मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के कार्यक्रम को लेकर आम जनता के बीच जागरूक और प्रचार-प्रसार के लिए जिला के सिटी सेंटर से कदम रैली का आयोजन किया गया। कदम रैली की शुरुआत उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने हरि झंडी दिखा कर किया। इस दौरान उपायुक्त वरुण रंजन, विधायक राज सिन्हा, एसपी ग्रामीण कपिल चौधरी, जिला प्रशासन के पदाधिकारी, एसएसएलएनटी कॉलेज की छात्राएं, एनसीसी के कैडेट्स, पुलिस के जवान, जैप के जवान, मेडिकल स्टाफ समेत आम नागरिकों के साथ सिटी सेंटर से होते हुए रणधीर वर्मा चौक तक रैली में शामिल हुए। इस दौरान सभी ने हाथों में तख्तियां लेकर लोगो को मतदान के प्रति जागरूक किया। उपायुक्त ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के तहत जितने भी छुटे हुए वोटर हैं उनके नामांकन का कार्य कराया जा रहा है, उसी को लेकर के आज यह जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उपायुक्त ने खास करके युवा वोटरों से अपील की है कि जो भी युवा 01.10.2024 को 18 वर्ष के होंगे वे सभी अपने बीएलओ के पास जाकर या फिर वोटर हेल्प लाइन ऐप से वोटर लिस्ट में अपना नाम अवश्य जुड़वाएं। साथ ही साथ जो छुटे हुए मतदाता है एवं जिनके पहचान पत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटियां हैं वे सभी अपने बीएलओ के पास जाकर उन त्रुटियों को आवश्यक सुधार करवा ले और वोटर लिस्ट में अपना नाम अवश्य जुड़वाएं। ताकि अगले वर्ष जो लोकतंत्र का महापर्व होने वाला है उसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करवा सके। इस कार्यक्रम में धनबाद विधायक राज सिन्हा, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कमलकांत गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, विशेष कार्य पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी समेत जिला के कई वरीय पदाधिकारी, कॉलेज के छात्र-छात्राएं, आदि थे।

## हरेलाल महतो ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरूलडीह :** आजसू के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो ने जुगीलोंग-पुरियारा में लक्ष्मी पूजा पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर मुख्य अतिथि हरेलाल महतो ने कहा कि गीत संगीत का इतिहास काफी प्राचीन है। प्राचीन काल से ही मानव सभ्यता गीत, नृत्य और संगीत के माध्यम से मनोरंजन करते आ रहे हैं। कहा झारखंड में अनेक प्रकार के लोकगीत एवं लोकनृत्य है। इस क्षेत्र में सभी भाषाओं की गीत नृत्य काफी लोकप्रिय है। इस दौरान काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

### सफायर की लॉन्चिंग में शिरकत करने पहुंची भोजपुरी सिने स्टार अक्षरा सिंह, कहा

# सोशल मीडिया की सक्रियता से कम हुआ स्ट्रगल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के सतबहनी में रविवार को समय होम्स के टाउनशिप प्रोजेक्ट सफायर की लॉन्चिंग कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंची भोजपुरी सिने स्टार अक्षरा सिंह ने फिल्मी गीतों के अलावा भोजपुरी गीत गाकर दर्शकों को खूब झुमाया। इससे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भोजपुरी सिने स्टार अक्षरा सिंह ने उक्त प्रोजेक्ट की लांचिंग की। भरी गहमा-गहमी के बीच अक्षरा सिंह की एक झलक पाने को दर्शक आतुर दिखे। इस कार्यक्रम में कोलकाता की मशहूर सैक्सोफोनईस्ट लिपिक सामंता ने भी अपना परफॉर्मेंस दिया। पत्रकारों से बातचीत के क्रम में भोजपुरी सिने स्टार अक्षरा सिंह ने कहा कि अब स्ट्रगल का दौर सोशल मीडिया के सक्रिय होने के चलते कम हुआ है। लोग यूट्यूब और रील्स बनाकर भी नाम हासिल कर रहे हैं। हालांकि रील बनाना भी कोई आसान काम नहीं है, इसमें भी मेहनत लगता है। अक्षरा सिंह ने कहा कि भोजपुरी इंडस्ट्री में भी कई नए चेहरे सामने आ रहे हैं जो काफी बेहतर काम कर रहे हैं। इन्होंने कहा कि मेहनत के बदौलत ही कलाकारों को सफलता प्राप्त हो सकती है। स्ट्रगल तो स्टार के जीवन का हिस्सा होता है। बातचीत के क्रम में उन्होंने बताया कि जल्द ही महिला सशक्तिकरण के थीम पर वह एक फिल्म बना रही हैं जो जल्द ही रूपहले पर्दे पर रिलीज होगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा एक के बाद एक कई भोजपुरी और हिंदी फिल्म भी दर्शकों को देखने मिलेगी।

# हूदू-डूमरा सड़क निर्माण की कैबिनेट से स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों में खुशी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला प्रखंड अंतर्गत हुदू पंचायत भवन परिसर पर हूदू- डूमरा सड़क संघर्ष समिति की बैठक समिति के संयोजक रामू सरदार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सड़क निर्माण आंदोलन के संरक्षक भाजपा नेता रमेश हांसदा भी उपस्थित रहे। झारखंड कैबिनेट से विगत दिनों हूदू- डूमरा सड़क निर्माण के स्वीकृति मिलने की जानकारी पर ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त किया। इस संघर्ष में साथ देने के लिए रमेश हांसदा को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। भाजपा नेता ने कहा हूदू और डूमरा पंचायत के ग्रामीणों और सड़क संघर्ष समिति के आंदोलन के कारण सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली है। उल्लेखनीय है कि उक्त सड़क के निर्माण की मांग को लेकर हूदू एवं डूमरा पंचायत के ग्रामीणों ने हस्ताक्षर अभियान एवं हूदू पंचायत भवन से डीसी कार्यालय तक पदयात्रा तथा सरायकेला अनुमंडल कार्यालय के समीप आमरण अनशन जैसे निरंतर आंदोलन किए गए थे। संघर्ष समिति द्वारा मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन भी सौंपा गया था। आज की बैठक में मनसा मूर्म, चिन्मय महतो, प्रकाश सरदार, सुनाराम टूडू, निर्मल हांसदा, रमेश हांसदा, मुचिराय मुंडा,रहिमान मूर्म,नंदलाल लोहार,बुधुराम किस्कु, सुनाराम सोरेन, सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# ईचागढ़ में फुटबॉल महाकुंभ 24 दिसंबर को, तैयारी को बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के लेपाटांड़ गांव में रविवार को नवल किशोर सिंह मुण्डा की अध्यक्षता में खेला व मेला महाकुंभ को लेकर तैयारी बैठक किया गया। ग्रामीण क्रीड़ा संस्थान लेपाटांड़, पातकुम, ईचागढ़ की ओर से पौष माह के प्रथम रविवार 24 दिसंबर को होने वाले कोल्हान का प्रसिद्ध फुटबॉल प्रतियोगिता सह मेला का महाकुंभ के सफल आयोजन को लेकर तैयारी पर चर्चा किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 8 दल ही भागीदारी लेंगी और बीस हजार एक रूपये एंट्री फीस होगा। बता दें कि इस महाकुंभ में रांची, कोल्हान एवं बंगाल के करीब 50 हजार की संख्या में दर्शक उपस्थित होते हैं। उन्होंने कहा कि अगले बैठक में सुरक्षा को लेकर एक सौ वालेंटियर का चयन किया जाएगा। मौके पर अजय कुमार, दिनेश उरांव, मुखिया राखोहरी सिंह मुण्डा, राज किशोर गोप, असित, शिशिर, संजय प्रामाणिक, बिशु, रवि, शशधर, महेन्द्र, अजीत उरांव, अभिराम कालिंदी, कर्मो कैवर्त आदि उपस्थित थे।

# अंजुमन इस्लामिया ने की 11 कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष सैयद मो शाहजाद मंजर के अध्यक्षता में अंजुमन इस्लामिया की टीम के साथ एक बैठक की गई। बैठक में सचिव बैरम खान द्वारा बताया गया कि अंजुमन इस्लामिया की टीम चक्रधरपुर में अंजुमन एक बेहतर प्लेटफार्म के साथ वर्तमान में आगे भी काम करेगी। इसके लिए तीन सालों के लिए कार्यकारिणी समिति की घोषणा कर रही है। जिसमें बब्लू खान चांदमारी, मो अलीम चांदमारी, मो सादिक सिमीदीरी, मो सलाम अजाद बस्ती सिमीदीरी, रजीउद्दीन वार्ड नं 10, मो शरीफ मिल्लत कॉलोनी, मास्टर जैनुल आबेदीन मिल्लत, गुलशाद गद्दी वार्ड नं 10, मो अब्बास देवगांव, मो जावेद दंदासाई, मास्टर एकबारुल बंग्लाताड़, इन सबों वर्तमान में चुना गया है। अध्यक्ष ने कहा है कि आगे और भी कार्यकारिणी सदस्यों को जोड़ा जाएगा। इस घोषणा के साथ अब अंजुमन के निर्वाचित टीम के साथ 11 कार्यकारिणी सदस्य भी टीम के बैठक में नियमित रूप से उपस्थित रहकर काम करेंगे। पूर्व में सलाहकार समिति की भी घोषणा हो चुका है।

## मेन्स नेशनल रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट बेल्डीह में आज से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में बेल्डीह क्लब मेन्स नेशनल रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट, एक राष्ट्रीय रैंकिंग पेशेवर टेनिस इवेंट (प्रो सर्किट) सोमवार 30 अक्टूबर 2023 से बेल्डीह क्लब में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन एक सप्ताह तक चलेगा और इसमें देश भर के कुछ शीर्ष रैंकिंग पेशेवर शामिल होंगे। एकल स्पर्धा के विजेता को 20 राष्ट्रीय रैंकिंग अंक मिलेंगे जबकि फाइनलिस्ट को 15 अंक मिलेंगे। चैंपियनशिप में राजस्थान, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, असम, ओडिशा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और मेजबान राज्य झारखंड से खिलाड़ी शामिल होंगे। वहीं 2019 के चैंपियनशिप के फाइनलिस्ट अभिनांसु बोरठाकुर भी एक्शन में नजर आएंगे। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डीबी सुंदर रामम होंगे।

# पूज्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज का टीडीएम इंटर कॉलेज में पुष्प वर्षा के साथ किया गया भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सनातन धर्म के महान विद्वत विभूषित श्री त्रिदंडी स्वामी परम्परा के वर्तमान प्रधान संत पूज्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज का रविवार को टीडीएम इंटर कॉलेज में पदार्पण हुआ. वहां पुष्प वर्षा के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया.कॉलेज के कर्मचारी एवं भक्त गण भगवान स्वरूप श्री स्वामी जी का शाष्टांग दण्डवत किया.स्वामी जी ने सबको आशीष प्रदान दिया. इसके पूर्व संत श्री जीयर स्वामी जी महाराज पाल्हे-जतपुरा में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को सम्पन्न कराने के बाद बाबा बंशीधर भगवान का दर्शन किया. इसके बाद टीडीएम कॉलेज पहुंचे। स्वामी जी ने कॉलेज परिसर में अपना प्रथम कदम रखते ही कॉलेज की प्रशंसा की एवं कहा कि यह बहुत बढ़िया शैक्षणिक संस्थान है. इसे बहुत सुंदर तरीके से बनाया गया है. श्री जीयर स्वामी जी ने कॉलेज में श्री लक्ष्मी नारायण और मां सरस्वती की आरती की और वहां उपस्थित सभी जनों को दर्शन दिया. बाबा का दर्शन कर सभी अभिभूत थे. उसके बाद स्वामी जी ने निर्माणाधीन शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज स्थल पहुंचे. अपने चरण रजों से उस भूमि को भी धन्य और पवित्र किया.स्वामी जी ने कहा कि वह भी कई शैक्षणिक संस्थाए खोल रखे हैं. जहां बच्चों को उत्तम शिक्षा दी जा रही है.वर्तमान समय में शैक्षणिक संस्थान खोलना बड़ा समर्पण का कार्य है. इसका लाभ सम्पूर्ण समाज को मिलता है. यह एक ऐसा केंद्र बन जाता है जहां से शिक्षा, संस्कार, रोजगार, सामाजिक ज्ञान, भाई बन्धुत्व, सद्गुण और धर्म का ज्ञान मिलता हैं. सबको दर्शन देने के बाद स्वामी श्री ने अपने अगले प्रवास के लिए प्रस्थान किया. मौके पर टीडीएम इंटर कॉलेज और शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज के सचिव शारदा महेश प्रताप देव ने कहा कि पूज्य संत श्री जीयर स्वामी जी का कदम पड़ते ही कॉलेज धन्य एवं पवित्र हो गया। स्वामी जी ने कॉलेज में पधारने के उनके आग्रह को स्वीकार कर बड़ा उपकार किया है. इसके लिए संस्थान उनका सदैव अनुग्रहित रहेगा. यह महाविद्यालय स्वामी जी की आशीर्वाद को आदेश मानकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता रहेगा और शैक्षणिक सेवा के अपने कर्तव्य को अर्श तक पहुंचाएगा. मौके पर टीडीएम इंटर कॉलेज के अध्यक्ष राजेश्वर प्रताप देव, प्राचार्य धनन्जय सिंह, शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रशांत सहाय, अविभावक रामजन्म सिंह, नरेंद्र सिंह, स्नेहलता, प्रेमलता, इंद्र प्रताप देव, ब्रजकिशोर देव, राणा प्रताप देव, गिरजा गणेश प्रताप देव, विनय कुमार देव, बिनोद कुमार देव, धीरेंद्र चौबे, नीलू चौबे, वीरेंद्र कुमार चौबे, शिक्षक वरुण कुमार पांडेय, विवेक सिंह, अमरेश यादव, राजीव रंजन प्रताप देव, दिलीप कुमार गुप्ता, रजनीश कुमार, जूही कुमारी, ममता कुमारी, बेबी कुमारी, टूटू बाबू, अमित कुमार सिंह, नवनीत कुमार सिंह, आशीष शुक्ल, प्रवीण कुमार, विकास देव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# चरकेड़िया में आयोजित 24 घंटे का अखंड कीर्तन संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में प्रखंड क्षेत्र के अररूआ कला गांव के चरकेड़िया टोला स्थित देवी मंदिर के प्रांगण में आयोजित 24 घंटे का अखंड कीर्तन रविवार को संपन्न हुआ। इसके पहले आचार्य संतोष कुमार मिश्र के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से शुरू हुए अखंड कीर्तन में ढोलक झाल के साथ अनवरत हरे राम, हरे कृष्ण का जाप चलता रहा। जहां गांव सहित आस-पास के विभिन्न गांव के कई सांस्कृतिक टीम शामिल हुए। वहीं अखंड कीर्तन समापन के बाद भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। भंडारे में सैंकड़ों लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह सचिव विरेन्द्र राम कोषाध्यक्ष अमरेश कुमार वरिष्ठ राजद नेता बुधन सिंह यादव सुरेंद्र सिंह गोपाल यादव आदि लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

# सत्संग का किया गया आयोजन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में शनिवार की शाम सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि, शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामुहिक रुप से संध्याकालीन विनती प्रार्थना, सत्यानु शरण ग्रंथ, नारी नीति ग्रंथ, अनुश्रुति ग्रंथ व शाश्वती ग्रंथ का पाठ किया गया। सत्संग में धृतिसुन्दर लाल ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया। सत्संग में मुख्यरूप से आगामी 5 नवम्बर को आयोजित होने वाले श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी का 136 वां जन्म महोत्सव की तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। सत्संग में ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा, अखिलेश प्रसाद, राजकुमार, गोविन्द प्रसाद रजक, शक्तिदास सिन्हा, अजय दा, भोला, श्रीकांत, पप्पू जायसवाल, राहुल दा, अनिता देवी, गीता देवी, माला देवी, चंचला देवी, दीपमाला, निर्मला जायसवाल, सत्यवन्ति देवी सहित बड़ी संख्या में गुरु भाई बहन उपस्थित थे।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का जिला स्तरीय बैठक संपन्न



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 29 अक्टूबर को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष भुनेश्वर साव एवं संचालन जिला मंत्री सुधीर कुमार ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बजरंग दल के प्रांत संयोजक श्रीमान दीपक ठाकुर जी व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांत मिलन केंद्र प्रमुख संजय चौबे एवं प्रांत विद्यार्थी प्रमुख अमित पासवान जी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत संयोजक श्री दीपक ठाकुर जी ने बताया कि अयोध्या में बन रहे भव्य श्री राम मंदिर से आए अक्षत पत्रक एवं आमंत्रण को चतरा जिले के सभी प्रखंडो, पंचायतो और सभी गांवो के घर-घर तक विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पहुंचायेंगे। जनवरी 2024 में अयोध्या श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर सभी राम भक्तों के घर और आस पास के सभी मंदिरो में दीप उत्सव का कार्यक्रम भी होगा। साथ ही साथ चौक चौराहों में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। साधु संतों के आह्वान पर अयोध्या में पूजे जाने वाले अक्षत को घर-घर तक पहुंचाकर इस शुभ घड़ी की बेला के लिए आमंत्रण करने की रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही उन्होंने विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। इसके लिए सभी प्रखंडों के लिए पालक नियुक्त किया गया। चतरा नगर के लिए श्री अमित पासवान, पत्थलगड़ा भुनेश्वर साव, ग्रामीण मृत्युंजय प्रजापति, जोरी पंकज सिंह जी, हंटरगंज राहुल ठाकुर, प्रतापुर अंकित पांडे, इटखोरी सुरेंद्र पासवान जी,लावालॉन्ग तारकेश्वर गुप्ता, सिमरिया नकुल राम जी, गिद्धौर शाश्वत पांडे जी, मयूरहैंड संतोष कुमार जी, टंडवा सुधीर कुमार,कुंदा बंटी गुप्ता, पांडेपुरा भवानी जी एवं राहुल ठाकुर एवं कान्हाचट्टी ठाकुर राकेश रंजन को पालक के रूप में बनाया गया। साथ ही सभी प्रखंडों की बैठक 22 नवंबर से लेकर 30 नवंबर तक करने का निर्णय लिया गया। साथ ही मौके पर बैठक के दौरान विभाग मंत्री के आदेश अनुसार पत्थलगड़ा, सिमरिया एवं चतरा ग्रामीण में रिक्त पदों की घोषणा की गई जिसमें पत्थलगड़ा प्रखंड टोली के संरक्षक प्रमोद कुमार कुशवाहा, संदीप कुमार सुमन उर्फ महेश दांगी, उपाध्यक्ष जनार्दन दांगी ,चंद्रशेखर कुमार सह मंत्री राहुल कुमार, विहिप गोरक्षा प्रमुख रोहित प्रजापति, जनार्दन कुमार, बजरंग दल सहसंयोजक बब्लू कुमार कुशवाहा, विक्रम कुमार, गोरक्षा प्रमुख रूपेश कुमार, सह गोरक्षा प्रमुख कपिल कुमार, अरविंद कुमार, सुरक्षा प्रमुख अमरेश कुमार, सह सुरक्षा प्रमुख आलोक कुमार, विद्यार्थी प्रमुख कृष्ण कुमार, साप्ताहिक मिलन प्रमुख अरविंद कुमार, सह साप्ताहिक मिलन प्रमुख सुनील कुमार, बलोउपालना केंद्र प्रमुख वीरेंद्र कुमार, सामाजिक समरसता प्रमुख सुमन कुमार, धर्म प्रचार प्रमुख दीपक कुमार, प्रचार प्रसार प्रमुख निरंजन ठाकुर, मठ मंदिर प्रमुख सिकंदर कुमार, सहमठ मंदिर प्रमुख आनंद कुमार,सत्संग प्रमुख रवि कुमार, सेवा प्रमुख विकास कुमार ठाकुर, धर्माचार्य संपर्क प्रमुख महेश राणा, सिमरिया प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश कुमार ग्रामीण सहसंयोजक राकेश कुमार को मनोनीत किया गया।

# श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के समापन के अवसर पर सैकड़ो पुरुष व महिलाओं ने किया दीक्षा ग्रहण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर उंटारी प्रखंड के पाल्हे जतपुरा गांव में देश के महान संत श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के समापन के अवसर पर शनिवार की रात 210 पुरुष व 74 महिलाओं ने दीक्षा ग्रहण किया। शिष्य बनने वाले सभी 210 पुरुषों को श्री जीयर स्वामी जी महाराज व सभी 74 महिलाओं को जगतगुरु रामानुजाचार्य अयोध्या नाथ स्वामी जी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शंख, चक्र व गुरु मंत्र प्रदान कर शिष्य बनाया। ज्ञात हो कि श्री जीयर स्वामी जी महाराज पाल्हे जतपुरा गांव में विगत 5 माह तक रामानुजाचार्य सहस्राब्दी जयंती महा महोत्सव के अवसर पर चातुर्मास्य व्रत में थे। व्रत के समापन के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के पूर्णाहुति के दिन रात में महिला-पुरुषों द्वारा इच्छा जताने पर श्री स्वामी जी ने अपना शिष्य बनाया। सभी पुरुष शिष्यों को दोनों बांह पर एक में शंख व दूसरे में चक्र का चिन्ह प्रदान किया साथ ही गुरु मंत्र दिया। महिलाओं को श्री स्वामी जी के प्रतिनिधि के रूप में जगतगुरु अयोध्या नाथ स्वामी जी ने शंख, चक्र प्रदान कर गुरु मंत्र दिया। इस पल का साक्षी बनने के लिए हजारों श्रद्धालु नर-नारी सहित यज्ञ समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्य गण मौके पर उपस्थित थे। महिला-पुरुष शिष्यों को दीक्षा देते ही श्री स्वामी जी के जयकारा से वातावरण गूंज उठा। दीक्षा ग्रहण करने के बाद सभी महिला-पुरुष शिष्यों ने प्रसाद पाकर महाप्रसाद ग्रहण किया।

# बढ़े हुए मानदेय के वसूली के आदेश के विरुद्ध सभी एनएचएम कर्मियों ने काला बिल्ला लगा कर किया कार्य

## मांग पूरा नही होने पर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने की दिया धमकी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** एनएचएम कर्मियों का पूर्व में बढ़ाये गए 15 प्रतिशतमानदेय वृद्धि को निरस्त करने एवं दिए गए मानदेय की वसूली का आदेश के विरोध में अनुमंडलीय अस्पताल बंशीधर नगर के एनएचएम कर्मियों ने शनिवार को काला बिल्ला लगाकर काम किया। इस संबंध में रेफरल अस्पताल की प्रखंड लेखा प्रबंधक करुणा कुमारी ने बताया कि मई माह में स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में रांची में हुई बैठक में एनएचएम झारखंड राज्य एड्स प्रोग्राम्स समिति अंतर्गत कार्यरत अनुबंध कर्मियों का सातवें वेतनमान के विरुद्ध 15 प्रतिशत मानदेय की वृद्धि की गई थी। इसके बाद सभी एनएचएम कर्मियों को जून, जुलाई, अगस्त एवं सितंबर 2023 का बड़ा हुआ मानदेय मिला। इसके बाद 15 अक्टूबर को स्वास्थ्य विभाग के मुख्य सचिव द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सिविल सर्जन गढ़वा को निर्देश जारी करते हुए कहा गया की 15 प्रतिशत मानदेय वृद्धि को निरस्त कर भुगतान किए गए 4 महीने के बृद्धि के साथ भुगतान मानदेय की वसूली करने का निर्देश जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह आदेश किसी तरह से न्याय संगत नहीं है। इसी आदेश के विरोध में शनिवार को सभी एनएचएम कर्मी काला बिल्ला लगाकर विरोध कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यदि इस आदेश को वापस नहीं लिया गया तो सभी एचएम कर्मी हड़ताल पर जाने को विवश होंगे। मौके पर सीएचओ प्रेम लकड़ा, सीएचओ शांति लता मड़की, ब्लॉक डाटा मैनेजर अनुरंजन कुमार पांडे, एमटीएस विजय कुमार पाठक, ए एन एम नीलम लता, अंजनी कुमारी, गरिमा तिर्की सहित सभी एनएचएम कर्मी उपस्थित थे।

# एनसीपी के पलामू जिला अध्यक्ष बने संदीप पासवान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने पिपरा निवासी संदीप कुमार पासवान को एनसीपी का पलामू जिला अध्यक्ष मनोनित किया है। इस आशय का पत्र प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने मेदिनीनगर में संदीप कुमार पासवान को दिया। प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी के प्रति समर्पण के अलावा संगठन के प्रति उनकी सक्रियता को देखते हुए उन्हें पलामू जिला की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने उम्मीद जताया है की संदीप कुमार पासवान के नेतृत्व में जिला में पार्टी का संगठन और मजबूत होगा। जिला अध्यक्ष का दायित्व मिलने के बाद संदीप कुमार पासवान ने प्रदेश अध्यक्ष समेत पार्टी के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह एनसीपी के संगठन विस्तार में लगातार जुटे हैं। जल्द ही जिला के सभी प्रखंडों में एनसीपी का मजबूत संगठन बनाने का काम वह करेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में जिला के प्रखंडों में एनसीपी का संगठन निर्णायक भूमिका में होगा। बताते चले कि संदीप पासवान पिपरा से पूर्व में जिला परिषद सदस्य एवम विधायक प्रतिनिधि भी रह चुके हैं।

# समता स्कूल जपला में अभिभावक व शिक्षक संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद शहर के अमन चैन मोहल्ला में स्थित समता स्कूल परिसर में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ विद्यालय के निर्देशक सह प्रधानाचार्य अक्षय कुमार चौहान, विनोद चौधरी, संतोष मिश्रा, किरण देवी अंजली सिंह, बेबी शेख, सुधांशु कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल कुमार चौहान, दीपक प्रजापति, विकास कुमार, दशरथ कुमार, कार्तिक कुमार, सलोनी कुमारी, शिल्पा कुमारी, रेशमा सैयद, रिमझिम देवी, उम्म सैयद, गार्ड नंदू प्रजापति, अनूप पांडे, परिचायिका राजवंती देवी आदि ने मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण करने के बाद दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य के द्वारा अभिभावकों एवं शिक्षकों की अंतिम में समापन के दौरान अभिभावकों को सभी प्रश्नों का उत्तर सौहार्दपूर्ण तरीके से समस्या का समाधान कर दिया गया तत्पश्चाप उपस्थित सभी अभिभावक माता एवं पिता ने संगोष्ठी का प्रशंसा किया।

# लातेहार डिग्री कॉलेज में पढ़ाई जल्द शुरू कराने को लेकर आजसू ने चलाया हस्ताक्षर अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शुक्रवार को आजसू पार्टी ने लातेहार स्टेशन के नवरंग चौक, आरगुंडी, नेवाड़ी इत्यादि जगहों में हस्ताक्षर अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व जिला अध्यक्ष अमित पाण्डे के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में ग्रामीण व विद्यार्थियों से हस्ताक्षर अभियान चलाकर कार्यक्रम में भाग लेने की अपील किया है। आगे श्री पांडेय ने कहा कि लातेहार में डिग्री कॉलेज के लिए दो भवन बनकर तैयार है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा दस माह पहले उद्घाटन भी कर दिया गया। लेकिन अभी तक पढ़ाई शुरू नहीं हुई है। जिस कारण यहां के विद्यार्थियों को उच्च पढ़ाई के लिए दूसरे शहरों का रुख करना पड़ रहा है। श्री पांडेय ने बताया कि विद्यार्थियों की समस्या को देखते हुए आजसू पार्टी द्वारा 2 नवंबर को एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। इसके बावजूद भी पढ़ाई शुरू नहीं हुई तो चरमबद्ध आंदोलन की जाएगी। मौके पर जिला प्रवक्ता नितेश पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र दास जिला कोशाध्यक्ष सद्दाम अंसारी प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव नगर अध्यक्ष नितेश जयसवाल छात्र संघ के जिला अभिजीत कुमार प्रिंस दुबे दीपक कुमार परदेसी रवि अंकित कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव एवं गणित विज्ञान मेला के लिए रवाना हुई इंटर कॉलेज की टीम



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुजफ्फरपुर के सदातपुर स्थित विद्या मंदिर में 30 एवं 31 अक्टूबर एवं 1 नवंबर को विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र द्वारा आयोजित क्षेत्रीय गणित विज्ञान मेला और भागलपुर के कहलगांव स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में 30 एवं 31 अक्टूबर को आयोजित क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव में भाग लेने के लिए मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लोहरदगा की अलग-अलग टीमें रविवार को रवाना हुई। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने शुभकामनाएं देकर मार्गदर्शन शिक्षकों के साथ सहित 20 सदस्यों की टीम को रवाना किया। टीम में त्वरित भाषण में रोशनी उरांव,गणित विज्ञान मेला में नैनो टेक्नोलॉजी का भविष्य विषय पर पत्र वाचन में शशि कश्छप, आचार्य पत्र वाचन में नीतू कुमारी, लोक नृत्य में पूर्णिमा भगत, रितु कुमारी, मधु श्वेता कुजूर, प्रिया कुजूर, अनिमा लकड़ा,पूनम कुमारी, सुजीत उरांव, मंतोष उरांव, अनित उरांव, अंकित उरांव, विकास उरांव, धर्मदेव उरांव, सचिन भगत, अजीत उरांव, संदीप उरांव शामिल है। मार्गदर्शक आचार्य टोली में ऋद्धि मिश्रा एवं कविता कुमारी शामिल है। इधर शील अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर से भी क्षेत्रीय गणितम विज्ञान मेला में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर विज्ञान पत्र वाचन में अन्वेशा मुखर्जी भी मार्गदर्शन आचार्य राजीव कुमार सिंह के साथ सदातपुर, मुजफ्फरपुर विद्यालय के लिए रवाना हुई हैं। दोनों विद्यालयों के प्रबंधकारिणी समिति के पदाधिकारीगण एवं शिक्षक शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने सभी को शुभकामनाएं दी हैं।

# लातेहार जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष पंकज सिंह की अध्यक्षता में वार्षिक आमसभा संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला क्रिकेट संघ का अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह के अध्यक्षता में लातेहार के होटल ब्लिस में वार्षिक आम सभा का आयोजन संपन्न हुआ। वहीं संघ के सचिव द्वारा 2022-23 में हुए क्रिकेट गतिविधि एवम उपलब्धि को विस्तार पूर्वक रखा गया। रणधीर वर्मा ट्रॉफी के विजेता तथा अंडर 16 के उपविजेता होने पर लातेहार टीम को बधाई दिया गया । लातेहार के खिलाड़ी प्रभात कुमार यादव को राज्य स्तरीय क्रिकेट टीम में चयन किए जाने पर उपस्थित लोगों ने जेएससीए के प्रति आभार जताया। संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने बताया कि लातेहार के खिलाडियों को बेहतर सुविधा मिले इसके लिए संघ प्रयासरत है। जिला भर से प्रतिभावान खिलाड़ी निकल कर आए इसके लिए ही स्कूली क्रिकेट लीग तथा सीनियर क्रिकेट लीग का आयोजन किया जाता है । बैठक में सत्र 2022-23 की आय व्यय का ब्योरा संघ के कोषाध्यक्ष सतीश कुमार द्विवेदी विस्तार पूर्वक रखा। सत्र 2023-24 के लिए स्कूली लीग, सीनियर जिला लीग का आयोजन कराया जाएगा। जहां स्कूली लीग का आयोजन 30 अक्टूबर से 18 नवंबर तक तथा सीनियर जिला क्रिकेट लीग का आयोजन 24 नवंबर से 20 दिसंबर तक किया जाएगा। लातेहार प्रीमियर लीग 2023-24 के सफल आयोजन की सराहना की गई। रणधीर वर्मा ट्रॉफी के विजेता तथा अंडर 16 के उपविजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को संघ द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं संघ को तथा खिलाड़ियों को सहयोग करने वालों एवम उत्कृष्ट कार्य करने वालों में अंपायर जितेंद्र कुमार, कोच श्रवण महली, समरेश बादल, स्कोरर रौनक दुबे, सहयोगी धीरेंद्र सिंह सुरवार तथा आनंद कुमार सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संघ के उपाध्यक्ष अनिल सिंह ने किया। मौके पर संघ के उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद, विष्णुदेव प्रसाद गुप्ता, संयुक्त सचिव जावेद अख्तर, प्रकाश कुमार कमिटी मेंबर प्रदीप कुमार उपाध्याय, शैलेश कुमार, नीरज कुमार सिंह, दिलीप कुमार , सदस्य ओंकार नाथ सहाय, सुरेंद्र प्रसाद, मो याहिया, जितेंद्र कुमार समेत कई सदस्य खिलाड़ी उपस्थित थे।

# सेड निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग पर विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह थाना परिसर में भवन विभाग से लगभग चार लाख रुपए की लागत से सेड निर्माण कार्य किया जा रहा है। जहां रविवार को सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच में पहुंचे ,देखा गया कि सेड निर्माण कार्य में घटिया सीमेंट और निम्न स्तर का स्टील का उपयोग किया गया है इसपर वह नाराज़गी जताते संबंधित कनीय अभियंता से बात कर तत्काल जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।इस संबंध में अभियंता केदार जी ने बताया कि ब्रांडेड सामग्री का उपयोग करना है,अगर निम्न स्तर का सामग्री उपयोग हो रहा है तो वह ग़लत है तत्काल कार्रवाई की जाएगी। वहीं मौके पर थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने बताया कि निर्माण कार्य में खराब ईंट का प्रयोग किया जा रहा था तो उसे हटवाया गया है। उन्होंने कहा कि यह सेड निर्माण कार्य क्षेत्र के लोगों को आराम के लिए बनवाया जा रहा है जो गुणवत्तापूर्ण कार्य होना चाहिए। वहीं संवेदक द्वारा बताया गया कि जेईई साहब से पुछकर स्टील को हटा दिया जाएगा।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



संक्षिप्त खबरें

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र के डेम्बू ग्राम में रविवार को ट्रैक्टर की ट्राली की चपेट में आने से दिनेश्वर यादव 25 वर्ष पिता केदार यादव की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि दिनेश्वर यादव अपना ट्रैक्टर का हाइड्रोलिक ट्राली को उठाकर ट्रैक्टर में कुछ नट बोल्ट टाइट कर रहा था। इसी बीच हाइड्रोलिक का पाइप फट गया और ट्राली एकाएक दिनेश्वर यादव पर जा गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा घायल अवस्था में दिनेश्वर यादव को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा जाँचो उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# आदिवासी लोहरा समाज ने जिला सम्मेलन का किया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** आदिवासी लोहरा समाज द्वारा स्थानीय बासाओड़ा मे जिल सम्मेलन का आयोजन किया गाय।इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मोहन लोहरा ने किया। सम्मेलन का नेतृत्व कार्यकारी अध्यक्ष सरोज लोहरा प्रखण्ड अध्यक्ष विनोद लोहरा, जिल महासचिव राजा लोहरा ने संयुक्त रूप से किया। केन्द्रीय कमीटी द्वारा जाति प्रमाण पत्र के स्थायी समाधान करते हुए सुगमता से जाति प्रमाण पत्र बने। और लातेहार जिला के लोहरा जाति समाज को संगठित होकर आदिवासी कल्चर को माने।समेत अन्य विंदुओ पर विस्तार से चर्चा की गई।मौके पर केन्द्रीय कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष बालमुकुन्द लोहरा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अभय भुट कुवंर, प्रदेश महासचिव प्रीतम सांड, लोहरा स्थायी समाधान का अध्यक्ष-महावीर लोहरा समेत जिला व प्रखण्ड के कार्यकर्ताओं और जिला परिषद विनोद उरांव, बिरसा मुंडा समेत, प्रमिला देवी, बसंती देवी, चाँदनी देवी, ईश्वरी लोहरा, रामशेवक लोहरा, बिरेन्द्र लोहरा, अभय लोहरा, सिवाराम लोहरा, पूरक लोहरा, कारू लोहरा, नरेश लोहारा, जदूगीर लोहरा समेत काफी लोग शामिल थे।

## जांच घर ने कर दिया कारनामा, बीपी न्यूनतम के जगह निकाला डेंगू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** सिमरिया में एक ऐसा मामला सामने आया है कि आप चौक जाएंगे कहीं जांच कराने में आप सौ बार सोचेंगे कि कब किस जांच घर ने किस बीमारी के जगह कौन सा बीमारी जांच में बता देगा। जांच घर संचालकों का आतंक पूरे जिले में सुनाई दे रहा है। यहां कब लोग किसकी जान ले लेगा, अथवा बीपी लो वाले मरीज को डेंगू निकाल देगा कहना बड़ा मुश्किल है। कुछ ऐसा ही अजीबोगरीब कारनामा बीते 28 अक्टूबर को सिमरिया डायग्नोस्टिक सेंटर थाना रोड़ ने कर दिखाया है। जहां बानासाडी गांव निवासी पियूष कुमार नामक 15 वर्षीय युवक को जांच के क्रम में न सिर्फ डेंगू निकाल दिया बल्कि एक दो घंटे में प्लेटलेट नहीं चढ़ाने पर उसकी जान जाने की नसीहत तक डे डाली जिससे परिजन दहशत में आ गये। वहीं जांच घर के रिपोर्ट के आधार पर रेफरल अस्पताल के चिकित्सक ने उसे तुरंत रिम्स रेफर कर दिया। परिजनों ने आनन फानन में कर्ज महाजन कर जब पियूष को लेकर रिम्स रांची पहुंचे और उसकी जांच कराई गई तो वहां डेंगू तो नहीं निकला बल्कि बच्चे का बीपी न्यूनतम बताया गया। वहां चिकित्सकों ने ग्लूकोज चढ़ाया जिससे पियूष स्वस्थ हो गया। अब सवाल यह उठता है कि यहां जांच कैसे की जाती है और उसकी विश्वशनीयता कितनी है सही है। इसका आप अनुमान खुद लगा सकते हैं। अगर आपको अपनी जान गवानी हो तो सिमरिया डायग्नोस्टिक सेंटर में एक बार जरूर जांच कराएं। चुकी यह मैं नहीं कह रहा हूँ। मामला सामने है। क्या वैसे जांच घरों को उच्चस्तरीय स्वास्थ विभाग के अधिकारियों से जांच होनी चाहिए। आपको बता दें कि इस तरह कई जांच घर ऐसे हैं जो निम हकीम खतरे में मरीज की जान हैं।

## हंटरगंज के दंतार में मोमीन कान्फ्रेंस की एक अहम बैठक आयोजित




**हंटरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के सुदूरवर्ती क्षेत्र दंतार में मोमीन कॉन्फ्रेंस की एक अहम बैठक उर्दू मकतब में आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता कांफ्रेस के प्रखण्ड अध्यक्ष हाजी सेराजउद्दीन अंसारी और संचालन मो मुख्तार आलम ने किया।बैठक का शुभ आरंभ हाफिज जुलकर नैन ने कुरान पाक की तेलावत कर किया। इस मौका पर कांफ्रेंस ने इजराइल के द्वारा फिलिस्तीन के गजा पर किए जा रहे अत्याचार और बरबरियत के विरुद्ध एक निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक के माध्यम से कहा गया है कि इजराइल अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उलंघन कर गाजा के बेकसूरों और मासूमों की खून के साथ होली खेल रहा है। इंसानियत और जंगी नियमों को ताक पर रख कर हमास के बहाने मासुमो की जान ले रहा है और कब्जा करना चाह रहा है। जंग को अति शीघ्र रोका जाय। केंद्र सरकार से मांग किया गया है कि इजराइल से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार बंद कर फिलिस्तान के साथ खड़ा रहे जिस तरह से भारत के पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपीय ने फिलिस्तीनियों को उसकी पूर्ण आजादी और जमीन को वापस करने पर बल दिया था।पुनः उसे दुहराने की जररूत है। कांफ्रेंस को सशक्त और मजबूत बनाने पर बल दिया गया।पंचायत स्तर पर कांफ्रेंस के पदाधिकारियों का चुनाव कर कांफ्रेंस के मिशन और विजन को जन जन तक पहुंचना है। देश की आजादी में कांफ्रेंस के महान स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों के बदौलत आजादी मिली सबसे ज्यादा वोटर हैं। लेकिन सबसे पीछे हैं। इसके उत्थान के लिए संगठित हो कर संवैधानिक तरीके से अधिकार प्राप्त करना बताया गया है। अल्प संख्यक पिछड़ा मुसलमानो को अपने अधिकार और कर्तव्य का बोध कराना है। बैठक में मुख्य रूप से मोहम्मद नजीर अहमद, मोहम्मद फैयाज आलम, ओबैदुल्लाह के अतिरिक्त दर्जनों लोगों ने बैठक को सम्बोधित किया।

उपकापानी में लक्ष्मी पूजा समिति का हुआ पुनर्गठन

# पूजा समिति के अध्यक्ष जगदीश महतो व सचिव बने महेंद्र महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड अंतर्गत सराढू पंचायत के उपकापानी विद्यालय परिसर में रविवार को लक्ष्मी पूजा धूमधाम से मानने को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम के साथ लक्ष्मी पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष जगदीश महतो, सचिव महेंद्र महतो, कोषाध्यक्ष तुलेस्वर यादव, उपाध्यक्ष कैलाश यादव, पाली महतो, संजीव यादव, उपसचिव सकेन्द्र महतो, मीडिया प्रभारी पंकज महतो, अजय मौर्या को बनाया गया। वहीं साथ में ग्यारह सदस्यीय संरक्षक मंडली भी बनाया गया। नव नियुक्त चुने गए पूजा समिति के पदाधिकारीयो ने बताया कि इस बार लक्ष्मी पूजा विगत वर्षो की अपेक्षा और भी धूमधाम पूर्वक मनाया जाएगा। साथ ही पूजा पंडाल परिसर को आकर्षक विद्युत बल्बों से सजाया जाएगा। मौके पर छठु महतो, जीवलाल महतो, बालो भुईया, शतीस महतो, पप्पू महतो, नामधारी महतो, बिनोद कु यादव, हिरा घासी, कामेश्वर यादव, अमृत महतो, नरेश यादव, विजय महतो समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## मां अम्बे कोल कम्पनी के जीएम अम्बे सिंह द्वारा प्रति टन कोल वाहनों से 40 रुपये किया जाता है उगाही

➲ बाहरी वाहनों से कोल ढुलाई करने के नाम पर प्रति वाहन 2 हजार की जाती है उगाही : ऑनर संघ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** जिला के टंडवा प्रखण्ड में संचालित अम्रपाली चन्द्रगुप्त कोल कम्पनी के जीएम अम्बे सिंह द्वारा अवैध रूप से वाहन मालिकों से रुपये उगाही का मामला सामने आया है। जिसमें कोल वाहनों के मालिकों द्वारा प्रति टन 40 रुपये के हिसाब से रुपये वसूली किया जा रहा है। वहीं दुशरे राज्यों के वाहनों से अम्रपाली में कोयला ढुलाई करने वाले वाहनों से प्रति वाहन 2 हजार रुपये तक ली जा रही है। जिसका विरोध वाहन मालिकों ने पुरजोर विरोध किया है और कहा है कि हम स्थानीय वाहन मालिकों को सही से ना ढुलाई का रुपया मिल पाता है और ना फॉर्मेट मिल पाता है जिसका नतीजा है कि हम लोग आर्थिक तंगी का शिकार हो रहें हैं। जबकि हमारे क्षेत्र हमारे पूर्वजों के जमीन में बाहरी लोग धौस दिखा अभी तक तय मुआवजा तक नहीं दिया जा रहा है। जिससे आये दिन विरोध प्रदर्शन जारी रहता है। वहीं बाहरी लोगों को यहां शरण दिया गया है। जबकि यहां के लोग भुखमरी का शिकार हो रहे हैं। अक्सर कम्पनी में बाहरी लोग आसीन है और यहां के लोग केवल धूल गर्दा व मौत के गले लगा रहे हैं। मामले को देख वाहन मालिकों ने बैरियर लगा दिया है। जबकि इसी बैरियर से बैरियर लगा रुपये की वसूली की जाती थी। बीच में जीएम द्वारा वाहन मालिकों के विरोध करने पर बैरियर हटा लिया गया था। अब वाहन मालिकों ने खुद 40 रुपये प्रति टन के हिसाब से लेने के विरोध को में बैरियर लगा विरोध जताया है। इधर बैरियर लगाने को लेकर राजनीतिक गलियारे में काफी हलचल हो गयी है। वहीं उक्त बैरियर लगाने को लेकर वाहन मालिकों को जेएमएम के मनोज चन्द्रा ने नैतिक समर्थन दिया है।

## पोस्टमार्टम हाउस में तीन दिनों से पड़ा है महिला का मृत शरीर, दुर्गंध से लोग परेशान

**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के जाने माने सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में एक महिला का मृत शरीर तीन दिनों से लावारिश पड़ा हुआ है। स्थिति ऐसी हो गई है कि शव से बहुत तेजी से हड्डी से मांस छोड़ रही है जिसके कारण दुर्गंध से पूरे परिसर में फैल गयी है। ऐसी स्थिति के कारण अस्पताल कर्मी से लेकर आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस तरह के मामले में सदर अस्पताल प्रबंधक का कोई ध्यान नहीं जा रहा है और ना ही पुलिस महकमें के किसी उच्चस्तरीय अधिकारी का नजर है। कोई भी इस दिशा में एक्शन लेने के मूड में नहीं है। सभी पूरे मामले में एक दुशरे के सर पर टोपी पहनाते नजर आ रहे हैं। ऐसे में शव का क्या गुनाह जो उसके पार्थिव शरीर के साथ इंशान भी भद्दा मजाक करने में लगे हैं। वहीं अक्सर लोग चौक चौराहे से लेकर स्टेज पर तक मानवता की की बात करते थकते नहीं । लेकिन इनकी मानवता और रूल नियम कानून कायदा कहां गयी। सदर थाना इस मामले को इटखोरी थाना का मामला बता रही है। तो कुछ पुलिस के अधिकारी इसमें कुछ नहीं कर पाने का हवाला दे रहे हैं। परंतु इसकी टोपी उसके सर करने के इस फिराक में उन चिकित्सकों को फजीहत हो रही है जिनका पोस्टमार्टम ड्यूटी होता है। एक तो पोस्टमार्टम ऊपर से बगल में सड़ा हुआ शव रखे रहने के बाद कोई कैसे वहां रहकर पोस्टमार्टम कर सकता है। अगर समय रहते इस मृत शरीर को वहां से हटाया नहीं गया तो जिस अस्पताल में लोग बीमारियों का उपचार कराने के लिए आते हैं वहां लोग और बीमार हो कर वहीं इलाज कराने पर मजबूर हो जाएंगे। आखिर शव कहां की है किसकी है ।किस थाने से आई है। यह सब बातें सोचने पर मजबूर कर रही है।

## नकली शराब कि तस्करी करने वाला फरार अभियुक्त गिरफ्तार, जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत अवैध तरीके से नकली शराब कि तस्कर करने वाला फरार चल रहे अभियुक्त सुरेश रविदास के पुत्र संतोष रविदास उम्र 26 वर्ष ग्राम पंचायत बारिसाखी थाना गिद्धौर जिला चतरा निवासी को गिद्धौर थाना प्रभारी गुलाम सरवर में शनिवार संध्या को गिद्धौर मैन चौक से गिरफ्तार कर रविवार को चतरा जेल भेज दिया है। बताते चलें कि गिद्धौर थाना कांड संख्या 51/23 के तहत 17 जुलाई को धारा 272, 273, 284/34 भादवी एवं 47 (a) उत्पाद अधिनियम व ट्रेडमार्क एक्ट 1999 की धारा 103/104 के तहत प्राथमिकी दर्ज है। छापामारी दल में गिद्धौर थाना प्रभारी के साथ पुलिस अवर निरीक्षक जायरा बाखला के साथ सशस्त्र बल भी शामिल थे।

पोस्ता उन्मूलन अभियान में थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से कहा...

## अबरी पोस्ता के खेती नै होतो




प्रभात मंत्र संवाददाता

**कान्हाचट्टी :** अबरी अफीम पोस्ता की खेती नै होतो, और जे पोस्ता अफीम की खेती करबा ने उ सीधा जेल जेबा। ऊक्त बाते शनिवार को राजपुर थाना भोला नाथ दास ने थाना क्षेत्र के बिरलूटुदाग आदि गांवों में पोस्ता उन्मूलन को लेकर चलाए जा रहे अभियान में ग्रामीणों को कहा। बताते चलें कि आरक्षी अधीक्षक के निर्देश पर लगातार राजपुर पुलिस और वन विभाग राजपुर थाना/राजपुर वन क्षेत्र में पड़ने वाले वैसे गांव जहां पोस्ता की वृहत पैमाने पर पोस्ता की खेती लोग किया करते थे। लेकिन इस बार जिला प्रशासन ने ठाना है पोस्ता की खेती को जड़ से हटाना है, के तहत ही लगातार पोस्ता उन्मूलन को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से बार बार निर्देश के साथ आग्रह भी कर रहे हैं कि आप पोस्ता की खेती से दूर रहें। मौके पर थाना के सब इंस्पेक्टर नंदन सिंह, वन विभाग के वन कर्मी भी उपस्थित थे।

## हाथी के चपेट में आने से एक युवक घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिले के पलामू टाइगर रिजर्व गारू, सरयू प्रखंड में इन दिनों जंगली हाथियों का आतंक बढ़ता जा रहा है आए दिन जंगली हाथियों के द्वारा आम ग्रामीण की मौत और घर क्षतिग्रस्त होने की सूचना सुनने को मिल रही है इसी कड़ी में सरयू प्रखंड के समीप ग्राम-कोरवा टोली के खुटी सखुवा टोला मे संध्या रात्री तकरीबन 6.45 बजे दो हाथी आ धमके और अनाज और आसपास की लगी फसल को भी बर्बाद कर दिया वहीं सकलदीप सिह (35) वर्ष पिता-स्व? जयराम सिंह के कच्चा मकान का दिवार हाथीयों के द्वारा गिरा दिया गया। दिवार गिरने से भयभीत होकर मकान से निकल कर,मकान मालिक सकलदीप सिंह भागने लगा।भागने के क्रम में एक हाथी ने युवक को अपने सूंड़ से पड़कर फेंक दिया जिस कारण श्री सिंह का दाहिना पैर मे जख्म हो गई एवं अन्य जगहों पर चोट लगी है। ,इधर घटना कि सूचना मिलते ही वन क्षेत्र पदाधिकारी लातेहार नन्द कुमार महतो ने वन कर्मियों के साथ घटना स्थल पहुच कर घायल व्यक्ति को इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेजवाई इस दौरान श्री महतो ने बताया कि सरकारी प्रावधान के अनुसार पीड़ित परिवार को मुवाबजा भी दिया जाऐगा। हाथियों को भागने को लेकर ग्रामीणों के बीच पटाखे भी वितरण किया गया है।आगे श्री महतो ने कहा कि दो हाथी अपने झुंड से बिछड़ कर गांव आ पहुंचे हैं उन्हें भगाने के लिए वन विभाग के कर्मी प्रयासरत है आगे उन्होंने ग्रामीणों से अपिल किया कि हाथियों का गतिबिधी बढने कि सुचना मिल रही है, ग्रामिण लोग अनावश्यक रुप से जंगल न जाऐ, शाम होते घर लौट जाए।

## सीसीएल द्वारा ओबी फेंकने से प्राकृतिक नदी नालों का अस्तित्व खतरे में



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार प्रबंधन द्वारा प्राकृतिक तबाह करने के विरुद्ध में ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, लगाया नदी व शमशान घाट को ओबी से भर कर बर्बाद करने का गंभीर आरोप। कोयला ढुलाई से राय स्थित खीरातरी नदी के टूटा पुल को बनाने के बजाय ओबी डाल कर नदी को नाला में तब्दील करने के फिराक में जुटे सीसीएल कार्य को रोका। पिपरवार से आरसीएम साइडिंग में कोयला ढुलाई से पुल हुआ तक धराशायी। सीसीएल द्वारा जल जंगल जमीन पर्यावरण को दूषित करने के विरुद्ध में चरणबद्ध आंदोलन की दी चेतावनी। ग्रामीणों ने सीसीएल प्रबंधन से पक्का पुल बना के ट्रांसपोटिंग कोयला ढुलाई व शमशान घाट आने जाने का छलका पुल निर्माण करने का किया मांग।

## सीओ के स्थानांतरण के बाद तीन दिनों तक रात-दिन कार्यालय में लगी रही भीड़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** बालूमाथ सीओ आफताब आलम का गुरुवार को स्थानांतरण कांडी हो जाने के बाद उनके कार्यालय में जमीन के बिचौलिया एवं जमीन का मालिक सीएस टू आर एस,म्यूटेशन व रसीद कटवाने के लिए तीनो दिनो तक भीड़ उमड़ी रही। यहां तक की रविवार को भी कार्यालय खोलकर म्यूटेशन एवं ऑनलाइन रसीद काटी जा रही थी। जबकि सरकार का नियम है कि किसी भी अंचलाधिकारी का स्थानांतरण हो जाने के बाद वह अपने डोंगल से कोई भी कार्य नहीं कर सकता है लेकिन नियम को।धज्जियां उड़ाते हुए दर्जनों जमीन का सीएस टू आर एस कर दिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बालूमाथ में दर्जनों विवादित जमीन का सीएस टू आर एस करते हुए ऑनलाइन रसीद काट दिया गया। जिसमें अंचलाधिकारी द्वारा नियुक्त किए गए अपने बिचौलिए के माध्यम से मोटी रकम उगाही की संभावना है। अंचलाधिकारी का कार्यालय शुक्रवार को दिन एवं उस रात को 2:00 बजे रात तक कार्यालय चलता रहा वहीं शनिवार को भी 2:00 बजे रात तक कार्यालय चला। रविवार को कार्यालय बंदी के बाद भी पूरे दिन कार्यालय खोलकर विवादित जमीनों का निपटारा करते देखा गया। बालूमाथ के ग्रामीणों ने लातेहार डीसी एवम भू राजस्व सचिव से मांग करते हुए कहा है कि स्थानांतरण के बाद किए सीएस टू आरएस, म्यूटेशन एवं काटी गई ऑनलाइन रसीद व विवादित जमीनों का लिया गया फैसला की जांच कराया जाय। इस संबंध में अंचलाधिकारी आफताब आलम ने कहा कि मैं रविवार को बाहर निकल गया हूं कोई भी गलत कार्य नहीं किया गया है।

## धूमधाम के साथ मनायी गयी बाबा कार्तिक उरांव की जयंती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातु :** प्रखंड क्षेत्र अतंर्गतक् साल्वे पंचायत के बारिखाप ग्राम जतराटाड़ मैदान में रविवार को आदिवासीयों के मसिहा, बाबा कार्तिक उरांव का 99 वां जयंती समारोह धुमधाम के साथ मनाया गया। साथ ही जतरा मेला का अयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता साल्वे पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष राजिव भगत ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी एंव विशिष्ट अतिथि बीस सुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, प्रमुख उर्मिला देवी व उप प्रमुख निशा शाहदेव, की गरिमापुर्ण उपस्थिति रही। इस गौरवशाली अवसर पर बालुभांग मुखिया केदार गंझु, समाजसेवी धनेश्वर उरांव के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी अतिथियों को आदिवासी पारम्पारिक रीतिरिवाज के अनुसार ढोल मांदर व झुमर के साथ स्वागत कर मंच तक लाया गया। इसके पश्चात आए सभी अतिथियों को आदिवासी पारम्परिक पड़हा स्वशासन समिति द्वारा बारी बारी से बैच लगा। माला पहना व बुके देकर सम्मानित किया गया। ठीक इसके बाद आए सभी अतिथियों व समिति के लोगों ने संयुक्त रूप से कार्तिक उरांव के स्मारक स्थल के समीप विधिवत आदिवासी रीतिरिवाज के अनुसार पुजा अर्चना के पश्चात चित्र पर माल्यार्पण व नारियल फोड़ कर जयंती मनाई गई। वहीं जतरा मेला का शुभारंभ आये सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से फिता काट कर किया। वहीं कार्तिक उरांव जयंती सह जतरा मेला में प्रखंड के विभिन्न गाँव टोला के खोड़ा पहूँच कर अपना अपना कला का प्रदर्शन भी किया। इसके के पश्चात उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बीस सुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु ने कार्तिक उरांव के जिवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महान व्यक्ति का जन्म गुमला के लिटा टोली गाँव के एक मजदूर गरीब घराने में आज ही के तिथि 1924 ई को हुआ था। वह बचपन से ही पढ़ने में तेज थे 1959 ई में दुनिया के सबसे बड़े ऑटोमेटिक पॉवर स्टेशन का प्रारूप ब्रिटिश सरकार को दिया था जो आज हिकले न्युक्लियर पॉवर प्लांट के नाम से जाना जा रहा है।समाजसेवी धनेश्वर उरांव, उप प्रमुख निशा शाहदेव,मुखिया केदार गंझु सहित कई अतिथियों ने भी संबोधित किया।

## झामुमो प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में कमिटी का हुआ विस्तार



**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोतीलाल नाथ शाहदेव के निर्देश पर रविवार को बालूमाथ जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव की अध्यक्षता में बालूमाथ प्रखंड के सेरेगडा पंचायत और भागिया पंचायत में पंचायत कमिटी का गठन किया गया। जिसमे सेरेगड़ा पंचायत में सर्व समिति से प्रकाश राम को पंचायत अध्यक्ष राजू उरांव को पंचायत सचिव, बालेश्वर भोक्ता को पंचायत कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया ।वही भगिया पंचायत में संदीप साव को पंचायत अध्यक्ष, सुनील उरांव को पंचायत सचिव,जानकी पाहन को पंचायत कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। मौके पर जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उराँव ने पंचायत कमेटी के पदाधिकारीयो को फूल माला पहनकर उन्हें बधाई दिया। साथ ही कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार गरीबों की सरकार है। सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं भी चलाई जा रही है। जिसका लाभ जन-जन तक पहुंचाना है। मौके पर जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश यादव झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा कई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया। इस मौके पर जेएमएम प्रखंड सचिव परमेश्वर गझू के अलावे जेएमएम के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हरातु में झामुमो के संगठन का विस्तार

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को प्रखंड अंतर्गत पंचायत हरातु में झामुमो का संगठन विस्तार किया गया। जहां झामुमो अध्यक्ष अफजल अंसारी के नेतृत्व में पंचायत का पंचायत अध्यक्ष के रूप में तेतरी देवी जो वर्तमान में पंचायत समिति सदस्य भी हैं को चुना गया। वहीं सचिव खुश्बुद्दीन मियां, उपाध्यक्ष विशेश्वर सिंह, कोषाध्यक्ष संदीप सिंह संगठन सचिव ललिता देवी, अंजलि देवी, लालू सिंह, दीपक कुमार सोनी को सर्वसम्मति से सदस्य पर मुहर लगाई गई। मौके पर प्रखंड सचिव बाबू राम सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### दीनमठ सारथी ट्रस्ट ने करीब बीस किमी पदयात्रा कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ भेलवारा में आयोजित पर्यावरण एवं वन रक्षाबंधन मेला को लेकर प्रखंड युवाओं ने दीनमठ सारथी ट्रस्ट के द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर नावाटांड से लेकर पथलचुवा तक लगभग 17 किलोमीटर पदयात्रा की। पथलचुवा वन पहुंचते ही इको वन समिति भेलवारा के सदस्यो ने स्वागत करते उनका उत्साह वर्धन किया। इको वन समिति भेलवारा के अध्यक्ष दुष्यंत मेहता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर यह एक अच्छी पहल है। भेलवारा मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो ने कहा कि प्रतिवर्ष 29 अक्टूबर को पर्यावरण एवं वन बचाव के लिए जागरूकता के तहत वन रक्षाबंधन मेले का आयोजन किया जाता है। दीनमठ सारथी ट्रस्ट के रवि कुमार रविदास ने कहा कि हम सभी इस पदयात्रा के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया कि पर्यावरण का संरक्षण अति आवश्यक,अधिक से अधिक समय लोग पैदल चलकर अपना और पर्यावरण दोनों को स्वस्थ रख सकते हैं। नावाटांड से पदयात्रा सुबह साढ़े चार बजे युवाओं के साथ प्रारम्भ हुआ बनासो में कुछ युवा जुड़े, कुछ युवा विष्णुगढ़ से जैसे जैसे बढ़ता गया लोग जुड़ते गए, निर्धारित स्थल पहुंचते पहुंचते संख्या दर्जनों हो गई। पर्यावरण संरक्षण पदयात्रा में मुख्य रूप से शीतल होटल के संचालक मनोज शीतल, सामाजिक कार्यकर्ता मिथिलेश बर्मन,जेवीकेएसएस सदस्य सह दीनमठ सारथी ट्रस्ट के महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल, दीनमठ सारथी ट्रस्ट के रवि कुमार रविदास,दीपक तिवारी, गंगाधर महतो,सनी महतो,राहुल मंडल,निखिल दास,जयनारायण महतो,विशेश्वर महतो,सिकंदर पटेल,पवन कुमार,कैलू साव, प्रयाग साव समेत दर्जनों दीनमठ सारथी ट्रस्ट के सदस्य शामिल रहे।

### जेएसएलपीएस के माध्यम से माइक्रो जेंडर लर्निंग कैंप का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम कांडतरी में जेएसएलपीएस के माध्यम से माइक्रो जेंडर लर्निंग कैंप का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में महिलाओं को हक, अधिकार, समता, समानता, हिंसा, संविधान के नियमों सहित अन्य जानकारियों से अवगत करवाया गया। खेल के माध्यम से एकता में बल दिया गया। योजनाओं का लाभ कैसे मिले इसकी जानकारी प्रशिक्षण के माध्यम से दिया गया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि बड़कागांव मध्य जिप सदस्य सुनीता देवी ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से अपने अधिकार का ज्ञान होगा और महिलाएं हर क्षेत्र में अपना हौसला बुलंद रखेगी। जीसीआरपी संजीता कुमारी ने महिलाओं को प्रशिक्षण दिया एवं एमबीके झूना देवी, मालती कुमारी, उषा कुमारी ने प्रशिक्षण में सहयोग दिया। प्रशिक्षण में मालती कुमारी, फुल्को देवी, सविता देवी, कुंती देवी, कविता देवी, दीपा देवी, अनीता देवी, उर्मिला देवी, शोभा देवी, पुनीता देवी, लीला देवी, पार्वती देवी, पूनम देवी, माला देवी सहित समूह की सभी अध्यक्ष, सचिव और महिलाएं उपस्थित थी।

### अफीम तस्कर को पुलिस ने दबोचा

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में कटकमसांडी थाना क्षेत्र के बंजिया से एक अफीम तस्कर को पुलिस दबोचने में सफल रही। ज्ञात हो कि डीएसपी राजीव कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया था। । पुलिस ने बताया कि मो मिनहाज उम्र 47 वर्ष पे0 स्व0 मो0 अलिम सा0- दर्जी बिगहा, थाना- सदर, जिला- चतरा को खदेड कर पकडा गया। इसके पास से एक लाल गमछी में प्लास्टिक के अन्दर लपेटे हुए 1.2 किलो ग्राम अफिम पाया गया बरामद किया गया है। आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए मिनहाज को जेल भेज दिया गया है। छापेमारी दल में डीएसपी, कटकमसांडी थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा सहित कई जवान शामिल थे।

### फाइनल मुकाबला में बरकट्ठा ने गोरहर को 31 रनों से हराया

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत गोरहर में चल रहे पंद्रह दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में आज फाइनल मैच बरकट्ठा बनाम गोरहर के बीच खेला गया.इस मैच में बरकट्ठा पहले खेलते हुवे 10 ओवरों में 95/10 रन बनाई,जबाब में गोरहर की टीम 64/9 रन ही बना पाई.इस तरह बरकट्ठा की टीम 31 रनों से जीत कर खिताब पर कब्जा जमाया. मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सी के पाण्डेय, मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल एवं पं स स लखन महतो एवं अन्य के हाथों से विजेता बरकट्ठा टीम को 8100 रुपये नगद एवं उप विजेता टीम गोरहर को 5100 रुपये नगद पुरुस्कार दिया गया.इस अवसर पर युवा समाजसेवी संजय पासवान,प्रेम कुमार,प्रदीप कुमार,प्रदीप साव,किशोर महतो,प्रमोद यादव, भास्कर महतो, दोनो टीम के खिलाड़ी,गणमान्य व्यक्ति एवं सैकड़ो खेल प्रेमी उपस्थित थें।

### मानसिंघा नदी पर बनेगा पुल शिलान्यास करेंगे विधायक

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सलैया और प्लस टू हाई स्कूल बरकट्ठा को जोड़ने वाली मानसिंघा नदी पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक अमित कुमार यादव के द्वारा किया जाएगा। ज्ञात हो कि सलैया पंचायत समेत कई गांवों के ग्रामीणों के वर्षो का सपना था कि मानसिंघा नदी पर एक पुल का निर्माण हो.इस मांग को लेकर वर्षो से ग्रामवासी विभिन्न नेताओं व अधिकारियों के समक्ष अपनी मांग लेकर गए.लेकिन अंतत~बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने ग्रामीणों के सपनों को साकार रूप देने का काम किया. इस पुल के बनने से जीटी रोड से सीधे जुड़ जाएगा.साथ ही इस पुल के निर्माण से बरकट्ठा साप्ताहिक बाजार में ट्रैफिक जाम और प्रदूषण समस्या से भी लोगों को निजात मिलेगी.

### रसोइया संयोजिका संघ की बरही विधानसभा स्तरीय बैठक हुई

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ के बैनर तले बरही विधानसभा स्तरीय बैठक बरही प्रखंड परिसर में किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष पूनम देवी व संचालन कृष्ण मोहन यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष महेंद्र राम उपस्थित हुए। मौके पर जिला अध्यक्ष महेंद्र राम ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने विद्यालय रसोइया सेविका और संयोजिका की आधे अधूरे मांग को किया है। इस बार 3 हजार में दम नहीं, 13 हजार से काम नहीं लेंगे का नारा को हक अधिकार के साथ लेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि यदि सरकार रसोईया सेविका संयोजिका संघ के मांगों का नहीं मानती है तो पूरे प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में सेविका और सेविका हड़ताल चले जाएंगे,जिसकी जिम्मेवारी खुद सरकार होगी। वहीं आगामी 3 दिसंबर को मोराबादी रांची मैदान में विद्यालय रसोइया संघ के सेविका संयोजिका का महा जुटान रैली में एकजुट होकर चट्टानी ताकत के साथ भाग लेने का उन्होंने आग्रह किया। वहीं संघ के अध्यक्ष पूनम देवी व मुनेश्वरी देवी,रेखा देवी ने इस विधि व्यवस्था का अध्यक्ष जिला अध्यक्ष महेंद्र राम को बनाए जाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष अजीत प्रजापति प्रदेश कोषाध्यक्ष अनीता देवी को धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि इस महा जुटान सम्मेलन में बरही विधान सभा के हर प्रखंड पहचान के लिए अलग-अलग रबन पट्टी रहेगा। जिसे अपनी चट्टानी एकता दिखाते हुए जिला को मान सम्मान बढ़ाने का काम करेंगे। मौके पर संघ के जिला अध्यक्ष महेंद्र राम पासवान, बरही अनुमंडलीय स्तरीय कृष्ण मोहन यादव, मुखिया छोटन ठाकुर, संघ के अध्यक्ष दिनेश साव, प्रखंड अध्यक्ष पूनम देवी, चौपारण के अध्यक्ष रेखा देवी, पदमा के अध्यक्ष मुनेश्वरी देवी, सरिता देवी, पूनम देवी, शहजादी, अनीता देवी, किरण देवी, शांति देवी, दिनेश साव मुखिया छोटन ठाकुर समेत संघ सैकड़ों सेविका सायोजिका शामिल हुए।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता ग्रहण सह मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा हजारीबाग जिला संयोजक मंडली के तत्वावधान में सदस्यता ग्रहण सह मिलन समारोह का आयोजन जिला झामुमो कार्यालय हीराबाग चौक में आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि राज्य समन्वय समिति सदस्य दर्जा प्रात मंत्री फागु बेसरा एवं विशिष्ट अथिति केंद्रीय सचिव सह मुख्य संयोजक मंडली सदस्य संजीव कुमार बेदिया शामिल हुए।

फागु बेसरा ने संगठन की सुदृढ़ीकरण एवं विस्तारित करने को लेकर हजारीबाग जिला संयोजक मंडली का आभार व्यक्त किया साथ ही सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी लोगों का स्वागत और अभिनन्दन करते हुए कहा कि झारखंड सरकार राज्य के सभी वर्गो का सम्मान देने का काम किया है। आप सभी लोगों का झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार में अभिनंदन और स्वागत है। श्री

बेसरा ने कहा कि पूरे झारखंड में 80 विद्यालय को मॉडल विद्यालय बनाया गया है।पूरे झारखंड में जितने भी सरकारी विद्यालय है। मॉडल विद्यालय बनाने का तैयारी चल रहा है भारत का झारखंड दूसरा राज्य है। जिसमे शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही अच्छा कार्य हो रहा हैं। संजीव कुमार बेदिया ने इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कर रहे सभी लोगों का स्वागत और अभिनन्दन करते हुए कहा कि आज से आप सभी झारखंड मुक्ति मोर्चा और शिबू सोरेन के परिवार के सदस्य हैं।

झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक के अंतिम पायदान तक के लोगों तक पहुंचाया है।श्री बेदिया ने कहा हेमंत सोरेन सरकार में गरीब आदिवासियों मूलनिवासी के लिए विशेष रूप से कार्य कर रही है ।इस सरकार में वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन ,एवं विधवा पेंशन का कोई सीमा नहीं है हमेशा कार्य चलते ही रहेगा हेमंत सोरेन की सरकार में।

हजारीबाग को बचाने के लिए जयंत सिंहा को भागना होगा। भाजपा भगाओ हजारीबाग बचाव का नारा देते हुए कहा कि हजारीबाग का विकास तभी संभव होगा जब आप इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने का काम करेंग।

इस समारोह में बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य रूचि कुजूर, जिला संयोजक मंडली सदस्य कमल नयन सिंह, मो. इज़हार अंसारी, टेकोचंद महतो, रामकिशोर मुर्मु, सोनाराम मांझी, नगर संयोजक मंडली सदस्य सरफराज अहमद, कमाल कुरैशी, चंदन सिंह, शादाब हाशमी, मो. निशार, दीपक गुप्ता, दिलीप वर्मा, बड़कागांव प्रखंड संयोजक मंडली सदस्य संजय सिंह? व सैफुल्लाह अंसारी, रेशमी टुडू, इचाक संयोजक मंडली सदस्य मनोहर राम सहित झामुमो नेता और हजारों की संख्या में झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वीर कुंवर सिंह भवन चरही में खातियानी परिवार की दूसरी बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** चरही वीर कुंवर सिंह भवन में खतयानी परिवार का बैठक किया गया। जिसका अध्यक्षता शुकर ठाकुर संचालन चिंतामणि रविदास ने किये बैठक का मुख्य एजेंडा रैयत भूमि संबंधित समस्याओं पर चर्चा परिचर्चा किया गया सभी खतयानी परीवार अपना अपना विचार दिए बैठक में उपस्थित, हेमलाल महतो बलदेव रविदास ,गुरु दयाल भुइयां, महावीर रविदास सूकर ठाकुर मुटून रविदास मेघनाथ करमाली दिनेश रविदास बेनी महतो जवाहिर करमाली शिवा रविदास मोहम्मद रहमत अंसारी भुमपाल ठाकुर बाबूलाल महतो राजू रविदास अफजल अंसारी दिनेश कुमार घनश्याम करमाली कुलदीप कुमार महतो प्रदीप भुइयां तीसरा बैठक 26 नवंबर 2023 दिन रविवार वीर कुंवर सिंह भवन में ही रखा गया है ।

## बरही प्राचीन छठ घाट की सफाई एवं निर्माणाधीन सूर्य मंदिर को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** आगामी महापर्व छठ पूजा को देखते हुए प्राचीन छठ घाट की सफाई एवं छठ घाट स्थित निर्माणाधीन सूर्य मंदिर को लेकर बरही पश्चिमी पंचायत में नागेश्वर प्रसाद केशरी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमे सूर्य मंदिर पूजा समिति के लोग शामिल हुए। मौके पर मुख्य रूप से बड़ी पश्चिमी पंचायत के मुखिया शमशेर आलम, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष सह सूर्य मंदिर निर्माण का अध्यक्ष राजसिंह चौहान उपस्थित हुए। बैठक में पंसस जितेंद्र कुमार दिव्य ने उपरोक्त विषय पर विस्तार पूर्वक अवगत कराते हुए कहा कि बरही नदी की स्थिति पहले की तरह अब नहीं रहा है और इसका स्वच्छ जलधारा भी गायब हो चुकी है। दूसरे ओर अतिक्रमण के कारण नदी सिमटकर नाला बनाते जा रहा है। इस संबंध में मैं नदी का सीमांकन और सौंदरीकारण के लिए मुख्यमंत्री, जिला उपायुक्त को आवेदन के माध्यम से अवगत करा चुका हूं। जिसकी जानकारी बरही प्रशासन को भी मिल चुकी है। पर शासन प्रशासन का अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दिखी है। इस के बाद मुखिया शमशेर आलम ने कहा कि नदी का सौंदरीकरण के लिए एक कमिटी बनाना बहुत जरूरी है। ताकि संबंधित मामले को शासन प्रशासन से विधिवत कराया जा सके। इसके लिए कमिटी बनाने पर प्रस्ताव लिया जाएगा। वहीं छठ घाट स्थित सूरज मंदिर से आंगनबाड़ी 3 तक रोड बनाने पर भी चर्चा की गई।

## पत्थल चुवा वनमहोत्सव का भव्य आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के भेलवारा जंगल स्थित जमुनिया नदी के उदगम स्थल पत्थल चुआ में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वन पर्यावरण मेला का आयोजन किया। इस अवसर पर वृक्षों में रक्षा सुत्र बांध कर उसे बचाने का संकल्प लिया गया।इसके पूर्व वन देवी की पुजा अर्चना की गई। पद यात्रा व प्रभात फेरी किया गया। मौके पर पीसीसीएफआरसीसीएफ उपस्थित थे। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कई नाटक और गाना विभिन्न स्कूलों के बच्चे द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए झारखंड आंदोलन कारी नेता चन्द्र नाथ भाई पटेल ने कहा कि जिस कदर पर्यावरण प्रदुषित हो रहा है। झारखंड प्रजाति की लकडियाँ विलुप्त हो रही है जलवायु परिवर्तन हो रहा। इसलिए जंगल बचाना निहायत जरूरी हो गया है। आज जल जंगल जमीन बचाने की जरूरत है। समारोह को जिप सदस्य दीपिका कुमारी,पुर्व जिप सदस्य जय प्रकाश सिंह पटेल, यशोदा देवी,गंगाधर महतो,संतोष कुमार, तुलसी महतो,रविशंकर,दुष्यंत मेहता,नकुल महतो,खुबलाल भारती लाली पटेल,मनोज झारखंडी समेत काफी संख्या छात्र एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## पतरातू संच स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू संच समिति के तत्वावधान में एक दिवसीय खेल-कूद का आयोजन हेंसला पंचायत भवन फुटबॉल मैदान में किया गया।जिसका उद्घाटन जिला पार्षद राजाराम प्रजापति एंव पतरातू क्षेत्र के समाज सेवीयों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस खेल-कूद कार्यक्रम में विभिन्न 30 गांव से आए हुए 10 से 16 वर्ष के बीच 730 बालक-बालिका भाग लिए। जिसमें 100,200,400मीटर का दौड,उंची कुद,लम्बी कुद एवं कबड्डी का प्रतियोगिता हुआ। तथा खेल कूद में शामिल सफल प्रतिभागियों को मेडल एवं मोमेन्टौ दे सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पतरातू संत के सचिव सह मुखिया किशोर कुमार महतो एवं संचालन चंद्रशेखर कुमार के द्वारा किया गया इस अवसर पर रांची भाग आरोग्य प्रभारी डॉक्टर नारायण सिंह,रामगढ़ अंचल महिला समिति उपाध्यक्ष,सलोनी सिंह,एकल अभियान पतरातू संच महिला समिति अध्यक्ष पारीजात कुमारी,उपाध्यक्ष मालती गुप्ता,सचिव अनीता जैन,संच सचिव किशोर कुमार महतो,कोषाध्यक्ष सत्येन्द्र ठाकुर,समाज सेवी वैद्यनाथ महतो, धनेश्वर महतो,सतीश मोहन मिश्रा,, एकल अभियान रामगढ़अंचल अभियान प्रमुख चन्द्रशेखर कुमार,खेल प्रमुख खिरेंद्र कुमार,नंदकिशोर महतो,संच व्यास राजेंद्र भोगता,संच प्रमुख नागेश्वर महतो,शान्ती देवी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## मतदान केंद्र पर आयोजित विशेष कैंप का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत नैन्सी सहाय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, हजारीबाग के द्वारा 25-हजारीबाग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के नगर निगम क्षेत्र में अवस्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गयाद्ध निरीक्षण के क्रम मे मतदान केंद्र संख्या-190-राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, नुरा, पूर्वी भाग, म0के0सं0-191- राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, नुरा, पश्चिमी भाग, म0के0सं0-192-राजकीय मध्य विद्यालय, नुरा हिन्दी, म0के0सं0-323-राजकीय पशु चिकित्सालय, प0भाग, म0के0सं0-324-राजकीय पशु चिकित्सालय, पू0भाग, म0के0सं0-325-राजकीय पशु चिकित्सालय, उ0भाग, म0के0सं0-326-राजकीय पशु चिकित्सालय, द0भाग एवं म0के0सं0-327-राजकीय पशु चिकित्सालय, मध्य भाग का निरीक्षण किया गयाद्ध सभी बी0एल0ओ0 उपस्थित पाए गएद्ध उपस्थित बी0एल0ओ0 के द्वारा म0के0सं0-190 में 05, म0के0सं0-191 में 01 एवं म0के0सं0-192 में 01 प्रपत्र-6 तथा फोटो सुधार हेतु 01 प्रपत्र-8 प्राप्त होने की सूचना दी गईद्ध म0के0सं0-323 में 05, 324 में 05, 325 में 04, 326 में 01 एवं 327 में 07 प्रपत्र-6 प्राप्त होने की सूचना दी गईद्ध उपायुक्त के द्वारा सभी बी0एल0ओ0 को प्राप्त होने वाले प्रपत्रों को दैनिक आधार पर रजिस्टर में इंट्री करने एवं ऑनलाइन इंट्री करने हेतु निदेश दिया गयाद्ध मृत मतदाताओं का मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर ही नाम विलोपन की कार्रवाई करने तथा मतदाता सूची में दर्ज सभी मतदाताओं का शत-प्रतिशत रंगीन फोटोग्राफ सुनिश्चित कराने हेतु निदेश दिया गयाद्ध दिनांक 30.10.2023 से द्वितीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर प्रपत्र भरवाने एवं मतदाताओं के घर पर लगाए गए स्टीकर पर द्वितीय भ्रमण की तिथि अंकित करने हेतु निदेश दिया गयाद्ध मौके पर उपस्थित सभी पर्यवेक्षकों को अपने बी0एल0ओ0 के कार्य में आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु निदेश दिया गयाद्ध उपायुक्त, हजारीबाग के द्वारा मतदान केंद्र संख्या-325 के बी0एल0ओ0 के साथ सेल्फी लेकर सभी बी0एल0ओ0 का उत्साहवर्धन किया गयाद्ध मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया उपस्थित थी।

## प्रेस क्लब के कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के सभागार में बरही प्रेस क्लब कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजदेव गुप्ता व संचालन सचिव सोनू प्रजापति ने किया। बैठक में सचिव ने लेटर पैड, कोष संग्रह सहित क्रियात्मक शैली संबंधित प्रस्ताव रखा। जिसपर उपस्थित सदस्यों ने गहन विचार विमर्श किया।विचारोपरांत कोषीय व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए मासिक सदस्यता शुल्क संग्रह करने पर सहमति बनी। इसके साथ ही बरही प्रेस क्लब के लेटर पैड का अंतिम रूप दिया गया। साथ ही अगले सप्ताह में क्लब के सभी सदस्यो की सूची बरही के सभी सरकारी, गैरसरकारी, शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक, औद्योगिक प्रक्षेत्र रियाड़ा आदि जगहों पर उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया गया। जिससे कोई भी व्यक्ति बरही प्रेस क्लब के नाम पर किसी भी कार्यालय अथवा संगठन में अवैध उपस्थिति नही दर्ज करा सके। इसकी सूचना शीघ्र ही क्लब के सभी सदस्यो को दी जायेगी। बैठक का समापन अध्यक्ष के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। बैठक में उपाध्यक्ष कृष्णा यादव, अजय कुमार, कोषाध्यक्ष जयदीप कुमार सिन्हा, उप सचिव कुनकुन सोनी सहित कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र निषाद, मो शान अख्तर व योगेंद्र प्रजापति मौजूद थे।

## बरकट्ठा प्रेस क्लब की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित उतरी पंचायत सचिवालय में प्रेस क्लब बरकट्ठा प्रखंड ईकाई की बैठक हुई.अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गोपाल प्रसाद ने की जबकि संचालन प्रखंड सचिव रामकृष्ण पांडेय ने किया. बैठक में कार्यकारिणी सदस्य के रिक्त पदों के लिए चार सदस्यों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया.बैठक में संगठन की मजबूती और पत्रकारों की हित पर चर्चा की गई.साथ ही स्थानीय विधायक से मुलाकात कर प्रेस क्लब भवन निर्माण की मांग किया जायेगा.संगठन के नाम से बैंक में खाता खोलने,संगठन का लेटर पैड,कोष संग्रह समेत विभिन्न मुद्दों पर सहमति जताई गई.मौके पर क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाएं और अपराधियों के बढ़ते मनोबल पत्रकारों के आवेदन पर पुलिस की शिथिलता पर प्रेस क्लब बरकट्ठा के सभी पदाधिकारी और सदस्यों ने नाराजगी जताई.साथ ही अध्यक्ष गोपाल प्रसाद ने कहा कि पत्रकारों के हित लिए हर जरूरी कदम उठाया जाएगा. उन्होंने कहा कि आवेदन देने के बाद भी बरकट्ठा पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होना चिंता का विषय है.इस संदर्भ में वरीय पदाधिकारियों को जल्द अवगत कराया जाएगा. बैठक में अध्यक्ष गोपाल प्रसाद,सचिव रामकृष्ण पाण्डेय, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार,जिला कार्यकारिणी सदस्य रेयाज खां,उपाध्यक्ष ईश्वर यादव,उपसचिव अजित वर्णवाल,कार्यकारिणी सदस्य श्याम किशोर पाण्डेय,पंकज कुमार,सुरेश कुमार पाण्डेय, साहेब सोरेन,सुरज मोदी, शहबाज खां,संतोष कुमार पाण्डेय,राजू प्रसाद,छोटी दास समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक मनोज यादव ने दुगोला कार्यक्रम का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखण्ड के दुलमाहा पंचायत के सिंहपुर निवासी उमेश यादव के वयोवृद्ध दादा चोलो महतो के निधन पर एकादशा में दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। उनके साथ जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, स्थानीय मुखिया नारायण यादव, समाजसेवी संजय यादव भी मौजूद रहे। सबसे पहले स्व. चोलो महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिसके बाद संयुक्त रूप से फीता काटकर दुगोला कार्यक्रम का उद्घाटन किया।इस अवसर पर पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि इस दुनिया में जो आया है, उसे जाना तय है। इंसान की पहचान उनके कर्मो से होती है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय चोलो महतो एक सरल स्वभाव के किसान थे। समाज में उनकी अच्छी पहचान थी। उन्होंने कहा कि मृतक प्राणी से अपने जीवन में जरूर अच्छे कर्म की होगी, जिसका परिणाम है कि आज हमसब यहां एकत्रित हुए है। पूर्व विधायक ने मृतक आत्मा से कामना किया कि आप जहां भी रहे अपने पीड़ित परिवार पर सदैव अपनी कृपा बनाये रखें। कहा भक्ति भजन भी भगवान के आराधना करने का एक माध्यम है। मौके पर रितेश गुप्ता, स्थानीय पंसस मन्नू यादव, सुधीर यादव, संजय यादव, संजय यादव, भीम यादव, पूनम यादव , मनोज राणा, मुरली यादव, चंद्रदेव यादव, रामसहाय यादव, इन्दर देव यादव, अशोक यादव, ब्रह्मदेव यादव, गणेश यादव, दिनेश पासवान, मोहमद अनवर, चन्दन पासवान, अमित पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## शिक्षको की कमी दूर करने को लेकर शमशेर आलम ने मंत्री बन्ना गुप्ता से की बात

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जामाडोबा स्थित उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पिछले कई दिनों से शिक्षको की लगातार कटौती की जा रही है जिससे विद्यालय में पढ़ने वाले अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चो की पढ़ाई बाधित हो रही है। वही इस मामले की जानकारी आज स्थानीय ग्रामीणों ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव सह जिला बीस सूत्री सदस्य शमशेर आलम को दी। जिसके बाद शमशेर आलम स्थानीय ग्रामीणो के साथ बैठक कर सारी समस्याओं से अवगत हुए। वही बैठक के बाद शमशेर आलम ने तुरंत जिला के प्रभारी मंत्री बन्ना गुप्ता को फोन पर मामले की जानकारी दी और जल्द ही जिला के उपायुक्त से मिल इस विद्यालय में शिक्षको की हो रही कमी को दूर करने की बात कही।बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव सह धनबाद जिला बीस सूत्री सदस्य शमशेर आलम, शेख कलाम, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष निकहत प्रवीन, सोहराब अंसारी, नाजिया प्रवीन, रेशमा खातून सहित विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चो के कई अभिभावक मौजूद रहे।



## एकल अभियान के तहत अभ्युदय यूथ क्लब ने आयोजित किया खेलकूद प्रतियोगिता

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को प्रखंड क्षेत्र के बरहमसिया पंचायत में एकल अभियान के तहत अभ्युदय यूथ क्लब के द्वारा बच्चों के बीच खेल - खुद प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से दौड़ प्रतियोगिता में 50 मीटर, 100 मीटर एवं 200 मीटर तथा खो खो खेल का कार्यक्रम किया गया । इस दौरान खेल प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के खंड सेवा प्रमुख जय प्रकाश कु वर्मा, संच समिति के अध्यक्ष अर्जुन वर्मा , समिति के कोषाध्यक्ष रामदेवकी , अंचल ग्राम स्वराज्य प्रमुख किशोर महतो, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख संजना पाण्डेय, ब्यास प्रमुख प्रतिमा देवी, संच प्रमुख बिरनी प्रियंका देवी समेत सभी आचार्य और दर्जनों बच्चे उपस्थित थे।

## गिरिडीह में पोलियो उन्मूलन को लेकर रोटरी समूह की ओर से निकाली गई जागरूकता रैली

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोलियो मुक्त भारत को लेकर रोटरी क्लब,रोटरी कपल, रोटरी ग्रेटर समेत रोटरी की अन्य इकाईयों ने रविवार को शहर में जागरूकता रैली निकाली. इस रैली में रोटरी के सहायक गवर्नर तरणजीत सिंह सलूजा, दीपक वैभव शाहाबादी, विकास बगेड़िया, राजेश जालान, अमित अग्रवाल, अभिषेक जैन, सुबोध मोदी, मंजीत सिंह, राजन जैन, विकाश शर्मा, अमित तुलस्यान, प्रदीप डालमिया समेत रोटरी के सभी विंग के पदाधिकारी और सद्स्य शामिल हुए.इस मौके पर पोलियो भारत छोड़ो, दो बूंद की शक्ति पोलियो से मुक्ति समेत अन्य स्लोगन से लिखे तख्ती को लिए रोटरी के सदस्य इस दौरान शहर के कई हिस्सों भ्रमण किया और लोगो से अपील की कि वो अपने नौनिहालों को पोलियो से मुक्ति के लिए दो बूंद की खुराक जरूर दिलाए. पोलियो के खात्मे के लिए इसके संक्रमण को खत्म करना जरूरी है. ऐसे में पोलियो से ड्रॉप से ही इसका खात्मा जरूरी है. इधर जागरूकता रैली में रोटरी के सभी विंग के सदस्य शामिल हुए थे।

## राजस्व शिविर का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर सभी अंचलों में राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में आज गोविंदपुर अंचल कार्यालय में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया।इस संबंध में अंचल अधिकारी ने बताया कि राजस्व शिविर में निजी रैयती जमीन पर जबरन रास्ता बनाने के संबंध में तथा नामांतरण मुकदमा को लेकर दो आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों को निष्पादित करने के लिए संबंधित कर्मी को निर्देशित किया है।

## उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने आज राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया।इस अवसर पर उन्होंने ईवीएम कक्ष का सील, वहां की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रखरखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने बताया कि यह एक मासिक रूटीन निरीक्षण था।इस अवसर पर निर्वाचन शाखा से अरुण कुमार धारी, सागर भजोहरि, रजाक अंसारी, सजल आदि मौजूद थे।

## मातारानी के जागरण में झूमे श्रद्धालु

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नूतनडीह, कॉपरेटिव कॉलोनी के ग्राउंड में मातारानी का कर्ण प्रिय भजनों एवं माता की स्तुति का बहुत ही आनंदमय जागरण सम्पन्न हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि समाजसेवी उदय प्रताप सिंह, भाजपा के मिल्टन पार्थसारथी एवं युवा नेता युवा संघर्ष मोर्चा जनवादी के संस्थापक दिलीप सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित करके माता के जागरण की शुरुआत की।जागरण में कलाकार संघ के अध्यक्ष अभिनेता और ख्याति प्राप्त राजू सिह अनुरागी ने माता का एक से बढ़ कर एक भजन गाकर श्रद्धालुओं का दिल और मन जीता। उदय प्रताप सिंह ने आयोजक राजू सिंह अनुरागी एवं सभी कलाकारों की प्रस्तुति की प्रशंसा कर सम्मानित किया एवं सभी को लखी पूजा एवं शरद पूर्णिमा की हार्दिक बधाई दी। सभी को कमेटी के सदस्यों द्वारा अंग वस्त्र और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। जागरण में दिलीप सिंघ, एल बी यादव, राजीव राय, धन्नजय कुमार, रमेश राम, अजय सिंह, अरविन्द सिंह, पप्पू सिंह, राजेश कुमार, विवेक सिह, राजु राय, सुजित सिंह, अभिषेक परमार, अनिरुद्ध सिंह,सोनू मिश्रा, शंकर सिंह सहित ब्यूटी कॉन्टेस्ट की पुरस्कार विजेता प्रियंका मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# चम्पाई सोरेन ने टुंडी में किया 3.83 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास

## हिट एंड रन के 14 व 20 लाभुकों के बीच किया योजना की राशि का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं परिवहन विभाग के मंत्री चम्पाई सोरेन ने टुंडी प्रखंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 3 करोड़ 83 लाख 97 हजार रुपया की 13 योजनाओं का शिलान्यास किया। साथ ही हिट एंड रन के 14 लाभुकों के बीच 15 लाख, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तीन लाभुकों के बीच 28 हजार 500 रुपए तथा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तीन लाभुकों के बीच एक लाख 50 हजार रुपए की राशि का वितरण किया।माननीय मंत्री ने हिट एंड रन एवं आपदा के तहत मृतक के आश्रित सोनी शर्मा को 2 लाख, राजीव कुमार मंडल, सुरेंद्र चौहान, कृष्ण सिंह, सुमिता तंतुबाई, कलावती देवी, तरन्नुम परवीन, कविता कुमारी, सुषमा कुमारी, श्याम पद कुंभकार क्ष, संतोष दास, राजीव कुमार मंडल, चंपा कुमारी तथा नबीसा खातून को एक-एक लाख रुपया का चेक प्रदान किया।वहीं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता सहायता के लिए हेमलाल मरांडी, मोहम्मद इशाक अंसारी तथा झुमरी देवी को 9500 - 9500 रुपए तथा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लिए मोहम्मद तासीर अंसारी, वसीम अकरम व अनवर अंसारी के बीच 50000 - 50000 रुपए के चेक का वितरण किया।इसके अलावा माननीय मंत्री ने टुंडी में 3 करोड़ 83 लाख 97 हजार रुपया की लागत से बनने वाले दस धुमकुड़िया भवन तथा तीन जाहिर स्थान घेराबंदी का शिलान्यास किया।इस अवसर पर माननीय मंत्री ने कहा कि टुंडी से झारखंड आंदोलन के संघर्ष का लंबा इतिहास रहा है। टुंडी की धरती में आंदोलन की बुनियाद है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री ने विगत दो साल में इतना काम किया है जो पिछले 17 - 18 साल में नहीं हुए हैं। जिस कारण हर पंचायत एवं गांव में विकास तथा सरकारी योजना पहुंचने लगी है। स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार सहित विभिन्न योजनाओं से झारखंड को संवारने की के लिए तथा सरकार की सभी योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने के लिए सरकार कृत संकल्पित है।साथ ही कहा कि माननीय मुख्यमंत्री की पहल पर अब सभी योग्य लाभुकों को विभिन्न तरह के पेंशन का लाभ मिल रहा है। हर पंचायत में मॉडल स्कूल बनाया जाएगा। जिसमें छात्रों को निजी स्कूल से अच्छी शिक्षा प्राप्त होगी। इसके अलावा माननीय मंत्री ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर, 15 नवंबर को, मुख्यमंत्री ग्रामीण गाड़ी योजना की शुरुआत की जाएगी। इससे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी, पेंशनधारी, झारखंड आंदोलनकारी को अब गांव से शहर की ओर जाने के लिए पैदल दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी।



# विधायक ने किया वासेपुर पुल का शिलान्यास

## एक नवंबर से शुरु होगा निर्माण कार्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** वासेपुर में लगभग सौ वर्षीय पुराने पुल को तोड़ कर नए पुल का निर्माण होना है जिसका शिलान्यास विधायक राज सिन्हा के द्वारा किया गया। शिलान्यास करने वासेपुर पहुंचे विधायक का स्वागत ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद, निवर्तमान पार्षद मो निसार आलम, राजद नेता मुमताज कुरैशी, भाजपा नेता गजनफर खान सहित अन्य के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया।मौके पर विधायक ने कहा की इस कार्य के लिये वो पिछ्ले चार सालों से प्रयासरत थे जो अब जाकर साकार हुआ है। वहीं टीएमसी नेता मुख्तार अहमद ने इस कार्य के लिये विधायक सहित जिला प्रशाशन का आभार व्यक्त किया तथा पूल निर्माण कार्य शुरु होने से पूर्व वैकल्पिक रास्ता की समुचित व्यवस्था करने की बात कही।गौरतलब है की वर्षो पुरानी पूल ज़र्ज़र अवस्था मे है जिसका नव निर्माण कार्य आगामी 01 नवंबर से 25 दिसंबर तक कुल मिला कर 55 दिन निर्धारित है। इस दौरान भूली मोड़ से आरा मोड़ तक का आवागमन पुरी तरह से बाधित रहेगा। जहां एक ओर पूल के बनने से लोगों मे खुशी की लहर है वहीं दुसरी ओर 55 दिनों तक बाधित रहने वाले आवागमन को लेकर लोग चिंतित हैं।



# असर्फी कैंसर संस्थान में हुआ कैंसर का सफल आपरेशन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** असर्फी कैंसर संस्थान में स्कैमस सेल कार्सिनोमा कैंसर का सफल ऑपरेशन किया गया। इस ऑपरेशन का श्रेय डॉ शिबाजी बाशु एवं टीम को जाता है। बताते चले की पिछ्ले कुछ महीनो से धनबाद का एकमात्र कैंसर संस्थान असर्फी कैंसर संस्थान रँगूनी भूली धनबाद में संचालित है। कैंसर विशेषज्ञ डॉ. शिबाजी बासु ने बताया की गोड्डा निवासी 40 वर्षीय मरीज पिछ्ले एक वर्ष से इस बिमारी से ग्रषित थे। डॉ शिबाजी बासु एवं उनकी टीम के द्वारा 2 घंटे के सफल प्रयास के बाद मरीज़ का सफल सर्जरी कर लगभग 10 सेंटीमीटर का ट्यूमर जैसे आकार के घाव को निकाला गया। ऑपरेशन के पश्चात डॉ ने बताया की मरीज़ अब बिलकुल स्वस्थ है और अच्छे से बात कर रहे है तथा आज उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।कैंसर जैसे गंभीर बिमारी के संबंध पर पूछे जाने पर डॉ शिबाजी बासु ने कहा की यदि शरीर के किसी भी अंग में किसी भी तरह के घाव, गाँठ या अनियमित बदलाव दिखे तो बिना देर किये जांच एवं इलाज़ कराना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया की समय पर या जल्द जांच कराने से कैंसर के ठीक होने की सम्भावनाएं बढ़ जाती है। ज्ञातव्य हो की असर्फी कैंसर संस्थान में मरीज़ो का इलाज़ मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार एवं आयुष्मान भारत उपचार योजना के द्वारा करने की भी सुविधा उपलब्ध है। संस्थान में मरीज़ो को सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ मुहैया कराया जाता है।



# बाल विवाह पर निबंध एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत तेतुलिया 2 पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र कदमटांड़ में आज बाल विवाह उन्मूलन पर झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा निबंध एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किशोरियों के बीच किया गया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के संस्थापक प्रोश शंकर रवानी ने कहा कि ट्रस्ट विगत पांच वर्षो से लगातार बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता का कार्य कर रही है, ट्रस्ट की सचिव हलीमा एजाज ने गीत संगीत, खेल खेल के माध्यम बाल विवाह के दुष्प्रिणामो को दर्शाया। निबंध एवं लेखन प्रतियोगिता 35 बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन पूजा कुमारी ने किया। मौके पर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विनोद महतो, नईमुद्दीन अंसारी, नितेश वर्मा, चिंता कुमारी आदि ने संबोधित किया।

## गोलीकांड से नाराज व्यवसाईयों ने दिया धरना

# जिले में कानून व्यवस्था ध्वस्त : विधायक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिले में लगातार धमकी व गोली कांडों से व्यवसाय वर्ग के लोग दहशत में है। व्यवसाय वर्ग के लोगो को लगातार धमकी व गोलियों का शिकार बनना पड़ रहा है। ताजा मामला 28 अक्तूबर की रात करीब 9 बजे बैंक मोड़ में गोली कांड में एक व्यवसायी गंभीर रूप से घायल हो गया है। वह अभी अस्पताल में इलाजरत है। इस गोली कांड के बाद रविवार को चेम्बर के 55 लोगों ने जिला पुलिस के खिलाफ आंदोलन करने के लिए रणनीति तैयार कर रहे है और इस दौर जिला पुलिस के खिलाफ नारेबाजी भी कर रहे है।इस मौके पर धनबाद के बीजेपी विधायक राज सिन्हा मौजूद थे। विधायक ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। बताया जाता है कि बैंक मोड़ के मोटर पार्ट्स दुकान ÷कार सेंटर÷ के मालिक दीपक अग्रवाल को पास मे सामने से असमाजिक तत्वों द्वारा गोली मारा गया था। फिलहाल वे खतरे से बाहर हैं और उनका ईलाज जलान हॉस्पिटल में चल रहा है। फेडरेशन ऑफ़ धनबाद ज़िला चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एवं सभी इकाई संघठन इसकी कड़ी शब्दों में निंदा करता है और आज ज़िला चेंबर ऑफ़ कॉमर्स आह्वान करता है कि आज पुरा धनबाद ज़िला बन्द रहेगा और रंधीर वर्मा चौक पर धरणा प्रदर्शन जारी रहेगा।



## गिरिडीह लोकसभा समन्वय समिति की बैठक संपन्न : ब्रजेंद्र सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गिरिडीह लोकसभा समन्वय समिति की बैठक टुंडी विधानसभा में समन्वय समिति के सदस्यों, प्रखंड अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों और पंचायत अध्यक्षों के साथ संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समन्वय समिति के संयोजक ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने किया तथा प्रभारी शहजादा अनवर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सर्वप्रथम प्रखंड अध्यक्षों के द्वारा नेताओं का स्वागत किया गया। उसके बाद संयोजक श्री सिंह ने सभी को निर्देश दिया गया की पांच दिनों के अंदर सभी पंचायत अध्यक्ष की सूची और उनका फोन नंबर के साथ समर्पित करें।

# रांची एटीएस करेगी व्यवसायी पर गोलीबारी मामले की जांच, चार सदस्यीय टीम पहुंची धनबाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिले के बैंक मोड़ पर ऑटो पार्ट्स व्यवसायी दीपक अग्रवाल पर फायरिंग मामले की जांच के लिए रांची एटीएस की चार सदस्यीय टीम रविवार को धनबाद पहुंची। टीम बैंक मोड़ स्थित ऑटो पार्ट्स दुकान पर पहुंच कर मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी और मोबाइल लोकेशन की जांच की जा रही है। एटीएस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है।ज्ञात हो कि शनिवार की रात ग्राहक बन कर अपराधी दुकान पर पहुंचे थे और ऑटो पार्ट्स व्यवसायी दीपक अग्रवाल को गोली मार दी थी। घटना के बाद दीपक को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए कोलकाता एएमआरआई अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं घटना के बाद व्यवसायी वर्ग में काफी आक्रोश है।बताया जा रहा है कि ढाई माह पहले दीपक अग्रवाल से रंगदारी की मांग की गयी थी। प्रिंस खान का शूटर मेजर एक मुश्त 30 लाख रुपये और प्रति माह 30 हजार रुपये की रंगदारी मांग रहा था। जिसकी जानकारी उन्होंने जिला चैंबर को भी दी थी। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से रंगदारी की मांग बंद हो गयी थी। जिसके बाद दीपक को लगा कि अब कुछ नहीं होने वाला है।पुलिस की गिरफ्त में है मेजर ≂ आपको बता दें कि प्रिंस खान के गुर्गो के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। लेकिन गिरफ्तारी के बाद फिर बड़ा खतरा नजर आ रहा है। पुलिस ने पुष्टि की है कि कथित मेजर को गिरफ्तार कर लिया गया है। लेकिन इसके बाद फिर मेजर के नाम पर किसी व्यवसायी से रंगदारी मांगी जा रही है। इतना ही नहीं रंगदारी नहीं देने पर बमबाजी और गोलीबारी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। मतलब साफ है कि प्रिंस खान के कथित शूटर मेजर को जब पुलिस गिरफ्तार कर लेती है तो प्रिंस खान फिर से नये मेजर का इस्तेमाल करता है।



# चित्रगुप्त पूजोत्सव को लेकर बैठक संपन्न, पूजा कमेटी का गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महेशपुर पंचायत सचिवालय में धीरेंद्र लाला की अध्यक्षता में श्रीश्री चित्रगुप्त महा परिवार बाघमारा अंचल सिनीडीह की बैठक संपन्न हुई। जिसमें 15 नवंबर 2023 को होने वाले श्री चित्रगुप्त भगवान के पूजोत्सव पर विशेष रूप से चर्चा हुई। बैठक का संचालन सुजीत सिन्हा के द्वारा किया गया और विगत वर्ष 2022 में हुए पूजा के स्वरूप और आय व्यय से संबंधित जानकारी साझा की गयी। सर्वसम्मति से संरक्षक समिति ,पूजा समिति और कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया।संरक्षक समिति धीरन लाल, बासुकीनाथ लाला, प्रशांत दयाल ,ललन किशोर प्रसाद, विनय कुमार सिन्हा ,जेएन प्रसाद और ब्रजकिशोर।संयोजक दिलीप कुमार वर्मा ।सह संयोजक रंजन कुमार लाला, नावागढ़ अध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव उपाध्यक्ष नीरज कुमार सिन्हा ,जमडीहा अमित कुमार सिन्हा ,अंगारपथरा अजय लाला ,नावागढ़ विनय कुमार सिन्हा उर्फ़ राजा साहेब सिनीडीह अजय कुमार लाला महेशपुर हिमांशु जमुआर हरिणाटिंकू लाला, बकशपुरा महासचिव समीर कुमार लाला उर्फ राजा लाला ,नावागढ़ सचिव सुजीत सिन्हा सिनीडीह सह सचिव गौरव कुमार सिन्हा ,जमडीहा प्रीतम कुमार सिन्हा (नावागढ़) कोषाध्यक्ष अजय राणा ,कतरास रानी बाजार सह कोषाध्यक्ष विवेक कुमार सिन्हा ,श्यामडीह संगठन सचिव संजू लाला ,नावागढ़ सह संगठन सचिव नीरज लाला ,नावागढ़ मुकेश कुमार लाला ,जमडीहा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ वरुण नारायण चंद्र, सूरज कुमार लाला, प्रिंस कुमार लाला, राजेश कुमार लाला को बनाया गया।



# जनता के साथ पुलिस का रवैया बेहतर करने की जरूरत : माले

## 1 नवंबर को बेंगाबाद थाना के समक्ष प्रतिवाद को लेकर सोनवाडीह में माले की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** भाकपा माले की एक बैठक आज बेंगाबाद प्रखंड के सोनवाडीह में प्रखंड सचिव शिवनंदन यादव तथा रूबिलाल किस्कू की अगुवाई में संपन्न हुई, जिसमें स्थानीय लोगों ने भाग लेकर बीते दिनों बेलडीह में हुई उपेन्द्र गोस्वामी की नृशंस हत्या पर चर्चा करते हुए बेंगाबाद पुलिस से तत्काल सभी हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग दोहराई।यहां अपने संबोधन में प्रखंड सचिव ने कहा कि, भाकपा माले मृतक के परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और उन्हें न्याय दिलाने के लिए आंदोलन में उतर चुकी है। कहा कि, 31 अक्तूबर तक घटना में शामिल सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं होने पर 1 नवंबर को बेंगाबाद थाना के समक्ष प्रतिवाद कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है। उन्होंने लोगों से बेंगाबाद में अपराधियों के बढ़ते उत्पात के खिलाफ एकजुट होने की अपील भी की।इधर, बेंगाबाद के भूतपूर्व जिला परिषद सदस्य सह माले नेता राजेश यादव ने कहा कि, स्थानीय पुलिस के कतिपय रवैए से आम जनता का मनोबल गिराने तथा अपराधियों में कानून और पुलिस का भय खत्म करने का काम किया जाता है। कहा कि, बेलडीह में सुरेश हाजरा के साथ गंभीर रूप से मारपीट करने वाले अपराधी पर यदि समय रहते कार्रवाई हुई रहती तो उसका मनोबल नहीं बढ़ता। आज पुनः उसी अपराधी ने कई अन्य के साथ मिलकर उपेंद्र की हत्या सिर्फ इसलिए कर दी कि, उसने अपनी बेटी के साथ लगातार छेड़खानी किए जाने का विरोध किया था। यादव ने कहा कि, सोनवाडीह में भी आदिवासियों के कब्जे की जमीन को भू-माफियाओं द्वारा गोली-बंदूक के बल पर लूटने की कोशिश का विरोध किए जाने के समय स्थानीय पुलिस गोली चलाने वाले अपराधियों के बजाय आदिवासियों को ही भयाक्रांत कर रही थी। इसलिए, आम जनता के साथ बेहतर और अपराधियों के प्रति सख्त रवैया अख्तियार किए बगैर स्थिति में सुधार नहीं किया जा सकता।उन्होंने लोगों से आगामी 1 नवंबर को बेंगाबाद थाना के समक्ष आहूत प्रतिवाद कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। मौके पर अन्य के अलावा रमेश किस्कू, अशोक हेंब्रम, रूबिलाल किस्कू, श्यामलाल हेंब्रम, सत्येंद्र हेंब्रम, सोनालाल किस्कू, राजू सोरेन, करना हांसदा, भुनेश्वर किस्कू आदि मौजूद थे।



# दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह सदर प्रखंड के बजटों पंचायत के अंतर्गत ग्राम नारायणपुर के भेलवा मैदान में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन तिरंगा रिपोर्टिंग क्लब नारायणपुर के द्वारा किया गया । जिसमें मैच का उदघाटन मुख्य अतिथि के रुप मैं बजटों पंचायत के मुखिया अनिता वर्मा , पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि घनश्याम वर्मा , मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र वर्मा रहें । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वार्ड सदस्य राजकुमार दास, कमिटी के अध्यक्ष , अशोक राय सचिव -शीबा राय, कोषाध्यक्ष नंदलाल राय, रति राय संतोष राय ,कमेटी का कप्तान कारू दास रेफरी हरिलाल सोरेन कमेटी का संचालन कर रहे बासदेव राय आदि का भूमिका अहम रहा । इस खेल में ग्राम नारायणपुर के सभी नवयुवको की भूमिका अहम रहा इस खेल में कुल 16 टीमों ने भाग लिया हैं ।

# निर्वाचन विभाग के अवर सचिव ने मतदाता पुनरीक्षण कार्य का किया औचक निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत रविवार को बीएलओ बूथ पर बैठकर मतदाता पुनरीक्षण का कार्य 043 बाघमारा विधान सभा अन्तर्गत महुदा क्षेत्र में किया म बीएलओ एवं सुपरवाईजर का कार्यो का औचक निरीक्षण झारखण्ड़ राज्य निर्वाचन विभाग के अवर सचिव संजय प्रसाद श्रीवास्तव के द्वारा बीएलओ के कार्य प्रपत्र 6 ,7,8, का निरीक्षण किये गये कार्यो का मतदाता सूची के त्रुटि नये मतदाता का नाम फार्म - 6, में कितना वोटर लिस्ट में नाम दर्ज किया गया है और कितना ब्लेक एण्ड व्हाइट फोटो का सुधार किया गया हैं। तथा कितने मृत एवं स्थानातरण वोटर को प्रपत्र 7 फार्म के माध्यम से विलोपन किया गया हैं। साथ ही साथ ए 0 एम0 एफ0 का जॉच किया गया । उक्त कार्यक्रम में बीएलओ सुपरवाईजर भागीरथ सिंह, मुमताज अंसारी, बिनोद महतो, सुरजीत घोषाल , बीएलओ सुनिता देवी, आशा देवी, निर्मला कुमारी, कलाबती कुमारी, अनिता कुमारी,मीना विश्वकर्मी, आदि उपस्थित थे ।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संपादकीय

# पांच सौ का हत्यारा कौन?

**गाजा** पट्टी में एक महाविस्फोट हुआ और 'अल अहली अरब' अस्पताल में 500 लाशें बिछ गईं। यकीनन यह नरसंहार है और युद्ध के नियमों और नैतिकताओं के विपरीत है। अस्पताल में लोग उपचाराधीन थे अथवा इजरायल की बमबारी से बचने के लिए छिपे थे। उनकी हत्या कर दी गई। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पहले हमास और फिलिस्तीन के पक्ष में रूस और चीन ने 'वीटो' का इस्तेमाल किया। फिर इजरायल के 'आत्मरक्षा के अधिकार' को लेकर अमरीका ने 'वीटो' का प्रयोग किया। दोनों प्रस्ताव ही ढह गए और सुरक्षा परिषद में कोई निर्णय नहीं लिया जा सका। अस्पताल पर मिसाइल हमला किया गया अथवा कोई रॉकेट मिसफायर हो गया। उसका हत्यारा हमास था अथवा इजरायल की सेना ने वह नरसंहारी प्रहार किया? इस सवाल पर विरोधाभासी आरोप हैं। अरब और इस्लामी देश इजरायल को 'नरसंहारी' मान रहे हैं, जबकि इजरायल की दलील है कि यह महाविस्फोट हमास के आतंकियों ने किया था, क्योंकि इसके रॉकेट, मिसाइल मिसफायर करने का इतिहास रहा है। बीती मई, 2023 में ही हमास ने 1469 रॉकेट दागे थे, जिनमें से 291 रॉकेट बीच रास्ते में ही फट गए। कुछ रॉकेट समंदर में गिर गए। इजरायल अस्पताल वाले महाविस्फोट के मद्देनजर कुछ सबूत सुरक्षा परिषद के सामने पेश करना चाहता है। मुस्लिम देशों को ईरान भडका रहा है और इजरायल के खिलाफ सडकों पर लामबंद होने की धमकियां दे रहा है। अमरीका ने ईरान को ऐसे रवैये के लिए आगाह किया है। अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन कुछ घंटों के लिए इजरायल गए थे। कुछ लोगों पर प्रतिबंध लगाए, इजरायल को खुला समर्थन दिया, हमास को आईएसआईएस से भी घातक और बदतर करार दिया और वॉशिंगटन लौट गए। बाइडेन और नेतन्याहू में क्या गुप्त बातचीत हुई है, उसकी कोई ब्रीफिंग नहीं की गई। अलबत्ता बाइडेन जॉर्डन जाकर अरब देशों के नेताओं संग शिखर वार्ता नहीं कर सके, इसे कितना गंभीर माना जा सकता है? बहरहाल इजरायल ने गाजा के अलावा, लेबनान और सीरिया में भी हवाई हमले किए हैं। इजरायल पर अब भी रॉकेट, मिसाइल दागे जा रहे हैं। ये विभीषिकाएं कहां जाकर थमेंगी? गाजा से लाखों लोग विस्थापित हो चुके हैं, लेकिन लाखों अब भी गाजा में ही हैं। वे 'नारकीय चक्रव्यूह' में फंसे हैं। हमास उन्हें 'मानव ढाल' की तरह इस्तेमाल कर रहा है, लेकिन मार भी रहा है। कुछ पानी, बिजली, ईंधन, दवा आदि की सप्लाई गाजा वालों के लिए इजरायल ने शुरू की है, लेकिन इजरायल की बमबारी बदस्तूर जारी है। मौत के बाद लोगों को एक 'सामूहिक कब्रगाह' में दफनाया जा रहा है। यदि संयुक्त राष्ट्र के पास विशेषाधिकार हैं, तो वह दखल देकर इन हत्याओं और युद्ध को रुकवा क्यों नहीं सकता? हमें तो संयुक्त राष्ट्र 'सफेद हाथी' लगता है, क्योंकि विश्व के अलग-अलग चार हिस्सों में युद्ध लड़े जा रहे हैं। गाजा में किए गए महाविस्फोट के हत्यारे को कौन तय करेगा, क्योंकि दोनों पक्षों के अपने-अपने दावे हैं। संयुक्त राष्ट्र में 22 अरब देशों के समूह 'अरब लीग' ने कहा है कि इजरायल को तुरंत हमले बंद करने होंगे। इजरायल युद्धविराम की भी घोषणा करे। मौजूदा युद्ध में दोनों तरफ के 4500 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और घायल 13,000 से ज्यादा बताए जा रहे हैं। विश्व दो हिस्सों में बंटता-सा लग रहा है। एक ओर मुस्लिम तथा फिलिस्तीन समर्थक हैं। वे स्पष्टतः हमास-विरोधी भी नहीं हैं। दूसरी तरफ यहूदी और उनके समर्थक हैं। अमरीका, भारत, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस आदि देश इजरायल का समर्थन कर रहे हैं। क्या यह विभाजन विश्व-हित में है? अरब देशों के लाखों नागरिक इन बड़े देशों में नौकरियां कर रहे हैं या व्यवसाय में जुटे हैं। यदि उन्हें उन देशों से निष्कासित करने की नौबत आ गई और अरब देशों ने भी पलटवार किया, तो पूरी विश्व-व्यवस्था ही गड़बड़ा जाएगी। दरअसल यह मुस्लिम-यहूदी युद्ध है, जो सनातन है। 21वीं सदी में ऐसे सांप्रदायिक युद्ध अस्वीकार्य होने चाहिए।


इजरायल अस्पताल वाले महाविस्फोट के मद्देनजर कुछ सबूत सुरक्षा परिषद के सामने पेश करना चाहता है। मुस्लिम देशों को ईरान भडका रहा है और इजरायल के खिलाफ सडकों पर लामबंद होने की धमकियां दे रहा है। अमरीका ने ईरान को ऐसे रवैये के लिए आगाह किया है। अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन कुछ घंटों के लिए इजरायल गए थे। कुछ लोगों पर प्रतिबंध लगाए, इजरायल को खुला समर्थन दिया, हमास को आईएसआईएस से भी घातक और बदतर करार दिया और वॉशिंगटन लौट गए। बाइडेन और नेतन्याहू में क्या गुप्त बातचीत हुई है, उसकी कोई ब्रीफिंग नहीं की गई। अलबत्ता बाइडेन जॉर्डन जाकर अरब देशों के नेताओं संग शिखर वार्ता नहीं कर सके, इसे कितना गंभीर माना जा सकता है? बहरहाल इजरायल ने गाजा के अलावा, लेबनान और सीरिया में भी हवाई हमले किए हैं। इजरायल पर अब भी रॉकेट, मिसाइल दागे जा रहे हैं। ये विभीषिकाएं कहां जाकर थमेंगी? गाजा से लाखों लोग विस्थापित हो चुके हैं, लेकिन लाखों अब भी गाजा में ही हैं। वे 'नारकीय चक्रव्यूह' में फंसे हैं। हमास उन्हें 'मानव ढाल' की तरह इस्तेमाल कर रहा है, लेकिन मार भी रहा है। कुछ पानी, बिजली, ईंधन, दवा आदि की सप्लाई गाजा वालों के लिए इजरायल ने शुरू की है, लेकिन इजरायल की बमबारी बदस्तूर जारी है। मौत के बाद लोगों को एक 'सामूहिक कब्रगाह' में दफनाया जा रहा है। यदि संयुक्त राष्ट्र के पास विशेषाधिकार हैं, तो वह दखल देकर इन हत्याओं और युद्ध को रुकवा क्यों नहीं सकता? हमें तो संयुक्त राष्ट्र 'सफेद हाथी' लगता है, क्योंकि विश्व के अलग-अलग चार हिस्सों में युद्ध लड़े जा रहे हैं।


## कुछ अलग

# हिमाचली कलाकारों की उपेक्षा

**कुल्लू** दशहरा यूं तो हिमाचली संस्कृति के नाम एक पैगाम है, लेकिन आश्चर्य यह कि कुल सात सांस्कृतिक संध्याओं में से केवल एक ही प्रदेश के कलाकारों के नाम होगी। यानी जिस दशहरा की बदौलत हिमाचल की देव संस्कृति सारे देश को आमंत्रित करेगी, वहां 85 फीसदी कार्यक्रम गैर हिमाचली कलाकारों के नाम होंगे। यह चयन की पराकाष्ठा है जो ऐसे अवसर को बालीवुड व पंजाबी कलाकारों के नाम ही नहीं करती, बल्कि समारोह के नाम पर की गई उगाही भी बाहरी कलाकारों में बांट देती है। हिमाचल एकमात्र ऐसा राज्य है जहां राज्य स्तरीय सांस्कृतिक समारोह भी बिना किसी परिपाटी के प्रशासनिक व सियासी चाटुकारिता में गुम हो रहे हैं। सुक्खू सरकार से व्यवस्था के सांस्कृतिक दायरे में जबरदस्त परिवर्तन की गुजारिश है ताकि ऐसे समारोह प्रदेश के पर्यटन परिदृश्य को मजबूत करें। सांस्कृतिक व धार्मिक समारोहों के अलावा मंदिर व्यवस्था का एक प्रादेशिक ढांचा निर्मित होना चाहिए ताकि संसाधनों का सही इस्तेमाल हो सके। मंदिर व्यवस्था के लिए एक केंद्रीय ट्रस्ट व प्राधिकरण का गठन स्थायी रूप से धार्मिक पर्यटन की योजनाओं-परियोजनाओं का संचालन करके आय को कम से कम पांच हजार करोड़ तक ले जा सकता है। इसी तरह क्षेत्रीय व ग्रामीण मेलों, सांस्कृतिक समारोहों तथा व्यापारिक मेलों के लिए एक मेला विकास प्राधिकरण का गठन करके आय-व्यय की पारदर्शी व्यवस्था अमल में लाई जा सकती है। मेला विकास प्राधिकरण के तहत प्रदेश के मेला ग्राऊंड, व्यापारिक प्रदर्शनियां तथा सांस्कृतिक समारोहों की एक परिपाटी बनाएंगे, तो हिमाचल के हर कलाकार को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कलाकारों का चयन वार्षिक कांट्रैक्ट के तहत अगर किया जाए, तो लगभग सौ के करीब सांस्कृतिक समारोहों के आयोजन से कला को रोजगार पाने का अवसर मिलेगा। विडंबना यह है कि जिलावार आयोजनों का मकसद सांस्कृतिक रहा ही नहीं, बल्कि कुछ दलालों के मार्फत बाहरी कलाकारों पर सबसे अधिक व्यय किया जा रहा है। ऐसे में इन समारोहों में कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग व अकादमी ढूंढे नहीं मिलते। समारोहों में पचास से साठ करोड़ तक खर्च होने के बावजूद हिमाचल के सांस्कृतिक पक्ष का समर्थन नहीं किया जा रहा। सांस्कृतिक समारोहों की न तो आय तय है और न ही व्यय, बल्कि एक फर्ज अदायगी के रूप में प्रशासन अपनी भूमिका निभाता है, जबकि राजनीति इसे भी अपने प्रचार और प्रभाव का मंच बनाने से नहीं चूकती। हमसे तो बेहतर अन्य राज्य हैं जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा तीज-त्योहारों, व्यापारिक मेलों, पुस्तक मेलों के अलावा फल उत्सव भी मनाए जा रहे हैं।

## गुजरात और राजस्थान से इनका इतिहास जुड़ा हुआ है

# गुज्जर और गोजरी भाषा व मजहब का सवाल

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

**गुज्ज** जिसे संस्कृत में गुर्जर कहा जाता है, जितना प्राचीन शब्द है, उतना ही प्राचीन इनका इतिहास है। गुजरात और राजस्थान से इनका इतिहास जुड़ा हुआ है। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू और कश्मीर में जितने गुज्जर समुदाय के लोग हैं, वे सभी किसी न किसी समय राजस्थान से ही चल कर इन स्थानों पर पहुंचे थे। मोटे तौर पर गुज्जर पशुओं का पालन करते हैं। उनको लेकर निरन्तर एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूमते रहते हैं। लेकिन इतने वर्षों में गुज्जर जन-समुदाय के कुछ लोगों ने घुमक्कड़ी का जीवन छोड़ कर स्थायी तौर पर भी रहना शुरू कर दिया है। स्थायी तौर पर रहने वाले गुज्जरों को मुकामी गुज्जर भी कहा जाता है। मुकामी गुज्जर जरूरी नहीं कि पशुपालन का धन्धा ही करते हों। वे अन्य व्यवसायों में भी चले गए हैं। जम्मू और कश्मीर में जो गुज्जर बकरियों का पालन करते हैं, उन्हें बकरवाल भी कहा जाता है। जो गुज्जर वनों में रहकर गाय-भैंस का पालन करते हैं, उन्हें वनगुज्जर या बनिहारा गुज्जर भी कहा जाता है। गुज्जर अपनी वंश परम्परा भगवान कृष्ण से जोड़ते हैं क्योंकि वे भी गोपालक कहे जाते हैं। गुज्जरों के लोकगीतों में भी अनेक जगह इसका जिक्र आता है। जम्मू कश्मीर में गुज्जरों की जनसंख्या 1941 की जनगणना के अनुसार 381457 थी। 1951 में जम्मू कश्मीर में विपरीत परिस्थितियों के कारण जनगणना नहीं हो सकी। 1961 में जनगणना तो हुई लेकिन उसमें गुज्जरों को प्रदेश के अन्य मुसलमानों, जिनमें अशरफ और अलजाफ दोनों ही शामिल थे, में ही डाल कर, मुसलमानों की गणना की गई। गुज्जरों ने इसका विरोध भी किया और यह आरोप भी लगाया कि गुज्जरों की गणना मुसलमानों में कर, उनकी पहचान को समाप्त करने का परोक्ष षड्यन्त्र है। जनगणना विभाग की रपटों के अनुसार जम्मू कश्मीर में गुज्जर-बकरवालों की संख्या घटती जा रही है। जम्मू कश्मीर के अधिकांश बुद्धिजीवी यह मानते हैं कि गुज्जरों की संख्या कम होते जाने का कारण जनगणना का तरीका है। गणना, बोली जानी वाली भाषा के आधार पर की जाती है। अनेक बार मुकामी गुज्जर, जो अपनी बोलचाल की गोजरी भाषा को प्रयोग में नहीं लाते, वे अपनी बोलचाल की भाषा को ही मातृभाषा लिखवा देते हैं। इसलिए प्रदेश में गुज्जरों की सही संख्या जानने के लिए, उनकी गुज्जर के नाते गणना करनी पड़ेगी, मजहब के नाम पर नहीं। जम्मू कश्मीर में गुज्जर समुदाय की संख्या कम होने का एक दूसरा कारण पाकिस्तान है। पाकिस्तान ने जम्मू के कई स्थानों मसलन मीरपुर, कोटली, भिम्बर पर बलपूर्वक कब्जा किया हुआ है। इन


पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू और कश्मीर में जितने गुज्जर समुदाय के लोग हैं, वे सभी किसी न किसी समय राजस्थान से ही चल कर इन स्थानों पर पहुंचे थे। मोटे तौर पर गुज्जर पशुओं का पालन करते हैं। उनको लेकर निरन्तर एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूमते रहते हैं। लेकिन इतने वर्षों में गुज्जर जन-समुदाय के कुछ लोगों ने घुमक्कड़ी का जीवन छोड़ कर स्थायी तौर पर भी रहना शुरू कर दिया है। स्थायी तौर पर रहने वाले गुज्जरों को मुकामी गुज्जर भी कहा जाता है।




क्षेत्रों में गुज्जरों की काफी बड़ी संख्या है। लेकिन पाकिस्तान में होने के कारण उनकी गिनती हो नहीं पाती। अशरफ समाज गुज्जरों को अलजाफ श्रेणी में रखता है, इसलिए भी बहुत से मुकामी गुज्जर अपनी जनगणना में अपनी पहचान छिपा लेते हैं। जनसांख्यिकी में रुचि रखने वाले गुज्जरों की जनसंख्या प्रदेश की कुल आबादी का 10 फीसदी तक भी मानते हैं। पंजाब, हरियाणा और हिमाचल में शासकीय स्तर पर गुज्जर जनजाति श्रेणी में नहीं माने जाते। देश में जम्मू कश्मीर एकमात्र ऐसा प्रदेश है जिसमें उन्हें जनजाति श्रेणी में माना जाता है और इसी श्रेणी में उनके लिए नौकरियों और विधानसभा में सीटों का आरक्षण दिया जाता है। इस विषय में एक रुचिकर किस्सा स्मरण में आता है। राजस्थान में भी गुज्जर जनजाति का दर्जा पाने के लिए संघर्ष व आन्दोलन करते रहते हैं। वहां दौसा क्षेत्र में गुज्जरों की काफी संख्या है। पुनर्सीमांकन में लोकसभा की दौसा सीट जनजाति समाज के लिए आरक्षित हो गई। इसलिए 2009 में होने वाले लोकसभा चुनाव में गुज्जर समाज के लिए संकट खड़ा हो गया। राजस्थान में मीणा समाज की गणना जनजाति में होती है। इसलिए अब दौसा से गुज्जर तो लोकसभा के चुनाव में प्रत्याशी हो ही नहीं सकता था। गुज्जर समाज उस प्रदेश की तलाश करने लगा, जहां गुज्जर को एसटी का दर्जा मिला हुआ हो। उनकी खोज जम्मू कश्मीर पर आकर खत्म हुई। उन्होंने राजौरी के एक गांव से मोहम्मद कुमर रब्बानी चेच्ची को तैयार किया और उसे दौसा से मैदान में उतार दिया। विरोधी प्रत्याशी ने इसका उपहास उड़ाया। दौसा में गुज्जर समुदाय का मजहब इस्लाम नहीं है। यहां के गुज्जर मुगलों के शासन में भी मतान्तरित नहीं हुए थे। अतः क्षेत्र में चर्चा होने लगी कि इस मुसलमान गुज्जर को कौन वोट देगा? लेकिन गुज्जर समुदाय की मजहब की पहचान गौण हो गई। गुज्जर की पहचान उभर आई। रैली में लोग नारा लगाते हैं भगवान देव नारायण की जय। देव नारायण गुज्जरों के देवता माने जाते हैं। चेची उनसे भी ऊंची जय बोलते हैं। चेची दौसा के गुज्जरों को बताते हैं कि जम्मू कश्मीर में गुज्जर भी बरसों पहले राजस्थान से ही गए थे। इसलिए हमारे रीति रिवाज आज भी एक जैसे ही हैं। चेची ठीक कह रहे थे। आज भी कश्मीर के गुज्जरों के रीति रिवाज कश्मीरियों से उतने नहीं मिलते जितने देश के अन्य हिस्सों में रहने वाले गुज्जरों से। चेची चुनाव हारे या जीते यह प्रश्न नहीं है। उन्होंने एक बार फिर गुज्जर समुदाय की राष्ट्रीय पहचान स्थापित की। गुज्जर जन समुदाय की भाषा गोजरी है। अधिकांश गुज्जर इसका प्रयोग भी करते हैं। लेकिन जो गुज्जर पंजाब में बस गए हैं, उन्होंने धीरे धीरे वहां की स्थानीय भाषा पंजाबी को अपना लिया है और वे आम बोलचाल में उसी भाषा का प्रयोग करते हैं। जो गुज्जर घुमक्कड़ वृत्ति छोड़ कर कहीं भी स्थायी रूप से बस गए हैं और खेतीबाड़ी करने लगे हैं, उन्होंने गोजरी छोड़ कर वहां की स्थानीय भाषा को ही स्वीकार कर लिया है। हिमाचल में चम्बा के गुज्जर आम बोलचाल में गोजरी भाषा का भी प्रयोग करते हैं। जम्मू कश्मीर राज्य सरकार ने गोजरी को प्रदेश की राज्य भाषाओं में शामिल किया हुआ है। गोजरी को अन्य भाषाओं के साथ राज भाषा का दर्जा देने वाला जम्मू कश्मीर शायद देश का पहला राज्य है। गोजरी भारोपीय परिवार की भाषा है जो देवनागरी लिपि में लिखी जाती है। लेकिन जम्मू कश्मीर में, वहां के शासन ने कश्मीरी भाषा के साथ साथ गोजरी भाषा की लिपि भी अनिवार्य रूप से अरबी लिपि ही कर दी है। यही कारण है कि जम्मू कश्मीर स्कूल एजुकेशन बोर्ड गोजरी भाषा की किताबें अरबी लिपि में प्रकाशित करता है। जम्मू में कई गुज्जर संस्थाएं इसका विरोध भी कर रही हैं। स्थान के अनुसार गोजरी भाषा का स्वरूप भी थोड़ा बहुत बदलता रहता है। लारेंस, गोजरी भाषा को हिन्दकी कहता है। हिन्दकी खैबर पख्तूनखवा में भी बोली जाती है। ग्रियसन ने अपने भाषायी सर्वेक्षण में गोजरी को पहाड़ी ही लिखा है। लेकिन यह सही नहीं है। दरअसल गोजरी भाषा राजस्थान के मेवाड़ क्षेत्र की भाषा से अधिकांशतः मिलती जुलती है। गोजरी को इसीलिए राजस्थानी भी कहा जाता है। जम्मू कश्मीर की जनगणना में गुज्जरों की भाषा को इसीलिए राजस्थानी कहा गया है। हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय देश का पहला विश्वविद्यालय है जिसने गोजरी भाषा में तथा गुज्जर इतिहास व संस्कृति में सर्टिफिकेट कोर्स प्रारम्भ किया है। लेकिन दुर्भाग्य से जम्मू कश्मीर के विश्वविद्यालयों में इसकी कोई व्यवस्था नहीं है।

# क्या इस साल भी नहीं होगी विवि एथलेटिक्स

**सत्र** 2023-24 के लिए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का शारीरिक शिक्षा व अन्य गतिविधियों के निदेशालय ने इस बार भी पूरे हिमाचल प्रदेश के महाविद्यालयों की खेलों का आयोजन विभिन्न महाविद्यालयों में होगा, यह अपने कैलेंडर में लिखा है मगर खेलों की जननी एथलेटिक्स का नाम गायब है। क्या इस बार भी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता नहीं होगी? हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला व वल्लभ भाई पटेल राज्य विश्वविद्यालय मंडी इन दोनों विश्वविद्यालयों के लगभग सभी अंतर महाविद्यालय खेलों का संयुक्त रूप से आयोजन पिछले वर्ष भी हुआ था और इस वर्ष भी आयोजन हो रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में सत्तर के दशक में बना हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला अगले कई दशकों तक सभी विद्याओं में स्नातक डिग्री से लेकर पीएचडी तक शोध करवाता रहा है। जैसे जैसे शिक्षा में उत्कृष्टता की जरूरत महसूस हुई, प्रदेश में प्रौद्योगिकी के लिए हमीरपुर में एनआईटी व मंडी में आईआईटी जैसे विश्वविद्यालय समकक्ष संस्थान खुल गए तथा अन्य अभियांत्रिकी महाविद्यालय तथा तकनीकी शिक्षा के लिए हमीरपुर में हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय खोला गया है। चिकित्सा के लिए बिलासपुर में एम्स तथा अन्य चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए मंडी के नेरचौक में अटल बिहारी वाजपेयी स्वास्थ्य व चिकित्सा विश्वविद्यालय खोला है। देहरा व धर्मशाला में केन्द्रीय विश्वविद्यालय खुल गया है। पहले मंडी, कांगड़ा, चंबा, लाहौल स्पीति व कुल्लू जिलों के 140 महाविद्यालयों को वल्लभभाई विश्वविद्यालय मंडी के अंतर्गत कर दिया था, मगर इस सरकार ने कुछ जिलों की कटौती की है। शेष जिलों के महाविद्यालयों को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के अंतर्गत ही रखा है। निजी विश्वविद्यालय अलग से हिमाचल प्रदेश में शिक्षा दे रहे हैं। राज्य में इतने संस्थान व विश्वविद्यालय होने के बावजूद खेलों का भला नहीं हो पा रहा है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अतंर्गत दो सौ से भी अधिक कालेज आते थे। पिछले सत्र से विश्वविद्यालय की खेलें केवल औपचारिकता तक ही सीमित रह गई थीं। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के पास लम्बे समय तक अपना नियमित शारीरिक शिक्षा व अन्य गतिविधियों का निर्देशक व प्रशिक्षक कैडर भी नहीं था। पिछले वर्ष नियुक्तियां हुई हैं। पिछले दो सालों से महाविद्यालय प्राचार्यों का रवैया असहयोग का ही रहा था। हमीरपुर का सरकारी कालेज जो एथलेटिक्स का गढ़ है वहां पिछले दो वर्षों से विश्वविद्यालय प्रतियोगिता करवाने के लिए आनाकानी रही और विश्वविद्यालय की एथलेटिक्स मीट आयोजित नहीं हो पाई थी। इस बार खेल कैलेंडर में एथलेटिक्स का जिक्र भी नहीं है। कुछ महाविद्यालय प्राचार्य लिखित में विश्वविद्यालय से अपने यहां खेल प्रतियोगिता आबंटित करने के लिए साफ मना करते रहे हैं। अब भी वही हाल है। क्या हिमाचल प्रदेश शिक्षा के कर्णधार शिक्षा की परिभाषा ही भूल गए हैं। शिक्षा का मतलब है मानव का सर्वांगीण विकास जो शारीरिक व मानसिक दोनों होता है। इस विषय पर सरकार व शिक्षा विभाग को सोच समझ कर निर्णय लेना होगा कि भविष्य में खेलों के साथ इस तरह खिलवाड़ न हो। ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले अधिकांश स्टार खिलाड़ी महाविद्यालय व विश्वविद्यालय से ही निकल कर आते हैं। अकादमिक विषयों की तरह खेल भी शिक्षा का अभिन्न हिस्सा है। शारीरिक फिटनेस का उच्चतम स्तर ही खेलों में उत्कृष्ट परिणामों का मुख्य कारण है। जिस देश की जवानी जितनी फिट होगी वहां पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करवाना उतना ही आसान होता है। इसलिए शिक्षा संस्थानों में हर विद्यार्थी की फिटनेस के लिए कार्यक्रम होना चाहिए जिससे अच्छे खिलाड़ी ही नहीं फिट नागरिक भी देश को मिल सकें। महाविद्यालय स्तर पर खेलों के लिए जहां स्तरीय खेल ढांचे का होना बहुत जरूरी है, वहीं पर ज्ञानवान प्रशिक्षकों की भी बहुत ज्यादा जरूरत है। देश के अन्य राज्यों की तरह हिमाचल प्रदेश में भी महाविद्यालय स्तर पर खेलों का हाल ज्यादा ठीक नहीं है। राज्य के अधिकतर महाविद्यालय अच्छे खिलाडियों को मंच देने में नाकाम रहे हैं। कनिष्ठ खिलाडियों के लिए नजर दौड़ा कर देखें तो उनके प्रशिक्षण के लिए बहुत अच्छा तो नहीं मगर प्रशिक्षण शुरू करने काबिल व्यवस्था मौजूद है। हिमाचल प्रदेश में जूनियर खिलाडियों के लिए लगभग हर स्तर पर कई खेलों के लिए शिक्षा व खेल विभाग के खेल छात्रावास मौजूद हैं, मगर आगे महाविद्यालय व विश्वविद्यालय स्तर पर खिलाडियों के लिए हिमाचल प्रदेश में कहीं भी कोई खेल विंग नहीं है। इसलिए अधिकतर खिलाड़ी स्कूल के बाद अपनी महाविद्यालय की पढ़ाई के लिए राज्य के महाविद्यालयों में खेल वातावरण न होने के कारण पड़ोसी राज्यों को पलायन कर जाते हैं। महाविद्यालय स्तर से ही पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलते हैं। इसलिए महाविद्यालय स्तर पर खिलाड़ी विद्यार्थियों को अच्छी खेल सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। हिमाचल प्रदेश में भी कुछ प्राचार्यों व शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापकों ने प्रशिक्षकों व खिलाडियों को अच्छा प्रबंधन देकर पदक विजेता प्रदर्शन करवाया है। नब्बे के दशक में हमीरपुर के सरकारी महाविद्यालय में तत्कालीन प्राचार्य डॉक्टर ओपी शर्मा व शारीरिक प्राध्यापक डीसी शर्मा ने एथलेटिक्स व जूडो के प्रशिक्षकों को बुला कर उन्हें कामचलाऊ सुविधा उपलब्ध करवा कर उनके प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रोत्साहित किया था। उसी प्रशिक्षण कार्यक्रम के कारण पुष्पा ठाकुर हमीरपुर से किसी भी खेल की पहली अंतर विश्वविद्यालय पदक विजेता बनी तथा उसके बाद हमीरपुर महाविद्यालय ने एथलेटिक्स व जूडो में कई राष्ट्रीय पदक विजेता दिए। हमीरपुर के सरकारी महाविद्यालय की तत्कालीन खिलाड़ी विद्यार्थियों में पुष्पा ठाकुर व संजो देवी एथलेटिक्स तथा जूडो में नूतन हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े खेल पुरस्कार परशुराम अवार्ड से सम्मानित हैं। प्राचार्य डॉक्टर नरेन्द्र अवस्थी व शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक सुशील भारद्वाज के प्रबंधन में एक समय राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर की चार धाविकाओं ने आज तक का सर्वाधिक पदक जीतने का रिकॉर्ड प्रदर्शन करते हुए अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता बंगलौर 2006-07 में मंजू कुमारी ने पंद्रह सौ व पांच हजार मीटर की दौड़ों में दो स्वर्ण पदक जीत कर सर्वश्रेष्ठ धाविका का ताज पहना। इसी तरह कई अन्य खिलाडियों ने भी प्रदेश का नाम ऊंचा किया।


हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अतंर्गत दो सौ से भी अधिक कालेज आते थे। पिछले सत्र से विश्वविद्यालय की खेलें केवल औपचारिकता तक ही सीमित रह गई थीं। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के पास लम्बे समय तक अपना नियमित शारीरिक शिक्षा व अन्य गतिविधियों का निर्देशक व प्रशिक्षक कैडर भी नहीं था। पिछले वर्ष नियुक्तियां हुई हैं। पिछले दो सालों से महाविद्यालय प्राचार्यों का रवैया असहयोग का ही रहा था। हमीरपुर का सरकारी कालेज जो एथलेटिक्स का गढ़ है वहां पिछले दो वर्षों से विश्वविद्यालय प्रतियोगिता करवाने के लिए आनाकानी रही और विश्वविद्यालय की एथलेटिक्स मीट आयोजित नहीं हो पाई थी। इस बार खेल कैलेंडर में एथलेटिक्स का जिक्र भी नहीं है। कुछ महाविद्यालय प्राचार्य लिखित में विश्वविद्यालय से अपने यहां खेल प्रतियोगिता आबंटित करने के लिए साफ मना करते रहे हैं। अब भी वही हाल है।


## दृष्टिकोण

# मौत का सामान...

**आज** से बीस वर्ष पूर्व दूल्हाराजा बनकर दुल्हन को गठबन्धन करके अपने घर ला रहा था। उस समय गलियारे में किसी पागल आदमी ने यह गीत गया था-'आज हम अपनी मौत का सामान ले चले।' परन्तु उस समय मैंने उसके इस कथन पर तनिक भी ध्यान नहीं दिया था। परन्तु आज रह-रहकर उस पागल का यह गीत बार-बार मेरे कानों में गूंज रहा है। जान बूझकर मौत का सामान पल्लू से बांध लाये। सकुची शरमायी लाल जोड़े में सिमटी बीस साल पहले की वह रानी दुल्हन पूरी तरह बदल गई है। शर्मोहया की एवज निर्लज्जता तथा लाल जोड़े की एवज खुद आग बबूला हो रही है तथा सारी सीमाएं लांघकर उसने मुझे अपने हाथों की कठपुतली बना लिया है। जैसा नाच नचवाये वही नाचने लगा हूं। सोचा भी न था कि यही औरत एक दिन आस्तीन का सांप साबित होगी। चार दिन की चांदनी और फिर वही अंधेरी रात। अब पछताए होत क्या जब चिडियां चुग गई खेत। एक साथ हिंदी साहित्य के अनेक मुहावरे मुझ पर चरितार्थ हो रहे हैं। परेशान होकर मैंने एक दिन डरते हुए पत्नी से कहा-'प्रिय, बीस साल पहले के वे दिन याद करो, जब तुम मुझे असीम प्यार और सम्मान दिया करती थी। तुम आखिर इतना बदल क्यों गई हो?' पत्थर दिल ने कहा-'उन वर्षों का नाम भी मत लो मेरे सामने। पराधीन सपनेहु सुख नाहीं। क्या गुलामी के दिन वे थे। सब डरा हुआ और सहमा हुआ माहौल। मैंने तुम्हें जितना प्यार व सम्मान दिया, उसके एवज मुझे मिला क्या था, सिवाय फटकार-दुतकार तथा असम्मान के। आज हालात इसके ठीक विपरीत हैं। मुझे याद नहीं तुम डेढ़ दशक से कभी हिम्मत करके कोई मन की बात बेखौफ कह भी सके हो।' 'लेकिन ऐसे कब तक चलेगी हमारी यह गाड़ी?' 'गाड़ी चल रही है और खूब चलेगी, जब तुम्हारे जैसा घोड़ा इस गाड़ी में जुत गया हो तो फिर परेशानी कैसी, और तुम चाहो कि तुम्हारे बीस साल पहले वाले दिन अब मैं लौटा दूं तो यह हरगिज नहीं हो सकता। आदमी ने नारी पर बड़े अत्याचार किये हैं।' मेरी व्याहता ने कहा। 'लेकिन पूरी नारी जाति के अपमान का बदला मुझ अकेले से लेना तो घोर अन्याय है।' 'अपने अत्याचारों को भूल गये। जब बात-बात में अकड़ते थे, डांटते थे तथा हाथापाई पर उतर आते थे। तुमने मुझे खिलौना समझ लिया था। जिससे जब चाहा खेला और जब चाहा फिर फेंक दिया।' 'लेकिन अब वही स्थिति तुमने मेरी कर दी है। यदि वह अत्याचार था तो यह भी उसी श्रेणी में है। हमें परस्पर विचार कर सौहार्द का रास्ता निकालना चाहिए।' मैं बोला। परन्तु उसने हथियार डालना तो सीखा ही नहीं था, बोली-'महाशय जी, जाइये बाजार और राशन की बोरी ले आइये। वरना भूख हड़ताल को तैयार रहना।' मैं घिघियाया सा बाजार चला गया। इसी तरह अनेक बार मैंने विचार-विमर्श के लिए द्वार खोले परन्तु कोई सम्मानजनक समझौता नहीं हो सका। मैं अपमान की आग में जलता रहा परन्तु उसने कभी नहीं चाहा कि दाम्पत्य जीवन के लिए कोई हितकारी कार्य किया जावे।

## देश दुनीया से

# सोलहवें वित्त आयोग की परीक्षा, वैश्विक अनिश्चितता के बीच आर्थिक विकास का आकलन बड़ी चुनौती

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू शीघ्र ही 16वें वित्त आयोग का गठन करेंगी। वित्त आयोग एक सांविधानिक निकाय है, जो केंद्र द्वारा इकट्ठा किए जाने वाले करों को केंद्र और राज्यों के बीच बांटने की जिम्मेदारी निभाता है। वित्त आयोग का गठन हर पांच वर्ष के अंतराल पर होता है। आजादी के बाद से अब तक 15 वित्त आयोगों का गठन हो चुका है और उनके फैसलों ने राज्यों को वित्तीय संसाधन मुहैया कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसके जरिये विभिन्न राज्य सरकारें संविधान के अनुरूप अपने कर्तव्य का निर्वाह कर पाने में सक्षम हुईं। एक सांविधनिक निकाय होने के अलावा वित्त आयोग केंद्र और राज्यों के बीच संसाधनों के बंटवारे का स्वतंत्र मध्यस्थ भी है। सरकार से बाहर के किसी स्वतंत्र निकाय द्वारा संसाधनों के बंटवारे की यह व्यवस्था अद्भुत तो है ही, इसे भारत की संघीय वित्तीय व्यवस्था की मजबूती का बड़ा कारण भी माना जाता है। वित्त आयोग के फैसले पांच साल के लिए कार्यकारी होते हैं। फिलहाल 15वें वित्त आयोग के फैसले कार्यकारी हैं। 15वें वित्त आयोग ने केंद्र द्वारा इकट्ठा किए जाने वाले कुल करों का 41 फीसदी हिस्सा राज्यों को देने की सिफारिश की थी। गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा वसूले जाने वाले उपकरों और अधिभारों को राज्यों के साथ साझा करने का प्रावधान नहीं है। ऐसे ही विभिन्न सार्वजनिक उद्यमों से केंद्र द्वारा वसूले जाने वाले मुनाफा और लाभांश जैसे अनेक गैर कर राजस्वों को भी राज्यों के साथ बांटने का प्रावधान नहीं है। कुल संसाधनों और वित्तीय संबंधों के मौजूदा ढांचे के मद्देनजर संसाधनों की जरूरत और उनकी उपलब्धता के बीच वित्त आयोग को हमेशा ही बेहतर संतुलन बनाना पड़ता है। बेशक इस मामले में कोई स्थापित नियम नहीं है, लेकिन केंद्र और राज्यों की वित्तीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए वित्त आयोग इसका आकलन करता है कि संसाधनों का कितना हिस्सा राज्यों को स्थानांतरित करना चाहिए और कितना हिस्सा केंद्र के पास रहना चाहिए। उत्तरोत्तर वित्त आयोग ने यह काम न सिर्फ बेहद प्रशंसनीय तरीके से करते हुए वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित की है, बल्कि इसी के साथ देश में वित्तीय सुधार के महत्वपूर्ण काम को भी अंजाम दिया है। अगर हम हाल के दौर की ही बात करें, तो 12वें वित्त आयोग ने राज्य स्तर पर नियम आधारित वित्तीय नियंत्रण का ढांचा लागू किया था, 13वें वित्त आयोग ने जीएसटी का ढांचा मुहैया कराते हुए वित्तीय अनुशासन के ढांचे को मजबूती दी थी, 14वें वित्त आयोग ने राज्यों को दिए जाने वाले करों की हिस्सेदारी बढ़ाकर 42 फीसदी की थी, ताकि राज्यों को ज्यादा वित्तीय स्वायत्तता प्राप्त हो, जबकि कोविड महामारी के बीच 15वें वित्त आयोग ने वित्तीय स्थिरता और राज्यों को उपलब्ध होने वाले संसाधनों के मामले में जरूरी ढांचा बनाने के बारे में सुझाया था। चूंकि संसाधनों की जरूरत और प्रति व्यक्ति आय के मामले में विभिन्न राज्यों के बीच भारी अंतर है, ऐसे में, उत्तरोत्तर वित्त आयोगों ने इस समस्या के हल के लिए संसाधनों के हस्तांतरण में प्रगतिशील नजरिये का परिचय दिया है। यह इसी का नतीजा है कि प्रति व्यक्ति आय में निचले पायदान पर खड़े राज्यों को तुलनात्मक रूप से समृद्ध राज्यों की अपेक्षा संसाधनों का अधिक हिस्सा मिलता है। दीर्घावधि के नजरिये से देखें, तो 16वें वित्त आयोग को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में भू-राजनीतिक अनिश्चय के कारण आर्थिक मामले में बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास का आकलन कर पाना इनमें सबसे बड़ी चुनौती है।


आजादी के बाद से अब तक 15 वित्त आयोगों का गठन हो चुका है और उनके फैसलों ने राज्यों को वित्तीय संसाधन मुहैया कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसके जरिये विभिन्न राज्य सरकारें संविधान के अनुरूप अपने कर्तव्य का निर्वाह कर पाने में सक्षम हुईं। एक सांविधनिक निकाय होने के अलावा वित्त आयोग केंद्र और राज्यों के बीच संसाधनों के बंटवारे का स्वतंत्र मध्यस्थ भी है। सरकार से बाहर के किसी स्वतंत्र निकाय द्वारा संसाधनों के बंटवारे की यह व्यवस्था अद्भुत तो है ही, इसे भारत की संघीय वित्तीय व्यवस्था की मजबूती का बड़ा कारण भी माना जाता है। वित्त आयोग के फैसले पांच साल के लिए कार्यकारी होते हैं। फिलहाल 15वें वित्त आयोग के फैसले कार्यकारी हैं। 15वें वित्त आयोग ने केंद्र द्वारा इकट्ठा किए जाने वाले कुल करों का 41 फीसदी हिस्सा राज्यों को देने की सिफारिश की थी। गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा वसूले जाने वाले उपकरों और अधिभारों को राज्यों के साथ साझा करने का प्रावधान नहीं है।

31 अक्टूबर लौह-पुरुष की जयंती एकता दिवस के रुप मे मनायेगा देश : सुरजमोहन साहू

# एशियन गेम्स में झारखंड के दो स्वर्ण पदक विजेता की प्रतिभा का पीएम ने की सराहना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड के विभिन्न शक्तिकेंद्र के बूथ क्षेत्रो मे 29 अक्टूबर रविवार को भाजपाईयो ने पीएम मन की बात कार्यक्रम का लाईव प्रसारण टीवी, रेडियो, व स्मार्ट्फ़ोन्स पर सुना। कैरो बूथ संख्या 168 मे रेडियो पर भाजपाईयो ने सुना। मौके पर कार्यक्रम का लाईव प्रसारण सुनने के बाद भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक सुरज मोहन साहू ने प्रेस संवाददाताओं से कहा कि पीएम ने अपने 106 वें एपिसोड मे एशियन गेम्स पर झारखंड के इंदु प्रकाश के साईकिलिंग रेश मे 02 गोल्ड मेडल जीतने पर इंदु का उत्साहवर्धन करते हुए उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। पीएम ने अपने 106 वें एपिसोड मे भोकल फार लोकल की चर्चा करते हुए आगामी त्यौहारों मे देश मे बनी स्थानीय उत्पाद की खरीदारी कर आत्मनिर्भर भारत को मजबूत करने पर बल दिया। उन्होने कहा कि आगामी 31 अक्टूबर देश के लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जिन्होने देश के 580 खंड-खंड रियासतों को जोड़कर अखंड भारत बनाया एसे महापुरुष के जयंती को भारत एकता दिवस के रुप मे मनायेगी, लौह-पुरुष पटेल की जयंती पर देश की युवाओं के विकास के लिये मेरा युवा भारत होगा लाँच। साथ ही पीएम ने 31 अक्टूबर को पुर्व प्रधानमंत्री श्री मति इन्दिरा गांधी की पुण्यतिथि मनाने की भी चर्चा देश वासीयो से मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से की ह। जिला उपाध्यक्ष साहू ने कहा कि पीएम ने 31 अक्टूबर को विगत वर्षो से चली आ रही अमृत महोत्सव की समापन की चर्चा करते हुए कहा कि मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के निमित अमृत कलश यात्रा निकालकर देश के कोने-कोने से मिट्टी दिल्ली आ रही है उक्त मिट्टी से कर्तब्य पथ पर अमृत वाटिका का निर्माण किया जायेगा। पीएम ने अपने 106 वें एपिसोड मे देश के समाजिक अन्य आवश्यक विषयो पर भी चर्चा की। इस अवसर पर कैरो मंडल भाजपा पुर्व अध्यक्ष कैलास महतो, प्रखंड भाजपा महामंत्री मनोज साहू, पिछ्ड़ा जाति मोर्चा अध्यक्ष राजेश सोनी, जयराम उराँव, पंकज साहू, अंतोष कुमार, रामसेवक साहू, गणेश कुमार, भानूमति देवी इत्यादि ने पीएम मन की बात कार्यक्रम का लाईव सुना।

## कार्तिक उरांव के जीवनी को पाठ्य पुस्तक में सरकार को करना चाहिए शामिल : सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** स्वर्गीय कार्तिक उरांव स्मारक समिति सोबरन टोली लोहरदगा के तत्वाधान में आदिवासियों के मसीहा स्वर्गीय कार्तिक उरांव की 99 वीं जयंती सह जतरा समारोह कार्यक्रम हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस के प्रभारी पूर्व विधायक सुखदेव भगत थे। श्री भगत का कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर उनका पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। तत्पश्चात सरना मां का पूजा अर्चना किया गया तत्पश्चात स्वर्गीय कार्तिक उरांव के प्रतिमा पर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों के द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।मौके पर पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा कि स्वर्गीय कार्तिक उरांव का जन्म गुमला जिला के लिटा टोली में हुआ था ।वे एक गरीब परिवार में जन्मे थे। वे बचपन से कुशाग्रबुद्धि के थे। वे विदेश में जाकर शिक्षा ग्रहण किए थे उनके पास अनेक डिग्रियां थी। पंडित जवाहरलाल नेहरू से प्रभावित होकर वे राजनीतिक में आए थे। वे लोहरदगा से सांसद बनकर केंद्रीय मंत्री बने थे। कार्तिक उरांव आदिवासी समाज के उत्थान के लिए पूरे देश के आदिवासियों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किए थे जिसके लिए उन्होंने अखिल भारतीय विकास परिषद का गठन किया था। जिनकी शाखाएं पूरे देश में है। श्री भगत ने कहा कि स्वर्गीय कार्तिक उरांव आदिवासियों के मसीहा थे। वे एक सफल राजनेता अभियंता के साथ-साथ झारखंड आंदोलन के सूत्रधार के रूप में अग्रणी भूमिका निभाये थे।

## सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 72 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए। सभी ने वंदे मातरम, भारत माता की जय का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 50 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं चेकअप कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में कई क्षेत्रों से लोग यहाँ आकर अपने स्वास्थ्य की जांच एवं इलाज करवा कर स्वास्थ्य हो रहे हैं,जरूरतमंदों एवं असहयों की सेवा करना ही हम सभी का पहला धर्म है। डॉ कुमुद ने कहा की लोगों का यहां स्वास्थ का चेकअप करना हमें काफी संतोष होता है,जरूरतमंदों की हर क्षेत्र में सेवा करनी हीं चाहिए?। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सचिव जयप्रकाश शर्मा व संजय चौधरी ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में काफी लोग अपना एवं अपने परिवार का चेकअप करा कर संतुष्ट हैं,और साथ ही यह भी कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है। आज लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉक्टर से चेकअप कराते हुए परामर्श भी लिए। आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, जयप्रकाश शर्मा, अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, सुबोध महतो, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, अतुल सर्राफ, हेमंत वर्मा, जुबेर अहमद, चिंतामणि, ओमप्रकाश कास्यंकार,अमना खातून, कलीम अंसारी, गंगोत्री देवी, आशा देवी, शिमला देवी, संजय प्रसाद, प्रियंका देवी, सागर मंडल, देवंती देवी, शशिकांत महतो, प्रभु दयाल साहू, प्रमोद प्रजापति, गंगा प्रसाद, मीणा कश्यप, अंजू देवी, अंजली सर्राफ, रामचंद्र गोरी, कुमुद महतो, सुधांशु मिश्रा, छगन प्रकाश, रमेश राय, रमेश शर्मा, रंजना मिश्रा, विकास अग्रवाल, अजय अग्रवाल, उदय कास्यंकार, अनूप महतो, किशोर अग्रवाल, केदार महतो आदि थे।

पोगलोया में अमर शहीद अनिल तोपनो के शहादत दिवस पर हॉकी प्रतियोगिता का हुआ फाइनल मैच

# खेल में अनुशासन जरूरी, खेल के क्षेत्र में लगातार रोजगार के बन रहे हैं साधन : सन्देश एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** प्रखंड के पोगलोया गांव में रविवार को अमर शहीद अनिल तोपनो के शहादत दिवस के मौके पर हॉकी प्रतियोगिता का समापन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता का फाइनल मैच दुलमी बनाम हरापानी के बीच आयोजित की गई जहां पर शानदार प्रदर्शन करते हुए हर्रापानी की टीम ने 2-1 से जीत दर्ज की। इधर खेल की शुरुआत मुख्य अतिथि झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का, जिला अध्यक्ष मतीयस बागे रितु नायक रवि बड़ाईक, ध्यानचंद टोपनो प्रखंड अध्यक्ष मलाली डांग , के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त करते हुए किया गया। इस मौके पर विजेता टीम को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में अनुशासन बहुत ही जरूरी है, क्योंकि वर्तमान समय में खेल में रोजगार के बहुत अवसर है। उन्होंने सभी लोगों को टीम भावना के साथ खेलते हुए अपने क्षेत्र और अपने जिले के साथ-साथ देश का नाम रोशन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में राजधानी रांची में एशियाई महिला हॉकी चैंपियनशिप चल रहा है, जिसमें झारखंड की चार बेटियां शामिल है यह पूरे झारखंड के लिए गर्व की बात है। इसी प्रकार आप पुरुष वर्ग भी बेहतर खेलते हुए भारतीय हॉकी टीम में शामिल होकर ओलंपिक तक का सफर तय करें झारखंड पार्टी इसके लिए हर संभव मदद करेगी। इस मौके पर खेल समिति के अध्यक्ष मलाली डांग, उपाध्यक्ष गुलशन बुढ़, सचिव विश्राम बुढ़, उपसचिव सलन तोपनो कोषाध्यक्ष सुरसेन सुरिन सहित खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# आदिवासी त्योहारों एवं परंपराओं में जतरा का विशेष महत्व : डॉ. रामेश्वर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को माननीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार लोहरदगा प्रखंड स्थित ग्राम हिरही पहुंच स्वर्गीय कार्तिक उरांव जयंती हिरही जतरा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए स्थानीय ग्रामीणों द्वारा माननीय मंत्री का स्वागत आदिवासी संस्कृति रितिरिवाज ढोल नगाड़ा के साथ स्वागत किया गया। मौके पार माननीय मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि आदिवासी त्योहारों एवं परम्पराओं में जतरा का विशेष महत्व है ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न अवसर पर जतरा का आयोजन किया जाता है इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आदिवासी भाई बहन जतरा स्थल पर मिलते हैं और पर्व के रूप में मनाते हैं इससे सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक एवं भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। हमे अपने पूर्वजों की देन को परिरक्षण करना चाहिए। स्वर्गीय कार्तिक उरांव एक ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने आदिवासी समाज के उत्थान एवं विकास के लिए अनेकों कार्य किया और देश भर में एक नई पहचान दिलाने का कार्य किया वे सम्पूर्ण समाज के मार्गदर्शक थे,उन्हें उनकी कर्तवयनिष्ठता के बदौलत पंखराज की उपाधि से नवाजा गया उनके जीवन और और आदर्शो को हमे अपनाना चाहिए। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी सकील अहमद, जलेश्वर उरांव, चमरा उरांव, युवा जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, महासचिव असलम अंसारी, ऐनुल अंसारी, सुशील उरांव, नारायण उरांव, कुलदीप खाखा, संजू तुरी, फूलदेव उरांव, बुद्धिमान उरांव, बुधन उरांव, बजिया उरांव, मंजू उरांव, रमिया उरांव, नीलम उरांव, प्रवीण केरकेट्टा आदि उपस्थित थे।

## नेत्र शिविर में 63 मरीज का मोतियाबिंद का हुआ ऑपरेशन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को बनवासी कल्याण केंद्र एवं जिला अध्यापन नियंत्रण समिति लोहरदगा के तत्वाधान में बिरसा नेत्रालय में 63 मरीज का मोतियाबिंद का ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण नेत्र सर्जन डॉक्टर दीपक लकड़ा के टीम द्वारा निशुल्क किया गया। इस शिविर में कल जांच 80 मरीज का किया गया ऑपरेशन लेंस दवा काला चश्मा निशुल्क दिया गया। इस अवसर पर डॉक्टर नंद प्रसाद सिंह, नेत्र सहायक राहुल, निशा, रितु, रानी, बसंती देवी, रंजीत उरांव, रंथू राम ने सहयोग किया व्यवस्थापक ब्रजमानी पाठक उपस्थित थे।

## 30 वां खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह की तैयारियां बगडू में जोरों पर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 30 वां खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह को लेकर बगडू हिल बॉक्साइट माइन्स खनन क्षेत्र में तैयारियां जोरों पर है। खान पर्यावरण एवं संरक्षण सप्ताह को लेकर खान प्रबंधक राजकुमार सिन्हा की अगुवाई में एक कमेटी का भी गठन किया गया है। खान प्रबंधक राजकुमार सिंह ने कहा है की तीसरा खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह की तैयारी पूर्ण हो चुकी है पर्यावरण संरक्षण खनिज एवं पर्यावरण के संरक्षण के लिए जन जागरूकता अभियान चलाई जा रही है,ताकि खनन कर्मियों में जागरूकता बढ़े। साथ ही साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर तथा पौधरोपण के प्रति लोगों को प्रेरित कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष राजकुमार सिन्हा, गौरीशंकर प्रसाद को सचिव, सुनील चौधरी, गिरिराज चित्तौड़ा व बुधुवा उरांव को संयुक्त सचिव, अभिनव ठाकुर को परिवहन व्यवस्था, प्रचार प्रसार के लिए भास्कर सिन्हा एवं रानी कुमारी, पूरे कार्यक्रम के लिए कॉर्डिनेटर के प्रभार के रूप में राज कुमार सिन्हा व गौरीशंकर प्रसाद होंगे। कार्यकारिणी में अनिल सिंह, ओम प्रकाश वर्मा, अरविंद सिंह, प्रयत्न बड़ा पंडा, अबीर चक्र वर्ती, अजय कुमार ठाकुर, अभिनित कुमार, अंबर सिंह, फिरोज अंसारी, रूपक दूबे आदि शामिल हैं।

## नाच गाना हमारी संस्कृति, इसे बचाना हमारी जिम्मेदारी : विमला प्रधान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुरडेग :** प्रखंड के चापाबारी में दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर पूजा समापन होने पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया आयोजन में भक्ति गीत ठेठ नागपुरी एवं मांदर की थाप पर लोग झूमते रहे। मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री व एचपीसीएल के स्वतंत्र निदेशक बिमला प्रधान ने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन करते हुए क्षेत्र वासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा की पुरखों से नाचना गाना हमारी संस्कृति रही है इस संस्कृति को बचाना नई जनरेशन को इस बारे में अवगत कराना हम सब की जिम्मेवारी है, चापाबारी में हर वर्ष दुर्गा पूजा के उपरांत मेला लगता है जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होता है यहां हजारों लोग सुदूरवर्ती क्षेत्र से शिरकत करते हैं हम सभी का सौभाग्य है कि हम एक जगह एक दूसरे से मिलते हैं जिससे लोगों में अपनापन का रिश्ता प्रकार होता है लोग एक दूसरे से मिलते हैं एक दूसरे का कुशल पूछते हैं इसमें आपसी रिश्तों में एक अलग मिठास आती है और यही हमारी संस्कृति भी है। आज धर्म एवं समाज पर लगातार अतिक्रमण किया जा रहा है इसलिए हम सबों को जागरूक रहना होगा संस्कृत के साथ-साथ अपने धर्म को भी बचाना हम सबों का कर्तव्य है।

# आयोजकों द्वारा मेला स्थल का किया गया साफ सफाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहारदगा :** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत बक्सीडीपा में विजयादशमी के अवसर पर आयोजित मेला के दौरान हुए कचरे का साफ सफाई किया गया। बीते मंगलवार को विजयादशमी के दिन बक्सीडीपा में आयोजित दशहरा मेला मैदान में कूड़ा कचरा से मेल स्थल पर गंदगी हो गया था। जिसे केंद्रीय दुर्गा पूजा के अध्यक्ष संतोष लकड़ा उर्फ इंद्रजीत लकड़ा के नेतृत्व में साफ सफाई किया गया। वही सफाई का कार्य कर केंद्रीय दुर्गा पूजा कमिटी और मेल कमिटी द्वारा सफाई कार्य करना सराहनीय पहल है। साथ ही आम जनों को सफाई का संदेश दिया गया। मौके पर सचिन सिंघानिया, सत्यम कुमार, मिथुन तमेड़ा, चंदन कुमार, अशोक कांस्यकार, अभिजीत कुमार सहित अन्य शामिल थे।

## जन समस्यायों का समाधान के लिए ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत केरेया पंचायत के कुडपानी गांव में हुआ बैठक



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत केरेया पंचायत के कुडपानी गांव में जन समस्या का समाधान के लिए बैठक किया गया जिसमें माननीय विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के निर्देसानुसार जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा उपस्थित हुए। साथ ही गांव वालो ने अपनी अपनी समस्या को आवगात कराया। जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने अपने संबोधन में कहा की आप लोगो का हर समस्या को जल्द से जल्द खत्म किया जायगा और गांव में विकास का कार्य अभी चालु किया जा रहा है आपलोगो ने क्षेत्र की समस्या का समाधान कराने के लिए जिसे विधायक बनाया था वह क्षेत्र में विकास का कार्य को तेजी से करवा रहे हैं केरेया पंचायत के जितने भी कालीकरण सड़क है उन सबका रिपेयरिंग किया जायगा जिसका अनुसंशा हमारे माननीय विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी द्वारा किया गया है विधायक अपने स्तर से जितना भी समस्या है उसका समाधान करते आया है। आप लोग जिस उम्मीद और भरोसा के साथ विधायक को जिताए थे उसी उम्मीद और भरोसा के साथ क्षेत्र का काम किया जा रहा है उन्होने आगे कहा की और भी केरेया पंचायत के कोई और समस्या है तो उसे बताए ताकि उसका भी समाधान किया जा सके। कार्यक्रम पर मौजूद प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम ठेठाईटांगर प्रमुख विपिन पंकज मिंज मुखिया खिरिसदानी लकड़ा, अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव जमीर अहमद, जमीर हसन, मोहम्मद वहीद, बर्नाड केरकेट्टा, लाजरूश बागे, भूषण लकड़ा, आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

# हिंडाल्को अगर हमारी मांगे पूरी नहीं करता है तो होगा अनिश्चितकाल हड़ताल : एसोसिएशन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को 11:00 बजे लोहरदगा बिजली ऑफिस के समीप झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन, विमरला एवं लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से विमरला माइंस में आ रही परेशानियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। चर्चा के दौरान सभी ट्रक मालिकों ने कहा की कंपनी एग्रीमेंट के मुताबिक महीने में 12 ट्रिप नहीं दे रही है, 12 की जगह महीने में 6 -7 ट्रिप ही मिल पा रहे हैं, जिसके कारण ट्रक चलाना मुश्किल हो गया है। इसके अलावा पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है, सड़क की स्थिति भी खराब है। इन सब मांगों को लेकर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को हिंडाल्को कंपनी के महाप्रबंधक एवं खान उपाध्यक्ष से मिलकर मांग पत्र सौंपेंगे और एक सप्ताह के अंदर स्थिति में सुधार नहीं होने पर विमरला माइंस में चलने वाले सभी ट्रक अनिश्चितकालीन बंदी में चले जाएंगे। क्योंकि कंपनी के अधिकारियों के द्वारा परसों एसोसिएशन से कहा गया था कि पाँच से सात दिनों के अंदर स्थिति में सुधार कर दिया जाएगा, इसलिए एसोसिएशन ने तय किया है कि एक सप्ताह की स्थिति देखने के बाद अगर सुधार नहीं होता है तो विमरला माइंस में चलने वाले सभी ट्रक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। आज की बैठक में मुख्य रूप से लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन, विमरला के अध्यक्ष विनोद राम बिन्नू, उपाध्यक्ष विनोद सिंह, अभय सिंह, मोहम्मद आफताब आलम गुड्डू, शशिकांत दास, अजमल कुरैशी, शंकर उरांव, विनोद उरांव, मोहम्मद अमानुल्लाह, संजीव शर्मा, राजेश शर्मा, संजय साहू, परमानंद कुमार, मोती सिंह, पवन कुमार साहू, प्रकाश उराँव, एन कुजूर, तोहिद कुरैशी, तारकेश्वर महतो, शंकर प्रजापति, रामायण प्रजापति, मनोज साहू, मोहम्मद इनामुल, वीरेंद्र महतो, साकेत कुमार, अनिसुर रहमान, शमशाद अंसारी, सैयद अंसारी, मुनव्वर आलम, कैलाश उरांव, संतोष कुमार, हबीबुल्लाह अंसारी, मोहम्मद गुड्डु, राजू खान, मनोज गुप्ता, रमेश उरांव सहित सैकड़ो ऑनर उपस्थित थे।

# रौतिया जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग को लेकर हजारों की संख्या में समाज के लोग जुटे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद द्वारा गांधी मैदान में महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माला पहना कर एवं नमन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। गांधी मैदान से रौतिया समाज के पदाधिकारियों एवं हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर जुलूस निकालते हुवे एवं पूरे रास्ते भर में रौतिया समाज को अनुसूचित जनजाति में शामिल करो, केंद्र सरकार, राज्य सरकार होश में आओ, रौतिया जाति का शोषण करना बंद करो आदि नारे लगाते हुवे नीचे बाजार, महावीर चौक होते हुवे अलबर्ट एक्का स्टेडियम पहुंचे। अलबर्ट एक्का स्टेडियम पहुंच कर सर्वप्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद बख्तर साय, मुण्डल सिंह के समक्ष अतिथियों द्वारा दिप प्रज्वलित कर एवं पुष्पार्चन कर विधिवत कार्यक्रम की शुरुआत की गई। पोगलोया की महिला समूह द्वारा स्वगात गान एवं अतिथियों का शोल ओढा कर सम्मानित किया गया साथ ही अतिथियों को फूल गुच्छ एवं बैच पहना कर भी सभी का स्वागत किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष लालदेव सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम में हमसभी को यह संकल्प लेने की जरूरत है कि जब तक रौतिया जाति के सभी अधिकार नहीं मिल जाती है तब इस प्रकार के आंदोलन जारी रखना है। उन्होंने कहा की रौतिया जाति के लोग अनुसूचित जनजाति में शामिल होने की सभी नियमों को पूरा करते हैं साथ ही सभी प्रकिया में भी खरा उतरते हैं लेकिन अभी तक रौतिया जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल नहीं किया गया है जो अत्यंत दुःखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन हम सभी ने भी ठाना है जब तक हमें यह अधिकार नहीं मिल जाती है तब तक तक लगातार संघर्ष करेंगे। उन्होंने सभी समाज के लोगों से अनुरोध करते हुवे कहा कि हमें एकजुट होने की जरूरत है साथ ही शिक्षा को भी और बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जब तक एक एक व्यक्ति मजबूत नहीं होगा तक तक समाज का विकास नहीं हो पाएगा। इसलिए सभी को आगे आकर समाज के हर गतिविधियां एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आगे आकर कार्य करना है। प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह ने कहा कि निश्चित रूप से आपलोगों ने सकंल्प पद यात्रा सह रौतिया महासम्मेलन पर एक आवाज में हजारों संख्या में आकर तन, मन, धन से सहयोग किये।

## सिमडेगा से भाजपा कार्यकर्ता अमृत कलश लेकर हुए दिल्ली रवाना



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के निमित्त झारखंड सहित जिले भर में संग्रह की गई मिट्टी को अमृत कलश में भरकर जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक के नेतृत्व में सिमडेगा जिला के भाजपा कार्यकर्ता दिल्ली रवाना हुए, रांची रेलवे स्टेशन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा रांची सांसद संजय सेठ विधायक सीपी सिंह समरीलाल नवीन जायसवाल राज्यसभा सांसद आदित्य साहू सहित दर्जनों प्रदेश स्तरीय नेताओं ने झंडा दिखाकर कार्यकर्ताओं को स्पेशल ट्रेन से दिल्ली रवाना किया। गौरतलब है कि अमृत कलश में भरकर ले जाएगी मिट्टी को शहीद सैनिकों के सम्मान में कर्तव्य पथ में बन रहे अमृत वाटिका में समर्पित की जाएगी साथ ही देश भर से आए हुए स्वयंसेवकों को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे। इसे लेकर कार्यकर्ताओं भारी उत्साह है।




### चलते चलते एक नजर

## मन की बात कार्यक्रम आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है : मुख्यमंत्री धामी



**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को ब्रह्मपुरी, पटेलनगर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 106 वां संस्करण सुना। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम सभी को अपने कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के अभी तक के 09 साल के कार्यकाल में देश ने हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति की है। गरीबों और वंचितों को केन्द्र में रखते हुए उनके कार्यकाल में अनेक कार्य किये गये हैं। गरीबों के जन-धन खाते खोलने, गरीबों के लिए आवास निर्माण, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, हर घर नल और घर घर जल योजना, शौचालयों के निर्माण, स्वच्छता से संबंधित अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। शिक्षा और महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक कार्य हुए हैं। समाज के हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं आगे बढ़ायी जा रही हैं।मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए त्योहारों के सीजन में स्थानीय उत्पादों को जरूर खरीदें। वोकल फॉर लोकल की दिशा में आगे बढ़ने के लिए सबको प्रयास करने होंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि सरकार की ओर से चलाई जा रही सभी योजनाओं का समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक पूरा लाभ मिले। इसके लिए विभिन्न माध्यमों से योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। प्रदेश में रोजगार और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य के युवाओं को रोजगार के लगातार अवसर मिल सके, इसके लिए ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया जा रहा है। अब तक लगभग 65 हजार करोड़ रुपये के एमओयू हो चुके हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रह्मपुरी पटेलनगर क्षेत्र में जीजीआईसी ब्रह्मपुरी की बिल्डिंग, अम्बेडकर भवन एवं स्वास्थ्य केन्द्र के लिए आंकलन कर आगे की कार्यवायी की जायेगी। इस मौके पर विधायक विनोद चमोली, मेयर सुनील उनियाल गामा, रेशम फेडरेशन बोर्ड के अध्यक्ष अजीत सिंह, अध्यक्ष कृषि उत्पादन एवं विपणन बोर्ड (मंडी) अनिल डब्बू, पार्षद सतीश कश्यप और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# इजराइल के कई शहरों में दागे गए रॉकेट, बजे सायरन

एजेंसी

**तेल अवीव/यरुशलम :** इजराइल की थल सेना की उत्तरी गाजा में हमास के ठिकानों पर कहर बरपाने की तीखी प्रतिक्रिया हुई है। आज मध्य इजराइल को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ रॉकेट दागे गए। इस दौरान तेल अवीव, हर्जलिया और रानाना सहित कई शहरों में खतरे के सायरन बजने लगे। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स में इस पर चर्चा की गई है। कुछ में कहा गया है कि इजराइल डिफेंस फोर्सेज के गाजा में



जमीनी हमला तेज करने के बाद मध्य और दक्षिणी इजराइल को लक्ष्य कर रॉकेट दागे गए। फिलहाल इससे अभी तक किसी भी तरह की मानवीय क्षति की जानकारी नहीं है। अलबत्ता आसमान पर गरजते रॉकेट देख लाखों लोग सुरक्षित आश्रय स्थलों की ओर भागते दिखाई दिए। इस बीच आईडीएफ ने फिर कहा है कि उसकी थल सेना ने उत्तरी गाजा में हमास के ठिकानों पर हमला तेज कर दिया है। यह युद्धक्षेत्र है। इसलिए यहां के लोग फौरन इस क्षेत्र को खाली कर अन्यत्र चले जाएं। इसके अलावा हवाई हमला भी साथ-साथ चल रहा है। उधर, यह रॉकेट हमास ने दागे हैं या हिजबुल्लाह ने या अन्य आतंकी संगठन ने, इस बारे में अभी तक मीडिया रिपोर्ट्स में इसका कोई जिक्र नहीं किया गया है।

## अमृत वाटिका को अमरता प्रदान करेगी गांव-गांव की पवित्र मिट्टी : बाबूलाल मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : रांची रेलवे स्टेशन का वातावरण भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। मौका था गांव-गांव से अमृत कलश में संग्रहित पवित्र मिट्टी का नई दिल्ली के लिए रवाना होना। स्पेशल ट्रेन से रविवार को सभी प्रखंडों से लाए गए 312 कलश को भाजपा के नेताओं ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर विदा किया। हाथ में तिरंगा लिए गाजे-बाजे के साथ 641 स्वयंसेवक नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। इनमें प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, समरी लाल शामिल रहे। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भारत की आजादी के अमृत वर्ष में नई दिल्ली में बनने वाले अमृत वाटिका का निर्माण भारत की राष्ट्रीय एकात्मता को मजबूती प्रदान करेगी। भारत के गांव-गांव की मिट्टी अमृत वाटिका को अमरता प्रदान करेगी। उन्होंने कलश लेकर नई दिल्ली जाने वाले पार्टी के सभी जिलाध्यक्षों एवं सभी प्रखंडों के कार्यकर्ताओं को बधाई दी।केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज भारत दुनिया का मार्गदर्शन कर रहा। अमृत काल आत्मनिर्भर भारत का काल है। यह एक भारत-श्रेष्ठ भारत का काल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर गांव-गांव से संग्रहित पवित्र मिट्टी, शहीदों की धरती की मिट्टी एक भारत श्रेष्ठ भारत की खुशबू बिखेरेगी।

## डीसी ने 24 विदेशी शराब दुकानों के खिलाफ कार्रवाई का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा एवं सहायक आयुक्त उत्पाद, रांची के निर्देशानुसार खुदरा उत्पाद दुकानों में मूल्य दर से अधिक मूल्य पर (मदिरा) बिक्री संबंधी शिकायतों पर कार्रवाई की गई। राँची जिलान्तर्गत खुदरा उत्पाद दुकानों में कार्यरत विक्रेताओं के विरूद्ध मूल्य दर से अधिक पर मदिरा की बिक्री की शिकायतों पर संबंधित अंचल अवर निरीक्षक उत्पाद,क्षेत्रीय निरीक्षक उत्पाद से जाँच करवाने के क्रम में खुदरा उत्पाद दुकानों के विक्रेताओं के विरूद्ध त्वरित कार्रवाई करते हुये झारखंड उत्पाद (झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लि0 के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन) नियमावली 2022 के नियम 24 (2) में वर्णित है कि दुकान पर्यवेक्षक, दुकान प्रभारी, दुकान सहायक एवं सुरक्षा गार्ड का कार्य संतोषप्रद नहीं होने पर जिला के सहायक आयुक्त उत्पाद,अधीक्षक उत्पाद वैसे कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई के लिये झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड को अनुशंसा भेजेंगे। जिला के सहायक आयुक्त उत्पाद /अधीक्षक उत्पाद से प्राप्त अनशंसा के आधार पर झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड अवश्य संज्ञान लेगा तथा प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। इसके तहत दोषी पाये गये दुकान में कार्यरत विक्रेताओं को हटाकर संबंधित दुकानों में दुसरे कर्मीयों की प्रतिनियुक्ति की गई है। आपको जानकारी हो की कुछ खुदरा उत्पाद दुकानों पर मदिरा की बिक्री मूल्य दर पर सुनिश्चित कराने हेतु टेस्ट परचेज भी लगातार करवायी जा रही है।

### सुरों से सजी महफिल से दिया गया साझी संस्कृति का पैगाम

## सांस्कृतिक कार्यक्रम आपसी एकता को मजबूत करता है : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : पलामू के सरजमीं से साझी संस्कृति को बिगाड़ने व सरकार को बदनाम करने के नियत से जहां नफरत फैलाया जा रहा है, वहीं सतबरवा में गंगा-जमुनी तहजीब के जरिए मुहब्बत का पैगाम दिया जा रहा है। नवरात्र, दुर्गापूजा व दशहरा को मिलाकर महीनों की थकान को दूर करने के ख्याल से शरद पूर्णिमा को सतबरवा में जय मां काली संघ द्वारा भक्ति जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि थानेदार अमित कुमार सोनी ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और सफल आयोजन को लेकर संघ के लोगों को शुभकामनाएं दी। वहीं बतौर मुख्य



वक्ता, शिक्षाविद सह झामुमो के युवा नेता अविनाश देव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को लोकार्पित किया। इस मौके पर कमिटी के अध्यक्ष मेघराज जी फूलमाला देकर आगन्तुक अतिथियों का अभिनंदन स्वागत किया। श्रोताओं को संबोधित करते अविनाश देव ने कहा कि मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना। सांस्कृतिक कार्यक्रम आपसी एकता को कच्चे धागे में मजबूत रिश्ता पिरोता है।

भक्ति जागरण सनातन संस्कृति का हो और संचालन मुस्लिम शिक्षक करे तो निश्चित ही विविधता में एकता व आपसी भाईचारा का यह प्रतीक है। आफताब आलम, जिन्हें इलाके में छोटे गुरुजी के नाम से ख्याति अर्जित है, पूरे भक्ति जागरण में मंच संचालन द्वारा बड़े ही शिद्दत से समां बांधे रखा। रसखान, अब्दुल रहीम खानखाना, नानक, कबीर, मीरा आदि ने हिंदुस्तान को हिंसा उन्माद व नफरत से अलग हिंदू-मुस्लिम एकता, अखंडता व प्रेम को परवान चढ़ने हेतु बनाये रखा। नफ़रत को मिटा मोहब्बत को गले लगाना है, इंसानियत को जिंदा रखने के लिए मजबूत भारत बनाना है। सांस्कृतिक संध्या में उमड़े जनसैलाब ने मनोरंजन का लाजवाब लुत्फ उठाया और देव जी के संबोधन का जोरदार करतल ध्वनि से हौसला अफजाई की।

## पर्यावरणविद कौशल ने महायज्ञ में आये लोगों के बीच किया पौधा का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगरी के पाल्हे जतपुरा गांव में आयोजित श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ में सपरिवार पहुंचकर परमपूज्य श्री लक्ष्मीप्रापन्नचार्य जी महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल उनकी धर्मपत्नी व पंचायत डाली बाजार की मुखिया, पूनम जायसवाल, पुत्र छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, शिल्पा जायसवाल,प्रो अरुण कुमार जायसवाल, कोमल जायसवाल एवं सभी बच्चों के साथ यज्ञशाला का पंचकर्मा कर पूजा अर्चना की। पर्यावरणविद ने कई राज्यों से महायज्ञ में पहुंचे श्रद्धालुओं को थाईलैंड का बारहमासी आम,



हिमाचल का कपूर, कर्नाटक का चंदन और नेपाल का रुद्राक्ष का पौधा देते हुए कहा कि यज्ञ के प्रसाद खाने से लोगों एवं उनके परिजनों का तन- मन शुद्ध हो जाता है। लेकिन उनका पौधा रूपी प्रसाद को लगाने से आने वाली पीढ़ी स्वस्थ व सुरक्षित हो जाएंगे। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जिस तरह देश के बड़े संत - महात्मा जनकल्याण व धर्म प्रचार के लिए यज्ञ कराते हैं। उसी प्रकार हमें प्रत्येक वर्ष जरूरतमंद जगहों पर बड़ा आयोजन कर पौधरोपण करना होगा। तभी हमें प्रदूषण नामक शत्रु से मुक्ति मिलेगी। वहीं यज्ञ में हवन के लिए हमें लकड़ी मिल पाएगी। हवन कुंड से निकली धुंआ से न कई बीमारियों व विषाक्त जीवाणुओं से मुक्ति मिलती है। बल्कि प्रदूषण से भी निजात मिलता है। हमलोगों को हर क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष पौधा लगाना और यज्ञ करना जीवन शैली में शामिल करना चाहिए।हवन में आम की लड़कियां धी,जई ,तील,गुड, चावल, धूप, कवलकटा, गुगुल ,पंचमेवा इत्यादि के जलने से जो धुंआ निकलती है उससे प्रदूषण मुक्ति के साथ आकाश का ओजोन परत को भी मजबूत करता है। जिस से धरती पर पड़ने वाले सूरज की प्रकाश छन कर आता है कई तरह की महामारी रोका जाता है।उन्होंने कहा कि यज्ञ की धुंआ और पौधा लगाने से प्रदूषण से मुक्ति मिलती है। पहले के राजा महाराजा संत महात्मा के माध्यम से यज्ञ करवाते थे,और बगीचा लगाते थे। इस अवसर पर डॉ शशिकांत शुक्ला, मुखिया अजय गुप्ता,आशीष कुमार चौबे, सिद्धार्थ शुक्ला, सुदामा प्रजापति, मनोहर प्रजापति, विनीत शुक्ला, पुष्कर शुक्ला,अनुराग चौबे,पोती आराध्या कुमारी, अशिविका कुमारी,आद्रिका कुमारी, अनुषा कुमारी, सत्य सिंह,मालदेव चंद्रवंशी, विकास सिंह आदि उपस्थित थे।

## संकल्प यात्रा की ऐतिहासिक सफलता से झामुमो हताश और निराश : प्रदीप वर्मा

**रांची**: भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने रविवार को झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने सुप्रियो भट्टाचार्य को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि झामुमो भाजपा प्रदेश बाबूलाल मरांडी की 81विधानसभा क्षेत्रों में संपन्न ऐतिहासिक संकल्प यात्रा से हताश और निराश है। अपनी खिसकते जनाधार से झामुमो परेशान है। जनता में हेमंत सरकार की लूट, झूठ, भ्रष्टाचार, ध्वस्त विधि व्यवस्था, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न पूरी तरह उजागर हो चुका है। नाम बदलकर आदिवासियों की जमीन लूटने वाले को परेशान होना स्वाभाविक है। तुष्टिकरण से प्रदेश को अराजकता में झोंकने वाले परेशान होंगे ही। उन्होंने कहा कि जल,जंगल जमीन को किसने लूटा यह जनता को पता लग गया है। गरीबों के अनाज किसने लूटे जनता जान चुकी है।

## अपराध कर रहा है एनडीए : अशोक गहलोत

एजेंसी

**जयपुर :** चुनावी राज्य राजस्थान में हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी को लेकर कांग्रेस ने केंद्र पर निशाना साधा है. केंद्र सरकार पर हमला करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि एनडीए सरकार अपराध कर रही है और देश उन्हें कभी माफ नहीं करेगा.चुनाव चल रहा है, ईडी पार्टी नेताओं के घरों पर दिखाई देती रहती है, उन्हें (विपक्षी नेताओं को) दिन भर व्यस्त रखती है. भाजपा के लोग खुलेआम चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि कांग्रेस नेताओं को नोटिस भेजे जा रहे हैं.राजस्थान सीएम ने आरोप लगाते हुए कहा,भले ही वे (बीजेपी) सभी 5 राज्यों में चुनाव हार जाएं, यह आश्चर्य की बात नहीं होगी.ईडी ने अभी भी यह नहीं बताया है कि वे इन राजनीतिक नेताओं पर छापे क्यों मार रहे हैं और उन्हें अब तक क्या मिला है.केवल बीजेपी ही बात कर रही है, वे ईडी के प्रवक्ता बन गए हैं.ईडी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जयपुर और सीकर स्थित आवासों पर छापेमारी की. इसके अतिरिक्त, कथित तौर पर डोटासरा से जुड़े एक कोचिंग सेंटर की भी तलाशी ली गई.ईडी ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) मामले में पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को भी तलब किया है. मल्लिकार्जुन खरगे ने एएनआई से कहा,वे (बीजेपी) गहलोत का चुनाव खराब करना चाहते हैं और कांग्रेस नेता का मनोबल गिराना और डराना चाहते हैं, वे ऐसा हमेशा करते हैं. हम डरेंगे नहीं, हम मजबूती से लड़ेंगे और इसका सामना करेंगे. वे जो भी कर रहे हैं वह सही



नहीं है.हम 50 साल से राजनीति में हैं, लेकिन चुनाव के समय ईडी और आईटी की छापेमारी कभी नहीं हुई. लेकिन आज वे सीएम को डराने के लिए ऐसा कर रहे हैं. एक दिन उन्हें भी भुगतना पड़ेगा.कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने राजस्थान में केंद्र सरकार की एजेंसियों द्वारा की गई छापेमारी पर कहा कि भाजपा राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले असुरक्षित महसूस कर रही है. पायलट ने तथ्यात्मक सबूतों के बिना विशेष रूप से कांग्रेस नेताओं को निशाना बनाने के लिए भाजपा की आलोचना की और उन पर चुनाव परिणाम को प्रभावित करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग करने का प्रयास करने का आरोप लगाया. राजस्थान विधानसभा की सभी 200 सीटों के लिए 25 नवंबर को मतदान होगा और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी.

## मांडर के ऐतिहासिक मुड़मा जतरा मेले में शिरकत करेंगे बाबूलाल मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** राजधानी से 35 किलोमीटर दूर मांडर में ऐतिहासिक मुड़मा जतरा मेले की तैयारी अंतिम चरण में है। आयोजन समिति से जुड़े लोगों का कहना है कि रविवार शाम तक सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी। धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने कहा कि मेला का उद्घाटन 30 अक्टूबर को होगा। इसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शिरकत करेंगे। इस बार विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन भी चौकस है। कहीं कोई अप्रिय घटना न हो, इससे निपटने के लिए मेले में ड्रोन कैमरा से निगहबानी होगी। साथ ही सीसीटीवी से भी निगरानी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि दुनियाभर में फैले आदिवासी समुदाय इन 40 पड़हा के अंतर्गत ही आते हैं। हर पड़हा में कई गांव समाहित होते हैं। मान्यता है कि दुनिया के किसी भी कोने में रहने वाला आदिवासी समुदाय का व्यक्ति इस दिन मां शक्ति की आराधना के लिए मुड़मा में एकत्रित होते हैं।

## संघ के स्थापना दिवस पर हुआ शस्त्र पूजन

एजेंसी

**जम्मू :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जम्मू महानगर की प्रकाश नगर इकाई द्वारा रविवार को संघ स्थापना दिवस के उपलक्ष में शस्त्र पूजन और संचलन का आयोजन किया गया। यह संचलन महाराणा प्रताप शाखा तोप से प्रारम्भ हो कर सुभाष नगर, रेहाड़ी, सरवाल, विकास नगर, पटोली से होती हुए वापिस तोप जा कर संपन्न हुआ। इस संचालन में 12 साल से लेकर 85 साल तक के स्वयसेवकों ने भाग लिया। कई परिवारों की तीन पड़िया भी उपस्थिति रही। संचालन के पूरे रास्ते में लोग सड़क के किनारे खड़े होकर स्वागत कर रहे थे। संचालन से पहले प्रांत कार्यवाह डॉ विक्रांत ने नगर के सभी कार्यकर्ताओं की ओर से कार्यक्रम स्थल पर रखे गए शस्त्रों का पूजन किया। इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने किस प्रकार देश की उस समय की परिस्थिति में समाज में उठ खड़े होने की प्रेरणा जगाने के लिए विजयदशमी के दिन 1925 में नागपूर में संघ की स्थापना की थी। शुरू में संघ केवल शाखा तक ही सीमित था लेकिन आज समाज के हर कोने तक संघ की पहचान बन रही है। संघ स्त्रव व्यापी और स्त्रव स्पर्शी बन रहा है। कुछ लोग कहते है के संघ में महिलाओं की भागीदारी नहीं है उनकी जानकारी के लिए राष्ट्र सेविका समिति के काम महिलाओं में ऐसे है जैसे पुरूष के संघ में काम है। आज समाज में काम कर रहे संघ की सभी लोगों में महिलाओं की भागीदारी है। संघ चाहता है कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति स्वयं ही नियमों का पालन करें। संघ का परिवार प्रबोधन विभाग परिवारों को सही राह पर चलने की प्रेरणा देता है।